RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 231
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 29 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




नेशन्स लीगः पुर्तगाल को हराकर स्पेन अंतिम चार में

पेज - 12

चतुर्थ माता कूष्मांडा



ये नवदुर्गा का चौथा स्वरूप है। अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्मांडा पड़ा। ये अनाहत चक्र को नियंत्रित करती हैं।

**मंत्र-देवी सर्वभूतेषु माँ कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता.नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम**

● विस्तृत खबर पेज-11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,598 ▼ | 509.24 |
| निफ्टी | 16,858 ▼ | 148.80 |
| सोना | 49,282 ▼ | 435 /10 gm |
| चांदी | 54,765 ▼ | 1600 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 34.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदला

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदल गया है। आज से इसे शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से जाना जाएगा। इसमें पंचकूला और मोहाली कड्डा नाम नहीं जोड़ा गया है। बुधवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने नामबदली का उद्घाटन किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री वीके सिंह के अलावा पंजाब के सीएम भगवंत मान, हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और अनिल विज के साथ दोनों राज्यों के गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय और बीएल पुरोहित भी मौजूद रहे। नाम बदली के साथ ही एयरपोर्ट के नामकरण को लेकर पंजाब और हरियाणा सरकार के बीच सात साल से चला आ रहा गतिरोध भी पूरी तरह समाप्त होगा।

### तैयब मेहता की कलाकृति 25 करोड़ से अधिक में बिकी

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित आधुनिकतावादी चित्रकार तैयब मेहता की कलाकृति नीलामी आयोजित करने वाली कंपनी अस्तागुरु की आधुनिक खजाना नीलामी के दौरान सबसे अधिक कीमत 25.29 करोड़ रुपये में बिकी है। यह कैनवास पेंटिंग मेहता के प्रसिद्ध डायग्नल सीरीज का हिस्सा है जिसे 1973 में बनाया गया था। छह फुट ऊंची इस कलाकृति की कीमत 21-26 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान लगाया गया था।

### युवक के पेट से 62 स्टील की चम्मचें निकलीं

**मुजफ्फरनगर।** हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां हॉस्पिटल में ऑपरेशन कर एक शख्स के पेट से 62 स्टील की चम्मचें निकाली गई हैं। इतनी सारी चम्मचें युवक ने एक साल में नशा मुक्ति केंद्र में निगली थीं। फिलहाल उसकी हालत गंभीर है और आईसीयू में इलाज चल रहा है। 32 साल का विजय चौहान थाना मंसूरपुर क्षेत्र के बोपाड़ा गांव का रहने वाला है। वह खेती-किसानी करके अपना परिवार चलाता है। वह नशे का भी आदी है। दिन भर शराब के नशे में रहता है। उसकी इसी आदत से घरवाले भी उससे काफी परेशान रहते हैं।

### अंकिता के परिवार को मुआवजा देने पर कुमार विश्वास खफा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंकिता भंडारी के परिजनों को 25 लाख रुपये का सरकारी मुआवजा देने का ऐलान किया है। इस पर कवि और आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता कुमार विश्वास ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि राजनीतिक परिवारों के लड़कों के कुकर्मों के लिए जनता के पैसों से मुआवजा क्यों दिया जा रहा है। आरोपी पुलकित आर्य की संपत्ति नीलाम कर परिवार को मदद देनी चाहिए। कुमार विश्वास ने ट्विटर पर लिखा, 'सत्ता के अहंकार में डूबे उस नीच दुर्योधन के कुकर्मों का मुआवजा टैक्स पेयर के पैसे से क्यों दिया जा रहा है।

# अनिल चौहान देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बने

## जनरल बिपिन रावत के बाद दूसरी हुई नियुक्ति

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने बुधवार को नए सीडीएस की नियुक्ति कर दी है। सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल (रि) अनिल चौहान को अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में नियुक्त किया है। वह भारत सरकार के सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने ये जानकारी दी है।

ले. जनरल (रि) अनिल चौहान की गोरखा राइफल से सेना में एंट्री हुई थी। वह पीओके में बालाकोट स्ट्राइक की प्लानिंग में भी शामिल थे



और पिछले साल ही रिटायर हुए हैं। लगभग 40 वर्षों से अधिक के अपने करियर में लेफ्टिनेंट जनरल (रि) अनिल चौहान ने कई कमांड, स्टाफ और सहायक नियुक्तियां की हैं। जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व भारत में आतंकवाद विरोधी अभियानों में उन्हें व्यापक अनुभव है।

### पूर्व सीडीएस जनरल रावत के निधन के बाद से हो रहा था मंथन

पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत के हवाई दुर्घटना में निधन के बाद नए सीडीएस की नियुक्ति पर मंथन हो रहा था। बुधवार को केंद्र ने इस पर मुहर लगा दी। नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार सेवारत और सेवानिवृत्त, दोनों तरह के सैन्य अधिकारियों के नाम पर विचार कर रही थी। यह पद पिछले साल आठ दिसंबर को देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत की एक हवाई हादसे में मौत हो जाने के बाद से खाली था।

### मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में सीडीएस की हुई थी नियुक्ति

**साल** 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की फिर से सरकार बनने के छह महीने के अंदर नए सीडीएस की नियुक्ति के फैसले को देश के सर्वोच्च सैन्य ढांचे में सबसे बड़ा सुधार बताया गया था। देश की तीनों सेनाओं में समन्वय के लिए पहले सीडीएस के तौर पर जनरल रावत को नियुक्त किया गया था। सीडीएस की नियुक्ति सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के तौर पर होती है, जो वर्तमान में अतिरिक्त सचिव रैंक के तहत काम करता है। सीडीएस एकीकृत डिफेंस स्टाफ का अध्यक्ष भी होता है। सरकार ने सीडीएस को रक्षा कार्यक्रमों में मेक इन इंडिया का प्रभारी भी बनाया है। आठ दिसंबर 2021 को तमिलनाडु में खराब मौसम के चलते वायु सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया था। इस हेलिकॉप्टर में सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत कुल 14 लोग सवार थे। नीलगिरि और तमिलनाडु के बीच कुन्नूर के जंगल में हुई इस दुर्घटना में हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोगों की जान चली गई थी।

# सरकार ने पीएफआई व उससे संबद्ध संगठनों पर लगाया 5 साल का प्रतिबंध

**एजेंसी।** नयी दिल्ली

**सरकार** ने कथित रूप से आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों से संबंध होने के कारण पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) व उससे संबद्ध कई अन्य संगठनों पर कड़े आतंकवाद रोधी कानून के तहत पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

पीएफआई और उसके नेताओं से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। पीएफआई के अलावा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित संगठनों में रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफ), ऑल इंडिया इमाम काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन (एनसीएचआरओ), नेशनल विमेंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्पॉवर इंडिया फाउंडेशन और रिहैब फाउंडेशन (केरल) के नाम शामिल हैं। सोलह साल पुराने संगठन पीएफआई के खिलाफ मंगलवार को सात राज्यों में छापेमारी के बाद 150 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया या गिरफ्तार किया गया। इससे पांच दिन पहले भी देशभर में पीएफआई से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

## आपराधिक रिकॉर्ड वाले कैंडिडेट्स को चुनाव लड़ने से रोकने वाली याचिका पर मांगा जवाब

# एससी ने केंद्र और ईसीआई को जारी किया नोटिस

### 2019 में जीते 45 प्रतिशत सांसदों का क्रिमिनल रिकॉर्ड

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को गंभीर मामलों में आरोपी पाए गए लोगों को चुनाव लड़ने से रोकने के निर्देश पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस हृषिकेश रॉय की बेंच ने मामले पर लॉ एंड जस्टिस मिनिस्ट्री, होम मिनिस्ट्री और इलेक्शन कमीशन से जवाब मांगा है। दरअसल, कोर्ट इस मामले में एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है।

याचिका में कहा गया है, केंद्र ने लॉ कमीशन और कोर्ट के पूर्व में दिए गए उस निर्देश पर अब तक कोई एक्शन नहीं लिया है, जिसमें गंभीर अपराध में आरोपित लोगों पर चुनाव लड़ने से रोकने की सिफारिश की गई है। उन्होंने दावा किया कि विधि आयोग की सिफारिशों और अदालत के पहले के निर्देशों के बावजूद, केंद्र और चुनाव आयोग ने इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया है।

### 13 सालों में 109 बढ़े आपराधिक रिकॉर्ड वाले सांसद



### गंभीर अपराध वाले सांसदों की बढ़ रही संख्या

**याचिका** में कहा गया है कि 2019 में लोकसभा चुनाव के जीतने वाले 539 में से 233 (43 प्रतिशत) लोगों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की पुष्टि की थी। 2009 के बाद से गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या में 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक सांसद ने खुद के खिलाफ 204 आपराधिक मामलों की पुष्टि की है। जिसमें गैर इरादतन हत्या, घरेलू हिंसा, डकैती, आपराधिक धमकी आदि से संबंधित मामले शामिल हैं। एडवोकेट अश्विनी ने इस बात पर चिंता जताई है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों का प्रतिशत और उनके जीतने की संभावना पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है, जो भविष्य में खतरनाक साबित हो सकती है।

### 2018 में उठी थी कानून बदलने की मांग

साल 2018 में ईसीआई ने सुप्रीम कोर्ट में अपने एक एफिडेविट में कहा था कि राजनीति को अपराध मुक्त बनाने के लिए कानून में बदलाव की जरूरत है, जो ईसीआई के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। ईसीआई ने केंद्र के सामने पांच वर्ष की सजा के वाले अपराधियों पर आरोप तय होने के बाद उन्हें चुनाव लड़ने से रोकने की बात कही थी, बशर्ते मामला चुनाव से छह महीने पहले दर्ज किया गया हो। ईसीआई ने अपने एफिडेविट में कमीशन को राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म करने की शक्ति दिए जाने की बात भी कही थी। कमीशन के अनुसार चुनाव को करप्शन और अपराध मुक्त रखने के लिए उन्हें दलों का पंजीकरण खत्म करने के लिए आवश्यक आदेश देने की शक्ति दी जानी चाहिए। ईसीआई ने ये एफिडेविट एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दाखिल किया था। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव अयोग को मामले पर गंभीरता से विचार करने और अपना जवाब देने को कहा था। पर अब तक इस पर कोई एक्शन दोनों की ओर से नहीं लिया गया है।

# हादसा : हरियाणा में तीन सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत

## रेवाड़ी में बस और कार की हुई टक्कर, पांच लोगों की मौत

### नूंह में एक दुघर्टना में तीन तो दूसरी घटना में एक किसान की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी/नूंह

**रेवाड़ी** जिले के दिल्ली-जयपुर राजमार्ग पर बुधवार को एक कार और एक बस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। सलावास मोड़ के निकट हुई दुर्घटना में 11 अन्य लोग भी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दूसरी ओर हाईवे सं-148ए पर हुई अज्ञात क्रेटा ने बाइक पर सवार पति, पत्नी और एक बच्चे को रौंद कर मार डाला। तीसरी एक और घटना में एक किसान को वाहन ने टक्कर मार दी।

रेवाड़ी में हुई दुर्घटना के बारे में बताया कि हरियाणा रोडवेज की बस के घायल यात्रियों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया। पुलिस ने घटना के बारे में बताया कि दिल्ली से जयपुर की तरफ जाते समय कार चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। डिवाइडर से टकराने के बाद कार उछलकर दूसरी सड़क पर पहुंच गई। जहां उसकी बस से भिड़ंत हुई।

एक प्रत्यक्षदर्शी राज कुमार ने कहा, हादसा इतना भीषण था कि कार हवा में उछल गई और यात्रियों से भरी बस टक्कर के बाद पलट गई। दुर्घटना के कारण जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर 40 मिनट तक यातायात जाम हो गया। बस को क्रेन की सहायता से सड़क से हटाने के बाद वाहनों की आवाजाही दोबारा शुरू हो सकी। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान महेश (23), सचिन (25), सोनू (24), कपिल (20), नितेश (21) के रूप में हुई है। सभी पांचों रेवाड़ी जिले के लधुवास गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि घायल बस यात्री दिल्ली, झज्जर और अलवर के हैं।



### यूपी के लखीमपुर खीरी में निजी बस एवं ट्रक की टक्कर में दस लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर क्षेत्र में बुधवार सुबह एक ट्रक और निजी बस के बीच भीषण टक्कर में कम से कम दस लोगों की मौत हो गई तथा 41 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि धौरहरा से यात्रियों को लेकर लखनऊ जा रही एक निजी बस की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 पर ऐरा पुल पर सामने से आ रहे एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई और कम से कम दस लोगों की मौत हो गई। सिंह के अनुसार मृतकों में आठ की पहचान धौरहरा निवासी जितेंद्र (25), कौशल किशोर (58), सुरेंद्र कुमार चौरसिया (35), अजीमुन (55), सगीर (45), मुन्नू मिश्रा (16), आर्य निगम (8) तथा लखनऊ के सरस्वती प्रसाद वर्मा (94) लखनऊ के रूप में हुई है जबकि बाकी दो की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में एक सड़के हादसे में हुई लोगों की मौत पर दुख जताया। उनके परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की मदद दिए जाने की घोषणा की। घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे।

## उद्धव ठाकरे को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# कोर्ट ने कहा, चुनाव आयोग तय करेगा असली शिवसेना किसकी

**एजेंसी।** मुंबई

**शिवसेना** विवाद में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से एकनाथ शिंदे गुट को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने पार्टी पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग की कार्यवाही पर लगी रोक हटा दी है।

अब आयोग शिवसेना के चुनाव चिह्न पर फैसला कर सकता है। यह उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि उद्धव ने इस मामले में विधायकों की योग्यता का फैसला होने तक इलेक्शन कमीशन की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। उद्धव की याचिका पर सुनवाई करते हुए 23 अगस्त को जस्टिस एनवी रमना की बेंच ने केस संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर करते हुए चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

# नई दिल्ली, अहमदाबाद, मुम्बई स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने दस हजार करोड़ रुपये की लागत से नई दिल्ली, अहमदाबाद और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मुंबई रेल स्टेशनों के पुनर्विकास के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेल के साथ प्रधानमंत्री का भावनात्मक जुड़ाव है और सरकार ने सुरक्षा, यात्री सुविधा, तकनीक सहित रेलवे के हर आयाम पर ध्यान दिया है।

उन्होंने बताया कि इसी दिशा में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास को लेकर मंत्रिमंडल ने एक बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली, अहमदाबाद और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मुंबई रेल स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए दस हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

## पार्थ-अर्पिता पर नए खुलासे

# ममता के पूर्व मंत्री ने पत्नी के शेयर अर्पिता के नाम किए

**एजेंसी।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी और जेल में बंद पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर बुधवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। पार्थ को जमानत देने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विरोध किया। ईडी ने चार्जशीट में कहा है कि शिक्षा मंत्री रहते हुए पार्थ ने अपनी करीबी अर्पिता की बहन को सरकारी नौकरी दिलाई।

ईडी ने कहा कि पार्थ ने पत्नी की मौत के बाद उसकी कंपनी टेक्स्ट फैब प्राइवेट लिमिटेड के अधिकांश शेयर अर्पिता के नाम कर दिए। ईडी ने दोनों की जमानत का विरोध करते हुए 14,643 पन्नों के दस्तावेज कोर्ट में जमा किए हैं। एबीपी आनंदा की रिपोर्ट के मुताबिक ईडी ने कहा है कि अर्पिता के शॉपिंग बिल का भुगतान भी पार्थ ही करते थे। जांच एजेंसी ने आगे दावा किया कि अर्पिता और पार्थ दोनों थाइलैंड के फुकेट गए थे।

## केंद्रीय कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता

# एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलेगा फायदा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा दिया है। कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने केंद्र के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 4 % बढ़ाने का फैसला लिया है। पिछली बार सरकार ने मार्च में डीएम बढ़ाया था, यह एक जनवरी 2022 से लागू हुआ था।

मार्च में सरकार ने डीए में 3 % की बढ़ोतरी की थी, यानी इसे 31% से बढ़ाकर 34% कर दिया गया था। अब 4% बढ़ने के बाद यह 38% हो जाएगा। सरकार के महंगाई भत्ते बढ़ाने से देश के 50 लाख कर्मचारियों और 65 लाख पेंशनधारकों को फायदा होगा। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक जुलाई 2022 से लागू होगा। इससे सरकार पर सालाना 12,852.56 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसके अलावा कैबिनेट ने पीएम गरीब कल्याण योजना को 3 महीने बढ़ाने का फैसला लिया है। वहीं देश के 3 सबसे बड़े स्टेशन नई दिल्ली, मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल और अहमदाबाद स्टेशन के रिडेवलपमेंट के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

महंगाई भत्ता कर्मचारी के बेसिक सैलरी का एक निश्चित परसेंट होता है। देश में महंगाई के असर को कम करने के लिए सरकार अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देती है। इसे समय-समय पर बढ़ाया जाता है। रिटायर्ड कर्मचारियों को भी इसका फायदा मिलता है।



### 81 करोड़ गरीबों को तीन महीने और मिलेगा फ्री राशन

### डीए के बाद सैलरी कैसे बदलेगी?

**आसान** भाषा में समझें तो बेसिक सैलरी में ग्रेड सैलरी को जोड़ने के बाद जो सैलरी बनती है, उसमे महंगाई भत्ते की दर का गुणा किया जाता है। जो नतीजा आता है, उसे ही महंगाई भत्ता यानी डेअरनेस अलाउंस कहा जाता है। अब इसे एक उदाहरण से समझते हैं, मान लीजिए आपकी बेसिक सैलरी 10 हजार रुपये और ग्रेड पे 1000 रुपये है। दोनों को जोड़ने पर टोटल 11 हजार रुपये हुआ। अब बढ़े हुए 38 प्रतिशत महंगाई भत्ते के लिहाज से देखें, तो यह 4,180 रुपये हुआ। सबको जोड़कर आपकी टोटल सैलरी 15,180 रुपये हुई। पहले 34 प्रतिशत के लिहाज से आपको 14,740 रुपये सैलरी मिल रही थी। अब हर महीने 440 रुपये का फायदा होगा।

### पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना तीन महीने और बढ़ाई

**कैबिनेट** ने पीएम गरीब कल्याण योजना को तीन महीने बढ़ाने का फैसला लिया है। अब इस योजना का लाभ दिसंबर 2022 तक मिलता रहेगा। पहले सितंबर 2022 को ये योजना खत्म हो रही थी। केंद्र के इस फैसले से देश के 81 करोड़ से अधिक लोगों को एक बार फिर से राहत मिली है। अब देश के जरूरतमंदों को दिसंबर 2022 तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा।


## नीलामी सूचना

सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस कमीश्नरेट, फरीदाबाद के थानाजात में पुलिस अधिनियम की धारा 25/47 व 102 द.प्र.स. के तहत कब्जा पुलिस में लिए गए 871 वाहनों की प्रशासनिक प्रक्रिया व नियमों के अनुसार नीलाम किया जाना है। पूर्व में कब्जे में लिए गये 770 वाहनों की नीलामी के संदर्भ में 27 मार्च 2022 और 130 वाहनों के संदर्भ में 14 मई 2022 को पायनियर हिंदी दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन एवं समाचार प्रकाशित कर सूचित किया गया था। इसके अलावा अन्य अखबारों में भी समाचार प्रकाशित किया गया था। वर्तमान में इन वाहनों को पुलिस लाईन सैक्टर-30, फरीदाबाद में बनाये गए वार्ड में रखा गया है। इन वाहनों के मालिक न्यायालय से सुपरदारी के आदेश प्राप्त करके इस प्रकाशन के एक माह के अन्दर -2 प्रभारी, वार्ड, पुलिस लाईन सैक्टर -30, फरीदाबाद (मोबाईल नं. 8708602972) से प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित एक माह की अवधी उपरांत दिनांक 06.10.2022 को इन वाहनों को नियमानुसार निलाम कर दिया जायेगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन/जिला प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, फरीदाबाद

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 33.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 24.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड हॉस्पिटल में मेगा कार्डिक कैम्प का आयोजन: सुबह 10 बजे
- गांव दयालपुर में सेक्टर-27 स्थित पी.एम. प्रो. एक्सपोर्ट्स कंपनी की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-16ए स्थित मेट्रो हॉस्पिटल में वर्ल्ड हार्ट डे पर कार्यक्रम: सुबह 11 बजे
- शहर के मंदिरों में मां के चौथे स्वरूप की पूजा: सुबह 7 बजे
- एनएच-पांच, एक नम्बर समेत, सेक्टर-14 डीएवी स्कूल, दशहरा ग्राउंड और ग्रेफ समेत विभिन्न कमेटियों के मंचों पर रामलीलाओं का मंचन: रात्रि 8 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे

## निवेश गुरु

म्युचुअल फंड सिर्फ शेयर बाजार में ही निवेश का मौका नहीं देता है बल्कि कई अन्य तरह के भी निवेश के मौके देता है। इस कैटेगरी में निवेश किया गया पैसा सरकारी और निजी कंपनियों के बांड में निवेश किया जाता है। इस कारण यहां पर करीब करीब बैंक की तरह ही निवेश की सुरक्षा मिलती है।

## यूटीलिटी न्यूज

### भगत सिंह की जयंती पर किया याद

**फरीदाबाद।** आजादी के शहजादे संस्था ने शहीद भगतसिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया। सेक्टर 29 कार्यालय में राष्ट्रीय संयोजक व संस्थापक हरीश चन्द्र आजाद की अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने कहा कि शहीद भगत सिंह की जीवनी, देशभक्ति और शहादत देश के युवाओं में आज भी देशभक्ति की भावना जगाती है। शहीद भगत सिंह भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी थे। हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिये पहले बर्नी सैंडर्स की हत्या की और उसके बाद भारतीयों में देशभक्ति जगाने के लिये असेम्बली में बम फेंककर भागने की बजाए खुद को अपने दो साथियों सुखदेव व राजगुरू के साथ गिरफ्तार करवाकर ब्रिटिश सम्राज्य के विरूद्ध विद्रोह को बुलंदी प्रदान की। जिसके फलस्वरूप अंग्रेज सरकार ने इन्हें 23 मार्च को इनके दोनों साथियों राजगुरू व सुखदेव के साथ फांसी पर लटका दिया।

## क्विक न्यूज

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारत विकास परिषद (बीवीपी), फरीदाबाद और रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। रक्तदान शिविर में छात्रों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में लगभग 150 से ज्यादा ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का औपचारिक उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, फरीदाबाद उद्योग संघ के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल और कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने किया तथा विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद के अंतर्गत संचालित डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के तकनीकी सहायता से किया गया था।

# नासूर बन चुकी समस्याएं निपटाने को अब सीएम सम्भालेंगे कमान

### तीन दिसंबर से सीएम मनोहर लाल लेंगे कष्ट निवारण समिति की बैठक

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**मूलभूत** सुविधाओं से संबंधित समस्याओं की शिकायत करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा ऑनलाइन प्रणाली को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि लोगों को समस्याओं के समाधान और टैक्स का भुगतान करने के लिए सरकारी विभागों के चक्कर न काटने पड़ें। लेकिन नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी सरकार की ऑनलाइन सुविधाओं को लगातार पलीता लगाने में जुटे हुए हैं।

नगर निगम कर्मचारियों की लापरवाही से जनसमस्याओं से संबंधित शिकायत करने के लिए सरकार द्वारा बनाया गया एप 311 पूरी तरह फेल हो चुका है। एप में बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित पड़ी हैं। एप में आने वाली समस्याओं का समाधान करने की बजाए कर्मचारी लीपापोती कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ निजी कंपनी द्वारा गलत सर्वे करने की वजह से हजारों लोगों को प्रोपर्टी आईडी बनवाने के लिए निगम कार्यालय के चक्कर लगाते हुए आम देखा जा सकता है। शहर में चारों तरफ जहां देखो वहीं समस्याएं ही समस्याएं मुंह फैलाए खड़ी हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खुद समस्याओं के निपटारे की कमान सम्भालने का फैसला लिया है। अब मुख्यमंत्री हर महीने होने वाली जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शहर के लोगों की समस्याओं का निपटारा करने आएंगे।



नगर निगम मुख्यालय का सांकेतिक फोटो।



सेक्टर 24 की मेन रोड पर लगे कूड़े के ढेर।

### नहीं बन पा रही आईडी

**एक** तरफ नगर निगम द्वारा प्रत्येक सम्पति की एक आईडी हाल ही में बनाई गई। इस आईडी के माध्यम से सभी तरह टैक्स भरने और सम्पति की खरीद फरोख्त करने का प्रावधान है। लेकिन प्रोपर्टी आईडी बनाने के दौरान संबंधित कर्मचारियों अथवा एजेंसियों द्वारा काफी लापरवाही बरती गई है। इस दौरान कई सम्पतियों की आईडी बनाई ही नहीं गई। ऑनलाइन टैक्स भरने में सफल न होने पर ऐसे लोग जब निगम मुख्यालय पहुंचे तो उन्हें इस बारे में पता चला। जबकि यह लोग इससे पहले टैक्स भर चुके हैं। कर्मचारियों के कहने पर ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद उन्हें प्रोपर्टी आईडी के लिए लगातार निगम कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद उनकी प्रोपर्टी आईडी नहीं बन पा रही है। हाउस टैक्स शाखा में प्रोपर्टी आईडी बनवाने वाले प्रोपर्टी डीलरों का जमावड़ा लगा रहता है। संबंधित कर्मचारी आम जनता के काम छोड़कर उनके काम करने में जुटे हुए नजर आते हैं। इस शाखा में लोगों की काफी भीड़ जमा हो जाती हैं। जिसके कारण लंबे समय से प्रोपर्टी आईडी बनवाने आ रहे लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता है।

### समस्याएं और घोटाले

**प्रदेश** सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला फरीदाबाद समस्याओं और घोटालों को लेकर आए दिन चर्चा में बना रहता है। शहर की सड़कों पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालाकों को रोज परेशानी हो रही है। करोड़ों की लागत से बनी आरएमसी सड़के निर्माण के कुछ समय बाद ही टूट रही है। शहर में जहां देखों कूड़े और गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। वहीं शहर भर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। जबकि ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का भुगतान किया जा रहा है। अतिक्रमण और अवैध निर्माण शहर के लिए नासूर बन चुके हैं। राजनेतिक दबाव और भ्रष्टाचार के कारण इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। निगम में आए दिन कोई न कोई घोटाला उजागर होता रहता है। वहीं ग्रेटर फरीदाबाद के निवासी बिल्डरों की मनमानी और दबंगों के आतंक को लेकर अक्सर परेशान रहते हैं। इन तमाम परेशानियों के कारण शहर के लोग बुरी तरह त्रस्त हो चुके हैं। सम्भावन जताई जा रही है कि इन तमाम तरह की समस्याओं को देखते हुए प्रदेश के सीएम मनोहर लाल ने अब खुद कमान सम्भालने का फैसला लिया है।




एप 311 का चित्र।

### सीएम के आने का पड़ेगा असर



**समाजसेवी** रविंद्र चावला का कहना है कि प्रदेश के सीएम मनोहर लाल का कभी कभार ही शहर में आना होता है। ऐसे में उन्हें प्रत्येक समस्या का पता नहीं चल पता। लेकिन जब वे हर महीने शहर में आएंगे तो काफी हद तक समस्याएं उन्हें खुद ही नजर आ जाएगी। इसके अलावा जब समिति की बैठक में शिकायतें उनके सामने रखी जाएगी तो उनका समाधान भी हर हालत में होगा।

### फेल कर रहे ऑनलाइन प्रणाली

**सरकार** शहर को वास्तव में स्मार्ट सिटी बनाना चाहती है, लेकिन निगम अधिकारी सरकार की उम्मीदों पर पानी फेरने पर तुले हुए हैं। सरकार द्वारा जनसमस्याओं का आसानी के साथ समाधान करने लिए फरीदाबाद 311 ऐप बनाया गया है, लेकिन निगम की तरफ से इस ऐप की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए दिखावे का प्रचार-प्रसार किया गया। शहर के अधिकांश लोग इस ऐप के बारे में आज तक नहीं जानते। जिन थोड़े बहुत लोगों को इस ऐप के बारे में जानकारी है, वह लगातार इसमें अपनी ऑनलाइन शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। ऐप में सबसे ज्यादा शिकायतें सीवर ओवरफ्लो, दूषित पेयजल आपूर्ति, खराब स्ट्रीट, जलभराव, अतिक्रमण, टूटी सड़कों और गलियों के बारे में लोगों द्वारा दर्ज कराई जा रही हैं। ऐप द्वारा नंबर उपलब्ध कराने के बावजूद संबंधित अधिकारी न तो इसमें कोई कमेंट दर्ज करते हैं और न ही समस्याओं के समाधान की तरफ कोई ध्यान दे रहे हैं। अधिकारियों की कार्यशैली के कारण सरकार द्वारा ऐप पर खर्च किया पैसा व्यर्थ जा रहा है।

# श्री धार्मिक लीला के मंच पर हुआ राम वनवास

### केकई के किरदार में सौम्या खरबंदा ने अपने अभिनय से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**श्री धार्मिक** लीला कमेटी पांच नम्बर एम ब्लाक फरीदाबाद के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि आज रामलीला में राम वनवास हुआ। उन्होंने बताया कि कला को समझने वाले दर्शकों के लिये सबसे बहतरीन रामलीला राम वनवास में देखने को मिलती हैं, जहां कलाकरों के अभिनय से दर्शक आन्नदित होते हैं।

सबसे पहले राम, लक्ष्मन व सीता अयोध्या पधारते हैं। अगले दृश्य में राजा दशरथ गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से राम को राजतिलक का निर्णय लेते हैं लेकिन मंथरा यह सुनकर केकई को भड़काने चल देती है। अगले दृश्य में मंथरा केकई को जाकर भड़काती है कि राम को राजा बनाया जा रहा है और भरत को अब राम के आधीन रहना पड़ेगा। मंथरा के बहुत कहने पर केकई भी मान जाती है कि राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांगने का समय आ गया है। मंथरा का पहली बार अभिनय कर रही तान्या चुग ने दर्शकों पर अपनी कला की छाप छोड़ी।

अगले दृश्य में केकई त्रिया चरित्र जाल बिछाकर कोप भवन में राजा दशरथ को बुलाती हैं और उनसे अपने दो वरदान मांगती है तो राजा दशरथ कहते हैं कि कहा इक बार जो, अंतिम मेरा वचन होगा, कसम है राम की दशरथ, नहीं मिथ्या कथन होगा। तब केकई अपने पहले वरदान में भरत को राज और दूसरे वरदान में राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगती है। फिर राम लक्ष्मन और सीता के साथ भगवे वस्त्र पहनकर वनवास को चले जाते हैं जिस दुख में दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं।

दशरथ के अभिनय में पंकज खरबंदा व केकई के किरदार में सौम्या खरबंदा ने अपने अभिनय से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। अंतिम दृश्य में केवट अपनी नाव में राम, लक्ष्मन और सीता को गंगा पार करवाते हैं। केवट के किरदार में रामलीला के सबसे वरिष्ठ कलाकार अनिल नागपाल ने बहुत खूबसूरत अभिनय किया।



एनएच पांच श्री धर्मिक रामलीला कमेटी के मंच पर राम वनवास का मंच करते कलाकार।

# ध्वनि प्रदूषण बढ़ा रहा हार्ट अटैक का खतरा : डॉ. गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारी** वाहनों का ध्वनि प्रदूषण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा रहा है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी की एक रिसर्च में इस बात का खुलासा हुआ है। रिसर्च के अनुसार भारी वाहनों के शोर वाले क्षेत्रों में हार्ट अटैक मरीजों की संख्या प्रति एक लाख पर 3336 पाई गई। जबकि कम शोर वाले क्षेत्रों में 1938 सामने आई। विश्व हार्ट डे पर एकॉर्ड अस्पताल के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। लोगों से कम आवाज वाले हॉर्न यूज करने की अपील की।

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषि गुप्ता ने बताया कि कोरोना महामारी का प्रकोप अब भले ही कम हो गया है लेकिन इसके दुष्प्रभावों को लोग अबतक झेल रहे हैं। कोरोना मुक्ति के बाद करीब 25 प्रतिशत लोग हृदय की कमजोरी के लक्षण जैसे सांस लेने में दिक्कत (हंफनी), सीने में दर्द, धड़कन तेजी से बढ़ना, कमजोरी-थकावट से परेशान हैं। कोरोना फेफड़े का संक्रमण है और समय के साथ ये लक्षण ठीक हो जाएंगे सोचने वाले बहुत से लोग हार्ट फैलियर, हार्ट ब्लाक, हार्ट अटैक, अनियमित धड़कन और हृदय झिल्ली के चारो ओर पानी की समस्या लेकर अस्पतालों में भर्ती हुए हैं।

उन्होंने कहा की इस बात को समझना होगा कि शहरी क्षेत्र में वाहनों के शोर से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। डॉ. ऋषि ने कहा की शोर प्रदूषण के 3 कारक है। रेल गाड़ियों का शोर, हवाई जहाज का शोर, रोड का शोर। रात के साथ इनके आसपास रहने वालों को हार्ट अटैक का खतरा रहता है क्योंकि शोर प्रदूषण के कारण सबसे ज्यादा सैकलोजिकल और ब्रेन पर इफेक्ट पड़ता है। इससे शरीर का आटोनोमस सिस्टम एक्टिव हो जाता है, बीपी बढ़ जाता है। इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। भारी शोर में रहने से व्यक्ति को 17 प्रतिशत हार्ट अटैक के चांस रहते है।



डॉ. ऋषि गुप्ता।

# लाज रख मइया मेरी, अब दो विदाई राम को

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएच**-एक स्थित मार्केट में स्थित श्री विजय रामलीला कमिटी ने अपने स्वर्णिण मंच से वो दिखाया जो आज तक कभी देखने में नहीं आया। मंच पर हो रहे वनवास के दृश्य ने दर्शकों की आंखें आंसुओं से भिगो दी और मन राम वियोग से।

श्री राम बने सौरभ कुमार ने अपनी माता कौशल्या (मनोज) से जाने की आज्ञा मांगी और मां पुत्र के उस प्रसंग से पधारी जनता भाव विभोर होगयी, जिसमें श्री राम ने माता को अपने ही दिए संस्कारों का वास्ता देकर कहा, लाज रख मईया मेरी, अपने दिए संस्कार की, अब दो विदाई राम को उसके नए संसार की। संगीत पार्षद पूर्व निर्देशक स्वर्गीय विश्वबंधु द्वारा रचित गीत परं पालन करने मैं चला, मुझे बन को जाने दे मंच पर गाया गया। इसके बाद माता सीता (जितेश आहूजा) एवं लक्ष्मण (प्रिंस) ने साथ चलने का आग्रह किया जिस पर श्रीराम के साथ उनका बेहतरीन प्रसंग दर्शाया गया। सीता के रोले को जीवंत करते कलाकार ने मंच के अंदर वा बाहर बैठे सभी को मानो स्तब्ध कर दिया हो। अंत में तीनों ने वनवास की राह ली और भगवा वस्त्रों में पुत्रों को महल छोड़ते देख दशरथ (सुनील कपूर) का विलाप सराहनीय रहा। कौशल्या के रुदन ने जैसे सबके मन जीत लिए। चेयरमैन सुनील कपूर ने बताया की यह दृश्य सबसे अधिक रिहर्सल होने वाला दृश्य है क्यूंकि इसका सीधा कनेक्शन लोगों के हृदय से होता है और जहाँ हृदय के तार छेड़ने हों वहां अभिनय के अधिक प्रयासों के जरूरत पड़ती है। अंत में महाराज दशरथ ने राम वियोग में प्राण त्याग दिए।



एनएच-वन स्थित विजय राम लीला कमेटी के मंच पर वनवास का मंचन करते कलाकार।

# समय से हृदय रोग का पता लगना जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हर** साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। मुख्य रूप से लोगों को कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के लक्षणों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है। लोगों को जटिलताओं से बचाव और लोगों को दिल से संबंधित बीमारियों को रोकने और नियंत्रित करने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डॉ. कमल गुप्ता, प्रिंसिपल कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल फरीदाबाद ने जानकारी साझा की।

डॉ. कमल गुप्ता बताते हैं, हाल में किए गए शोध के मुताबिक, हार्ट फेल होने के मामलों में खुद का ख्याल रखने में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक बीमारी के बारे में पर्याप्त जानकारी न होना है। इस बारे में लोगों के बीच जागरुकता का प्रसार करने की जरूरत है कि हृदय रोगों में आम तौर पर बहुत ही सामान्य तरह के लक्षण होते हैं और इसलिए समय से बीमारी का पता चलना सबसे अहम है। सेहत की नियमित जांच और सेहतमंद जीवनशैली को लेकर जागरूकता का प्रसार करना बहुत ही जरूरी है। युवावस्था से ही बचाव को महत्व देना शुरू कर देना चाहिए, खास तौर पर उन लोगों को जिनके परिवार में लोगों को सीवीडी रही हो। इस दिशा में कुछ कदम उठाए जाने चाहिए जिसमें सेहतमंद खानपान, नियमित शारीरिक गतिविधि करना और धूम्रपान व शराब पीने जैसी आदतों से बचना शामिल है। इसके अलावा, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर जैसी चीजों पर नजर रखना भी ज़रूरी है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल फरीदाबाद के डॉ. कमल गुप्ता ने कहा, आज के समय में 30 और 40 की उम्र के लोगों में हृदय रोगों का खतरा बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है। जोखिम के कारणों में अत्यधिक तनाव, अस्वस्थ्य जीवनशैली, हृदय रोगों का पारिवारिक इतिहास प्रमुख हैं।



**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

सजेगा ताज आखिर अब सचिन ने की है तैयारी
विरोधी पलड़े में लेकिन अभी हैं ज़्यादा दरबारी
कोई हक़दार हो लेकिन समझना ये भी तो होगा
सियासी दांव पेचों में अभी गहलौत हैं भारी

# शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखे फैकल्टी एसोसिएशन

### शिक्षक संघ की नवचयनीत कार्यकारिणी ने कुलपति से की शिष्टाचार भेंटवार्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के शिक्षक संघ की फैकल्टी एसोसिएशन (शिक्षक संघ) की नवचयनित कार्यकारिणी ने बुधवार को कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से शिष्टाचार भेंटवार्ता की।

कार्यकारिणी की अध्यक्षता संघ नए अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने की। नवचयनीत सदस्यों ने कुलपति को अपना परिचय दिया और विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर चर्चा की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई बैठक में कुलपति ने प्रतिनिधियों द्वारा रखे गये सभी मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

कुलपति प्रो. तोमर ने संघ के नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके चयन पर बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संघ से शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने में योगदान देने और विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए अपना रचनात्मक सहयोग देने का आह्वान किया।

संघ के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के विकास में कुलपति को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। नवचयनीत सदस्यों ने कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग से भी मुलाकात की। संघ के हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने सर्वसम्मति से 10 सदस्यीय कार्यकारिणी का चयन किया है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार को फैकल्टी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। इसी प्रकार, कंप्यूटर इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ज्योति को उपाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ निखिल देव और डॉ भूपेंद्र सिंह को क्रमशः महासचिव और संयुक्त सचिव तथा कंप्यूटर इंजीनियरिंग के डॉ. हरीश कुमार कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। निर्विरोध चयनित कार्यकारी सदस्यों में डॉ. भारत भूषण, डॉ. नीलम दुहन, डॉ. दिव्यज्योति सिंह, डॉ. राजेश अत्री और डॉ. मानवी शामिल हैं।



जेसी बोस विश्व विद्यालय में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर को पुष्पगुच्छ भेंट करते फैकल्टी एसोसिएशन के सदस्य।



**पहचान की अपील**



आप सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 26.09.2022 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की मौत किसी अज्ञात बीमारी की वजह से फावडा सिंह चौक पर हुई है जिसका रंग गहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला जिस्म, दाहिने हाथ पर ऊँ व माँ गुदा हुआ है। कद- 5 फीट 7 ईंच उम्र करीब 32 साल जो स्लेटी रंग की लोअर तथा काले रंग की बनियान पहने है। जिसकी लाश पहचान हेतू मोर्चरी बी.के. अस्पताल में दिनांक 28.09.22 तक रखी गई है। मुकदमा नं 34 दिनांक 26.09.2022 थाना कोतवाली फरीदाबाद। उपरोक्त नामपता नामालूम नाश बारे सूचना मिलने पर निम्नलिखित सम्पर्क सूत्रों पर सूचित करें।

**पुलिस कन्ट्रल रूम- 9999150000, 100**
**प्रबन्चक अफसर थाना कोतवाली- 9582200126, 0129-2416165**


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 22.09.2022 से मुस्कान पुत्री सौकेत अली निवासी मकान नं 2151 ब्लॉक सी, एसजीएम नगर फरीदाबाद। जो कन्या विधालय एनआईटी-5 से लापता है। जिसका हुलिया- रंग गोरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 1 इंच, उम्र 16 वर्ष जिसने सफेद रंग का स्काफ और पैरों मे सफेद जुते पहने हुए है। मुकदमा नं 389 दिनांक 23.09.2022 थाना एनआईटी फरीदाबाद। सुचना मिलने पर निचे दिए निम्न नंबरों पर सूचित करें।

**प्रबंधक अफसर थाना एनआईटी- 9582200125,**
**अनुसंधान अधिकारी एएसआई प्रदीप कुमार- 9466018271**


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 23.09.2022 को गीता पत्नी हेमराज निवासी मकान नं 717 सेक्टर 20बी, फरीदाबाद। बीना बताए घर से कहीं चली गई है। जिसका हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा पतला शरीर, कद 5 फुट 2 इंच, उम्र 38 वर्ष जिसने नीले रंग का सूट सलवार और पैरों मे हवाई चप्पल पहने हुए है। मुकदमा नं 656 दिनांक 26.09.2022 थाना सेक्टर 8, फरीदाबाद। सुचना मिलने पर निचे दिए निम्न नंबरों पर सूचित करें।

**एसएचओ थाना सेक्टर 8 फरीदाबाद- 9582200134, अजीत सिंह- 9813399774**
**आई/सी पीपी सेक्टर 11 फरीदाबाद- 9582200166**

**गुमशुदा की तलाश**



आप सभी जन को सूचित किया जाता है कि आज किरन पत्नी यतेन्द्र कुमार निवासी गांव नवीपुर थाना नोहझील जिला मथुरा हाल किरायेदार अशोक का मकान रामनगर कालोनी सरूरपुर फरीदाबाद जे आज हाजिर चौंकी आकर अपने भाई सचिन की दिनांक 16.08.2022 को अपनी मर्जी से घर को छोडकर कही चले जाने बारे एक दखास्त पेश की है जिसका हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, आगे का एक दात आधा टुटा हुआ, हल्का फुर्तीला जिस्म कद 5 फुट 7 इन्च उम्र 6 साल शिक्षा 8 वी पास। जिसने नीले रंग की टीशर्ट , हल्का नीले रंग की जीन्स व पैरो में पूमा के जूते पहने हुए है। अगर किसी को इलाके में दिखता है तो निम्नलिखित फोन नम्बरो पर सूचित करे।

**प्रबन्धक थाना सैक्टर-8 फरीदाबाद- 9582200134, प्रभारी चौकी सैक्टर-11, फरीदाबाद- 9582200166, अनुसंधान अधिकारी चौंकी सै-11, फरीदाबाद-7011951509, पुलिस चौंकी सैक्टर-11 फरीदाबाद-01292208278**

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 29 सितंबर, 2022



# नवरात्रों में तीसरे दिन हुई मां चंद्रघंटा की भव्य पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्रों** के तीसरे दिन शहर के मंदिरों में तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की भव्य पूजा अर्चना की की गई। मंदिरों में आरती में सैकड़ों भक्तों ने मां के जयकारों के लगाते हुए पूजा की। इस दौरान पूजारियों ने भक्तों को मां की महिमा से अवगत करवाया।

**वैष्णो देवी मंदिर :** सिद्धपीठ महारानी श्री वैष्णोदेवी मंदिर में मां चंद्रघंटा की भव्य पूजा की गई। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने पूजा का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर मंदिर में उद्योगपति, मंदिर कमेटी के सदस्यों के अलावा अन्य श्रद्वालु मौजूद उपस्थित रहे। प्रधान जगदीश भाटिया ने भक्तों को बताया कि दुर्गा माता का यह तीसरा रूप राक्षसों का वध करने के लिए जाना जाता है। मान्यता है कि यह अपने भक्तों के दुखों को दूर करती है। इसीलिए इनके हाथों में तलवार, त्रिशूल, गदा और धनुष होता है। इनकी उत्पत्ति ही धर्म की रक्षा और संसार से अंधकार मिटाने के लिए हुई।

**मां माता चंद्रघंटा पूजा :** पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर एक बी – ब्लॉक में तीसरे नवरात्रे पर मां चंद्रघंटा की भव्य पूजा की गई। मंदिर में प्रात: कालीन आरती के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया और सभी भक्तों ने मां की पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। सभी भक्तो ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई और उनसे मन की मुराद मांगी। मंदिर संस्थान के प्रधान अशोक अरोड़ा और उनके सुपुत्र युवा नेता एवं समाजसेवी भारत अशोक अरोड़ा ने सभी भक्तों का स्वागत किया। अशोक अरोड़ा ने प्रात: कालीन आरती का शुभारंभ करते हुए कहा कि जो भी भक्त सच्चे मन से माता रानी से अपनी मुराद मांगता है, वह अवश्य पूरी होती है।


एनएच-वन बी स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त गण।


तिकोना पार्क स्थित सिद्ध पीठ श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर पूजा-आर्चना करते भक्तगण।


सिद्ध पीठ महाकाली मंदिर मे नवरात्र के अवसर सजी हनुमान की झांकी।

## आज होगी मां कुष्माण्डा देवी की पूजा

**नवरात्रों** के चौथे दिन मां कुष्माण्डा देवी की पूजा-अर्चना की जाएगी। इन्हें मां दुर्गा का चौथा स्वरूप माना जाता है। अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के लिए इनका नाम कुष्माण्डा पड़ा। ये अनाहत चक्र को नियंत्रित करती हैं। मां की आठ भुजाएं हैं इसलिए इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहते हैं। एनएच-पांच स्थित श्रीराधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज ने बताया कि हरे कपड़े पहनकर मां कुष्माण्डा का पूजन करें। पूजन के दौरान मां को हरी इलाइची, सौंफ अर्पित करते हैं। इसके बाद उनके मुख्य मंत्र '? कुष्मांडा देव्यै नम:' का 108 बार जाप करें। इससे बुद्धि का विकास होने के साथ-साथ निर्णय क्षमता भी अच्छी हो जाएगी।

**काली मंदिर में पूजा :** सिद्धपीठ काली मंदिर में मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। प्रधान राकेश ने बताया कि मां चंद्रघंटा की पूजा के लिए खासकर लाल रंग के फूल चढ़ाएं जाते हैं। जो भी भक्त सच्चे मन से मां की पूजा करता है। उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। मां चंद्रघंटा का रूप बहुत ही सौम्य है और मां को सुगंधप्रिय है।

# मारपीट में घायल हुए मजदूर की मौत पर परिजनों ने किया प्रदर्शन

### मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कंपनी के गेट पर रखा युवक का शव।


कंपनी के गेट पर हंगामा करते मजदूर।

**थाना** सेक्टर 58 इलाके गत 21 सितंबर को मारपीट के दौरान घायल हुए एक कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। इससे की परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने बुधवार सुबह शव कंपनी के गेट पर रख कर प्रदर्शन किया। डेढ़-दो घंटे तक परिजन प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि कंपनी के मैनेजर समेत अन्य कर्मचारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। जानकारी मिलने पर सेक्टर-58 थाना पुलिस और एसीपी विष्णु प्रसाद मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लोगों को समझा का माहौल को शांत किया और प्रदर्शनकारियों को उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने कंपनी के मैनेजर समेत कई लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक वर्षीय मनोज कुमार मूल रूप से उत्तरप्रदेश के गौंडा जिले के रहने वाले थे। लेकिन वह काफी समय से सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़ में अपने परिचित के साथ रह रहे थे। वे यहां हेलमेट बनाने वाली एक कंपनी में नौकरी करते थे। बताया गया हैं कि पिछले दिनों उनकी नाइट शिफ्ट में ड्यूटी चल रही थी। 21 सितंबर की रात करीब नौ बजे वह कंपनी में काम करने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान कंपनी के पास ही कुछ लोगों ने मनोज के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। इससे की वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस झगड़े में उसके हाथ-पैरों में फैक्चर के साथ सिर पर भी चोट लगी थी। मारपीट का पता चलने पर कंपनी के कर्मचारियों ने लहूलुहान अवस्था में मनोज को बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज हुआ। फिर परिजन उन्हें अलीगढ़ ले गए, लेकिन उन्हें स्वास्थ्य लाभ नहीं मिला। इससे की परिजन उन्हें मंगलवार को सफदरजंग अस्पताल दिल्ली ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। मनोज की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने शव कंपनी के गेट पर रख कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। डेढ़-दो घंटे तक लोगों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पुलिस के समझाने पर प्रदर्शनकारी शांत हो गए और सेक्टर-58 थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मनोज के पिता बिजेंद्र की शिकायत पर कंपनी मैनेजर संदीप, प्लांट हैड रेगी भास्कर, धर्मेंद्र, एचआर हैड सुरेंद्र शर्मा और सिक्योरिटी इंचार्ज प्रमोद के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

थाना सेक्टर 58 के प्रभारी भारतेंद्र ने बताया कि परिजन घायल मनोज को लेकर अस्पतालों में भागते रहे। लेकिन उन्होंने पुलिस को शिकायत नहीं दी। अभी ये भी पता नहीं चल पाया है कि झगड़ा किस वजह से हुआ। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दे दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

# शोविता को मिला स्ट्रॉन्ग विमिन का टाइटल



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दिल्ली** द्वारका सेक्टर-3 के वाटिका गार्डन में आयोजित दिल्ली स्टेट चैंपियनशिप में 585 किलोग्राम वजन उठा कर सीनियर वर्ग में अपनी प्रतिभा का शोविता ने लोहा मनवाया है। यह चैंपियनशिप 24 व 25 सितंबर को आयोजित हुई थी, जिसमें फरीदाबाद-बदरपुर बॉर्डर के निकट रह रही शोविता बदन ने भाग लिया। शोविता ने वेटलिफ्टिंग के 3 अलग-अलग इवेंट में भागीदारी की।

वेटलिफ्टर शोविता बदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार स्ट्रॉन्ग विमिन का टाइटल अपने नाम किया है। शोविता ने स्कायट इवेंट में 245 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 160 और डेडलिफ्टिंग में 180 किलो कुल 585 किलोग्राम वजन उठाकर काबलियत का परिचय दिया। यह रेकार्ड तोड़ वजन उठा कर शोविता ने तीसरी बार गोल्ड मेडल और स्ट्रॉन्ग विमिन का टाइटल जीता है। शोविता ने 20 जून को कोयम्बटूर एशियन चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल और स्ट्रॉन्ग विमिन का पुरस्कार जीता था। लेकिन शोविता के परिजन और दोस्तों में सरकार के उदासीन रवैये से बेहद परेशान हैं। परिजनों का कहना है कि सरकार की ओर से शोविता की आर्थिक मदद नहीं की जाती, जबकि वह देश व विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। हालांकि शोविता अपने इस खेल को और अधिक चमकाने के लिए पार्ट टाइम में पढ़ाती हैं। इतना ही नहीं शोविता योग की पढ़ाई कर चुकी हैं। 2 बार एमए कर चुकी हैं और अब चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से बीपीएड कर रही हैं, ताकि वह सरकारी नौकरी पा सके। हालांकि परिजनों का कहना है कि सरकार को शोविता की तरफ ध्यान देना चाहिए, जबकि अन्य प्रदेशों की सरकार अपने खिलाड़ियों की हर तरीके से मदद करती हैं। परिजनों की मांग है कि बी ग्रेड की नौकरी शोविता को मिलनी चाहिए।

# टीकाकरण और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित


बीके अस्पताल में बच्चे को दवाई पिलाते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की अध्यक्षता में बुधवार को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत सिविल हॉस्पिटल में छोटे बच्चों को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण, पोलियो ड्रॉप्स और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से लगातार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी के जन्मदिवस तक के दिनों को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पौधरोपण, रक्तदान शिविर, हेल्थ चेकअप जैसे तमाम कार्य लगातार भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा किये जा रहे है। जिससे आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इसी कड़ी में आज छोटे बच्चों को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए टीके लगाए गए और पोलियो ड्राप पिलाए गए।

# डॉ. मोहम्मद खान को मिला 'वर्ल्ड पीस लीडर' का सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**जापान** के टोक्यो में मुख्यालय वाले काउंसिल फॉर यूनिवर्सल पीस द्वारा शेख राशिद टावर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, दुबई में इंटरनेशनल पीस डे सेलेब्रेशन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन शेख ओबैद अल मक्तूम ने किया था और इसकी अध्यक्षता सऊदी अरब के महामहिम खालिद अल मैना द्वारा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शेख ओबैद सुहैल अल मक्तूम ने कहा, 'यह वैश्विक शांति और सीमाओं से परे भाईचारे के लिए एक साथ मिलकर काम करने का सही समय है।'


जापान में काउंसिल फॉर यूनिवर्सल पीस के महासचिव डॉ. मित्सुकी सुगी ने विजेताओं को धन्यवाद दिया। भारत महान डॉ. मोहम्मद खान को काउंसिल द्वारा 'वर्ल्ड पीस लीडर' का सम्मान दिया गया। डॉ. खान एक ग्लोबल मीडिया सेलेब्रिटी हैं और डेनीजवर्ल्ड.इंक. के महासचिव हैं। डेनीजवर्ल्ड.इंक. मौजूदा समय में फीफा वर्ल्ड कप्स एंड ओलम्पिक, रियो+20 यूनाइटेड नेशंस सस्टेनेबल डेवलपमेंट, यूएई एनर्जी स्ट्रैटजी 2030, अरब हेल्थ कांग्रेस, दुबई एयर शो, एमिरेट्स जापान 2020, ग्लोबल केम्पेन फॉर एमिरेट्स, दुबई वर्ल्ड कप हॉर्स रेस जैसे इवेंट्स को प्रमोट कर रही है। डॉ. खान को 50वें नैशनल डे सेलेब्रेशन में यूएई सरकार द्वारा गोल्डन एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। उन्हें भारत सरकार द्वारा 'भारत महान' से भी सम्मानित किया गया और सरकार की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए एम्बेसडर भी बनाया है। वे टोक्यो 2020 ओलम्पिक्स में मीडिया एवं इवेंट्स के लिए भी विशेष गोल्ड मेडल विजेता रहे। विश्व शांति एवं एकता में सराहनीय योगदान देने के लिए काउंसिल द्वारा डॉ. डेनी थॉमस को सर्वसम्मति से ग्लोबल पीस एम्बेसडर' चुना गया था। डेनीजवर्ल्ड इंक. के अध्यक्ष डॉ. डेनी थॉमस मानव विज्ञान एवं शांति में अध्येता हैं और एक परोपकारी व्यक्ति हैं। ग्लोबल पीस से सम्मानित लोगों की सूची में पद्म विभूषण रविशंकर, पदमश्री सदगुरु एचएच हेलाल सईद अल मर्री, एचई एस्सा अब्दुल्ला अल घुरैर, एई अब्दुलअजीज मोहम्मद हसन, एचई माजिद मोहम्मद अलजारवन डॉ. सोहन रॉय, डेनीजवर्ल्ड के डॉ. अनिल मैथ्यू, डॉ. शमीम ए खान, डॉ. लीजा सोहनपाल-कनाडा, मंजूर अली सईद रेज 3डी, अराबो बेकरी यरिमा-पराग्वे, मार्वन जे पायने-अमेरिका, अधिवक्ता शंकर नारायण वेलू और अन्य लोग शामिल हैं।

## जनता त्रस्त, विधायक फोटो खिंचवाने में मस्त

**फरीदाबाद।** शहर के बदतर हालातों, स्मार्ट सिटी के नाम पर मचाई गई लूट और नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार आंदोलनरत है। इसी क्रम में भ्रष्टाचार का एक और मामला उजागर करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना एवं जिला कार्यकारिणी के सभी साथीगणों ने मिलकर एनआईटी भोजपुरी अवधि धर्मशाला के सामने वाली रोड पर प्रदर्शन किया। धर्मबीर भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर इतनी बुरी स्थिति है, कि लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। उनके घरों में आने वाले पीने के पानी में सीवर का पानी मिक्स होकर आ रहा है। ऐसा पानी पीने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। फरीदाबाद अब नरक सिटी बन चुका है लोग कि दुकानों में पानी घुस रहा है। भड़ाना ने भाजपा सरकार पर वार करते हुए कहा की सड़कें पूरी टूटी हुई है, रोड पर पानी भरा हुआ है।

# औद्योगिक क्षेत्र की जलमग्न सड़कों पर पसरा अंधेरा


बिजली दफ्तर के निकट पसरा अंधेरा और सड़क पर बरसाती पानी व किनारे खड़ा ट्रक।


मुजेसर थाने के सामने मौजूद सड़क पर पसरा अंधेरा।

### लाखों का टैक्स भरने के बाद भी औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें खराब

कविता। फरीदाबाद

**औद्योगिक** क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से खराब होकर बंद हो चुकी हैं। वहीं बीती रात सेक्टर-23 स्थित बिजली निगम के एसई के दफ्तर के बाहर भी अंधेरा पसरा हुआ था। बिजली मुख्यालय के आसपास तथा सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से बंद नजर आई। रात के अंधेरे और पिछले दिनों हुई बरसात के कारण सड़क पर भरे पानी के कारण वहां से गुजर रहे लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी। सरकार को सबसे अधिक टैक्स देने और बिजली निगम को सबसे ज्यादा शुल्क देने वाले औद्योगिक क्षेत्रों के निवासी इन सड़कों से होकर गुजरते हैं, लेकिन इन सबके बावजूद स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से खराब हैं। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाली महिलाओं और साइकिल सवारों को अंधेरी सड़कों से होकर गुजरना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

पायनियर की तरफ से बीती रात एनआईटी इलाके में मौजूद सेक्टर-22, 23 और 24, 25 स्थित औद्योगिक क्षेत्र का जायजा लिया। जहां देखा गया कि अंधेरी सड़कों पर महिलाओं को अकेले चलने से भी डर लग रहा था। उन्होंने बताया कि घर की मजबूरी के कारण उन्हें नौकरी अंधेरी सड़कों से गुजर कर करनी पड़ रही है। वहीं साइकिल सवारों ने बताया कि कई बार अंधेरे के कारण यहां दुर्घटनाएं हो जाती है। जिसमें लोग घायल हो रहे हैं। वहीं अंधेरे में कई बार छेड़छाड़ और लूटपाट की घटनाएं हो जाती हैं। हालांकि पुलिस सड़क पर होती है, लेकिन बीती रात अंधेरे में डूबी सड़कों पर न तो पुलिस नजर आई और न ही किसी तरह की कोई सुविधा।

**यह आया नजर :** पायनियर द्वारा जब सेक्टर-24 औद्योगिक क्षेत्र का जायजा लिया तो देखा कि सेक्टर-22, 23 और 24 तक की स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से बंद हैं। वहीं इस सड़कों पर पड़ने वाली रेड लाइट भी खराब होकर बंद पड़ी है। सोहना रोड़ से सेक्टर-23 बिजली दफ्तर और उससे आगे सेक्टर-22 स्थित पेट्रोल पम्प तक सभी स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह बंद मिली। जबकि यहां लाखों मजदूर संजय कालोनी, जवाहर कालोनी, सेक्टर-55, एनआईटी एक-दो, तीन और अन्य इलाकों से काम करने आते हैं। जिसमें हजारों महिलाएं भी शामिल हैं।

# हृदय में छेद की समस्या के अधिक आते हैं बच्चे : डॉ. तरुण



**फरीदाबाद।** बच्चों में हृदय रोगों पर जानकारी देते हुए मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से पीडियाट्रिक कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. तरुण रैना ने कहा कि रोजाना ओपीडी में लगभग 30-40 बच्चे हृदय समस्याओं के साथ आते हैं जिनमें हृदय में छेद की समस्या अधिक देखी जाती है। बच्चों में दो तरह की हृदय समस्याएं देखने को मिलती हैं। जिन बच्चों का हृदय पहले से सामान्य है लेकिन किसी वायरल इन्फेक्शन की वजह से दिल की मांसपेशियों में सूजन की समस्या हो जाती है जिसे मायोकार्डिटिस कहते हैं। डेंगू या कोरोना से संक्रमित होने पर इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। मायोकार्डिटिस से ग्रस्त बच्चों में हार्ट का फंक्शन 20-25 प्रतिशत रह जाना, सांस फूलने जैसी समस्याएं सामने आती हैं।

कुछ बच्चों में जन्मजात हृदय विकार की समस्या होती है। यह समस्या आनुवंशिक हो सकती है। जन्मजात हृदय विकार से पीड़ित नवजात शिशु का शरीर नीला पड़ जाना, स्तनपान के दौरान बच्चे की पसलियाँ चलना या जल्दी थक जाना या अधिक पसीना आना जैसे लक्षण जन्म के बाद शुरू के 5-6 महीनों में दिखाई देते हैं। थोडा बड़ा होने पर बच्चा धीरे-धीरे किसी भी प्रकार की एक्टिविटी ठीक से नहीं कर पाता है। चलने में असमर्थ होना, अन्य बच्चों के मुकाबले कम खेलना या खेलने के दौरान जल्दी थक जाना जैसी समस्याएं आती हैं।

हाल ही में काफी बच्चे कोविड से उभरे थे और डेंगू का माहौल बना हुआ है इसलिए ओपीडी में मायोकार्डिटिस (हृदय की मांसपेशियों में सूजन) के मामले भी देखने को मिलते हैं। इसके अलावा भारत में रूमेटिक हार्ट डिजीज (हृदय वाल्व में खराबी) आम है जिसकी शुरुआत बचपन में होती है। गले में खराश रहना, बुखार रहना, जोड़ों में दर्द रहना जैसे लक्षण होते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## दो दिवसीय जिला तैराकी प्रतियोगिता शुरू


प्रतियोगिता में विजेता बच्चों संग पदाधिकारी।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-43 स्थित अरावली इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय जिला तैराकी प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। इन दो दिनों में 90 इवेंट करवाये जाएंगे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को आगामी 15 अक्टूबर को अम्बाला में होने वाली हरियाणा राज्य तैराकी प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा। यह जानकारी जिला तैराकी संघ फरीदाबाद के महासचिव एके पंडित ने बताई। प्रतियोगिता में पहले दिन मुख्य अतिथि सतेन्द्र मलिक रहे और विशेष अतिथि के रूप में कविंद्र फागना एवं अजय गुप्ता मौजूद रहे। जिला तैराकी संघ के उपाध्यक्ष प्रयाग गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर अरावली इंटरनेशनल स्कूल की एकेडमी डॉयरेक्टर डॉ माधुरी भी मौजूद रही। प्रतियोगिता में एके पंडित के साथ कोच विकास, राम भतेरी, एसएन तिवारी, विरेंद्र, जितेंद्र, कुलभूषण, जगदीश चंदिला, सरोज, पूजा, सतीश मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता पहले दिन पूर्णिमा कौशिक सौ मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम, दिव्या महाजन द्वितीय और हिमांशी तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## डीपीएस की प्रिंसीपल को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। एजुकेटर क्लब द्वारा आयोजित प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड 2022 में एनसीआर के 100 से अधिक शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य इसी तरह निरंतर करते रहें। मौके पर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने अवार्ड के लिए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिस विश्वास के साथ इस अवार्ड से उन्हें सम्मानित किया गया है, उनका प्रयास रहेगा कि वे इस विश्वास को हमेशा कायम रखें और बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करें।

## अमृता-संकल्प जनरल ड्यूटी ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन



**फरीदाबाद।** अमृता-संकल्प जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेनिंग सेंटर-का उद्घाटन अमृता अस्पताल में जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने किया। सेंटर का उद्घाटन माता अमृतानंदमयी मठ के उपाध्यक्ष एवं अमृता विश्व विद्यापीठम के अध्यक्ष पूजनीय स्वामी अमृतस्वरुपानंद पुरी की उपस्थित में किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा और भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा भी उपस्थित थे। यह केंद्र पूरी तरह सुसज्जित व्यावहारिक और डिजिटल लर्निंग लैब में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (जीडीए) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करेगा। पाठ्यक्रम छात्रों को 210 घंटे का जीवन कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी निजामृतानंद पूरी ने कहा, जिस तरह एक मां अपने बच्चे की देखभाल करती है, उसी तरह अम्मा भी यह सुनिश्चित करती है कि उसके सभी बच्चे ना केवल स्वस्थ हों बल्कि अच्छी तरह से पोषित हों। 35-35 छात्रों के दो बैच होंगे। कक्षाएं सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेंगी। निकट भविष्य में, यह केंद्र एनएसडीसी द्वारा निर्धारित गृह -स्वास्थ्य संबंधित पाठ्यक्रम भी प्रदान करेंगा।

## ब्राह्मण सभा ने भगतसिंह को याद किया



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर शहीद ए आजम भगत सिंह जयंती पर उन्हें पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित व शत शत नमन किया। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा शहीद भगत सिंह आजादी के दीवाने वीर थे। छोटी सी उम्र में उन्होंने भारत की आजादी के लिए हंसते हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चुम लिया और भारत माता की आन बान शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमें उनके आदर्श मार्ग पर चलना चाहिए। अवसर पर हरीश पाराशर एडवोकेट, पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, ओमबीर रंजन, रोहित, श्रवण, रामानुजन, रामजीलाल, मुकेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मनाई शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती



**फरीदाबाद।** शहीद ए आजम भगत सिंह जी की जयंती पर एनएच-3 स्थित शहीद भगत सिंह कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शहीद भगत सिंह के पौत्र एवं शहीद भगत सिंह बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने बिग्रेड के नौजवानों के साथ मिलकर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने कहा कि वे शहीद भगत सिंह के अकेले वारिस नहीं है ब्लकि सारा देश ही उनका परिवार है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को शहीद ए आजम से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों से दोस्ती करनी चाहिए। यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि जौ कौम अपने शहीदों को भुला देती है उसका भविष्य कभी भी उज्जवल नहीं होता। मोहम्मद शरीफ, हरभजन सिंह, गुरचरण सिंह, पवन चौधरी, प्रीतम सिंह राणा, जितेन्द्र सिंह, सहदेव जयहिन्द नंबरदार, मुकेश कपूर, विपिन झा, करीम, रणजीत सिंह व प्रेम सहित कई लोग मौजूद थे

## छोटे चीरे से हुई ओपन हार्ट सर्जरी

**फरीदाबाद।** सेक्टर-आठ स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल में कार्डियक वैस्कुलर सर्जनों की टीम ने मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी के माध्यम से एक 21 वर्षीय लड़की के दिल के कई छोटे छेद व एक मूंगफली जितना बड़ा छेद सफलतापूर्वक ठीक किया, जिसके बाद मरीज 2 दिनों के भीतर अपने पैर पर खड़ा होने लायक हो गयी और 4 दिनों में ही उसे हॉस्पिटल से डिस्चार्ज भी मिल गया। जिसका श्रेय सर्वोदय हॉस्पिटल के सीनियर कंसलटेंट, कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन डॉ. वेद प्रकाश एवं उनकी टीम को जाता है। आखिर में उन्होंने सर्वोदय हॉस्पिटल में डॉ. वेद प्रकाश, सीनियर कंसलटेंट, कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी से परामर्श लिया। जांच के बाद यह पाया गया कि वह लार्ज फेनेस्ट्रेटेड मल्टीपल ओएस एएसडी (ओस्टियम सेकंडम एट्रियल सेप्टम डिफेक्ट) यानि दिल में छेद की बीमारी से पीड़ित है। डॉ. वेद प्रकाश में बताया कि मरीज की छाती के साइड से एक छोटे चीरे की मदद से इस सर्जरी को अंजाम दिया गया। सर्जरी के बाद मरीज का यह छोटा सा निशान भी कुछ समय बाद दिखना बंद हो जायेगा। सर्वोदय हेल्थ केयर के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि इलाज की उन्नत तकनीकों एवं प्रक्रियाओं के सहारे ही हम मरीज को बेहतर स्वास्थ्य वापसी सुनिश्चित कर सकते हैं। हम अपनी इस कोशिश को बढ़ाते रहेंगे और स्वस्थ समाज की दिशा में काम करते रहेंगे।

# बाबुल की दुआएं लेकर बहनों संग अयोध्या को विदा हुईं सीताजी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सदर बाजार, जैकबपुरा क्षेत्र में भव्यता से निकाली गई राम बारात

### भावुकता भरे माहौल के बीच हुई सीता समेत चारों बहनों की विदाई

**राम** लीला के चौथे दिन राजा दशरथ के चारों पुत्रों राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का राजा जनक की चारों पुत्रियों के साथ विवाह की लीला का मंचन किया गया। चारों की विदाई की लीला भी बहुत भी भावुक रही। इससे पूर्व शहर में भव्य राम बारात भी निकाली गई। जिसका जगह-जगह पर पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। जैकबपुरा, सदर बाजार आदि क्षेत्रों से राम बारात निकली।

यहां जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला में चौथे दिन विवाह की चिट्ठी राजा जनक की ओर से अयोध्या में राजा दशरथ के पास भेजी गई। जिसके बाद राजा दशरथ अपने दोनों राजकुमारों भरत व शत्रुघ्न को लेकर जनकपुरी पहुंचे। राम-लक्ष्मण पहले से ही गुरू वशिष्ठ के साथ जनकपुरी में मौजूद थे। चारों राजकुमारों की विवाह राजा जनक की चारों पुत्रियों के साथ कराया गया। मंच पर ही फेरों की रस्म अदा की गई। इसके बाद विदाई की गई। विवाह में हरियाणवी गीतों के माध्यम से माहौल को रोमांचित किया गया। राम लीला में बैठी महिलाएं भी हरियाणवी गीत सुनकर खुद गीत गाने लगी। फेरे होने के बाद विदाई की तैयारी की गई। अपनी पुत्रियों को सदा सुखी रहने का आशीर्वाद देते हुए राजा जनक बहुत ही भावुक हो गए। भावुकता के गीत गाते हुए ही राजा जनक ने अपनी पुत्रियों को विदा किया। विशेषकर सीता को विदा करते हुए राजा जनक अश्रुधारा नहीं रोक पाए।


गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला में सीता विदाई का भावुक दृश्य।

श्री दुर्गा राम लीला के प्रवक्ता राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि सीता जी की बहनों संग अयोध्या में विदाई से पूर्व विवाह के दौरान कन्यादान के लिए महिलाएं, पुरुषों ने दिल खोलकर कन्या दान दिया। विवाह समारोह एक घरेलू विवाह समारोह की तरह नजर आया। सीता जी की विदाई के समय माहौल पूरा भावुक हो गया। बहुत सी महिलाओं और पुरुषों की आंखों में आंसु तक आ गए। यही कलाकारों की कला की सफलता है कि वे मंच पर लीला के माध्यम से दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### सोहना बार एसोसिएशन में तीन दिनों तक वर्क सस्पेंड

**सोहना।** सोहना बार एसोसिएशन ने दो वकीलों पर हुए जानलेवा हमले को लेकर तीन दिन के लिए वर्क सस्पेंड किए जाने का ऐलान कर दिया है। वर्क सस्पेंड गुरुवार तक जारी रहेगा। वकीलों ने तीन बार आरोपियों पर हमला करने का आरोप लगाया है। बार ने चेतावनी दी है कि अगर नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। मालूम रहे कि सोहना न्यायिक अदालत में कार्यरत दो अधिवक्ता जयकरण खटाना एडवोकेट और पवन खटाना के परिजन मोहित व उसके भाई पंकज पर सोमवार रात्रि को मारुति कुंज के नंबरदार चौक भोंडसी में खेड़ला निवासी विपिन और उसके साथ आए रिठौज व कादरपुर से दो दर्जन युवकों ने जानलेवा हमला किया था। आरोपियों ने दोनों वकील व उनके परिजनों के साथ मारपीट की थी तथा फायरिंग भी की थी। पंकज की शिकायत पर पुलिस ने करीब एक दर्जन नामजद सहित करीब 22 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। सोहना बार एसोसिएशन ने भोंडसी थाना द्वारा आरोपियों की 48 घंटे बाद गिरफ्तारी न होने पर तीन दिन तक हड़ताल का ऐलान किया है। हड़ताल मंगलवार से शुरू करते हुए गुरुवार तक जारी रहेगी। सोहना बार एसोसिएशन के प्रधान सोमवीर तंवर एडवोकेट बताते हैं कि दोनों वकील बार के सदस्य हैं जिन पर तीन बार हमला हो चुका है। बार एक परिवार है जिसमें सभी वकील एकजुटता के साथ सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित वकीलों के समर्थन में बार ने तीन दिनों तक वर्क सस्पेंड की घोषणा की है। अगर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो बार के सभी वकील अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

### हरिद्वार से तीरंदाजी में सिल्वर लेकर लौटी बेटी का सम्मान



**सोहना।** जिला खेल अधिकारी सिन्धू बाला ने कहा कि आज अभिभावक अपनी बेटियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के मैदान में निडर होकर भेज रहे है। वह बेटी खेल के मैदान में माता-पिता और अपने कोच का नाम रोशन करने में पीछे नहीं रह सकती। खेल के मैदान में ऐसा ही नाम रोशन तीरंदाज खिलाड़ी कनिका ने करके दिखाया है। देवपुरा हरिद्वार के भल्ला स्पोर्ट्स स्टेडियम हुई ओपन सब जूनियर व सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर लौटी कनिका सैनी का बुधवार को सोहना पहुंचने पर सम्मान समारोह किया। सिल्वर मेडल विजेता बेटी को अभिभावक समेत प्रशासनिक अधिकारी और आम नागरिकों ने पलकों पर बैठाते हुए सम्मानित किया। सम्मान समारोह शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम किया। जिला खेल अधिकारी सिन्धु बाला, तहसीलदार शिखा गर्ग, कोच भगवत सिंह, समाजसेवी नरेश सैनी समेत अधिक गणमान्य लोग मौजूद थे। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी कनिका सैनी को सम्मान किया। कनिका के माता-पिता सहित शहर के गणमान्य लोग भी थे। इस जीत का श्रेय कोच भगवत सिंह को देते हुए कनिका सैनी की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम बताया। जिला खेल अधिकारी सिन्धु बाला ने कनिका को जीत की बधाई देते हुए उसके माता-पिता को समाज में बेटियों को देश का नाम रोशन करने के लिए अन्य अभिभावकों को सबक लेने की बात कही। जिला खेल अधिकारी ने कहा कि कोच भगवत सिंह खिलाड़ियों के अच्छे परिमाण के लिए कड़ी मेहनत करता है। जिनके मार्ग दर्शन से तीरंदाजी में जिला का नाम आज राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। वह जब भी यहा पर औचक निरीक्षण के लिए आई है। कोच भगवत सिंह खिलाड़ियों के साथ कड़ी मेहनत करते हुए दिखे हैं। उन्होंने कहा कि जिला खेल विभाग की तरफ से यहा के खिलाड़ियों को पूरा प्रोत्साहन दिया जाएगा। जिला अधिकारी ने खेल स्टेडियम कमेटी और एसडीएम जितेन्द्र गर्ग की प्रसंशा करते हुए तीरंदाजी ट्रक की सुविधा देने पर आभार प्रकट किया।

# गरीबों को ऋण में देरी से अंत्योदय परिवार उत्थान योजना हो रही प्रभावित

### बैंकों की ओर से ऋण देने में की जा रही है देरी

### तीन चरणों में लगे मेलों में मिले 388 आवेदन में से 172 के ऋण स्वीकृत

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में बैंकर्स की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत एक लाख की वार्षिक आय से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के सामाजिक व आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए दिए जाने वाले ऋण के मामलों में बैंकों की ओर से देरी की जा रही है। इससे यह योजना प्रभावित हो रही है। बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा का कहना है कि बैंकों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करके तेजी लानी होगी, ताकि पात्रों को कम समय में योजना का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों में प्राप्त ऋण आवेदनों में बैंकर्स के स्तर पर देरी की बात सामने आई है। अंत्योदय के उत्थान के उद्देश्य के साथ शुरू की गई उपरोक्त योजना सरकार की फ्लैगशिप योजना है। इस योजना में एक लाख की वार्षिक आय से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के सामाजिक व आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार के 18 विभाग प्रयासरत हैं। ऐसे में बैंकिंग स्तर ऋण आवेदनों की मंजूरी में देरी इस पूरी योजना को प्रभावित कर रही है। गुरुग्राम जिला में आयोजित मेलों के तीन चरणों में मिले 388 आवेदनों में से अब तक 172 परिवारों के लोन स्वीकृत हुए हैं। इनमें से 152 परिवारों को ऋण की अदायगी की गई है। बैंकों की इस धीमी प्रक्रिया पर एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने बैंकिंग स्तर पर लंबित अन्य आवेदनों का भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए हैं।

**अगर आवेदन स्वीकृत नहीं हो सकते तो कारण स्पष्ट करें**

यहां बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा कमेटी एवं जिला परामर्शदात्री कमेटी की बैठक में बैंकों को एडीसी ने कहा है कि प्राप्त ऋण आवेदनों को अधिक समय तक लंबित न रखें। जो आवेदन स्वीकृत किए जाने योग्य नहीं उनका कारण स्पष्ट कर, उन्हें तुरंत वापस लौटाएं। एडीसी ने बैठक में बैंकों के ऋण जमा अनुपात, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, हरियाणा महिला विकास निगम, केसीसी लोन, पीएम फसल बीमा योजना, पीकेसीसी, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, पीएम मुद्रा योजना सहित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत बैंकों में भेजे गए आवेदनों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कई बैंकों द्वारा शासकीय योजनाओं के आवेदनों में स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई समय पर पूर्ण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बैंक, विभागों से प्राप्त ऋण आवेदनों को अधिक समय तक लंबित न रखे। जो आवेदन स्वीकृत किए जाने योग्य नहीं हों, बैंक द्वारा उन्हें स्वीकार ना किए जाने के कारण स्पष्ट करते हुए उन्हें तुरंत वापस लौटा दिया जाए।

# यह नया भारत, देश विरोधी ताकतों को बख्शा नहीं जाएगा

### भाजपा नेता अरविंद सैनी ने पीएफआई पर प्रतिबंध को स्वागत योग्य कदम कहा


अरविंद सैनी।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा लगाया गया प्रतिबंध का स्वागत किया है। अरविंद सैनी ने कहा कि टेरर के पर्याय बन चुके इस संगठन को बैन करके मोदी सरकार ने देशहित में एक बड़ा कदम उठाया है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पीएफआई और इससे जुड़े अन्य आधा दजज़्न से अधिक अन्य देशविरोधी संगठनों पर एक्शन लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का काम किया है। प्रदेश मीडिया सह प्रमुख ने कहा कि पीएफआई के खिलाफ पहले से भी प्रतिबंध लगाने की आवाज उठती रही है। पीएफआई के टेरर लिंक पाए जाने के बाद केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी जांच को लेकर जबरदस्त छापामारी की थी और इस संगठन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि गृहमंत्रालय ने पुख्ता सबूत मिलने और टेरर लिंक पाए जाने के बाद पीएफआई और इसके सहयोग संगठनों पर पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

श्री सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार देशद्रोही गतिविधियों में संलिप्त संगठनों से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई करेगी। सत्ता संभालने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद की कमर तोड़नी शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल पीएफआई पर प्रतिबंध लगाकर बता दिया कि देश में किसी भी गैर कानूनी संगठन को पनपने नहीं दिया जाएगा। ऐसे संगठन राष्ट्र की अखंडता के लिए खतरा बनते हैं। इसलिए इनका सिर कुचलना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने पीएफआई के साथ जुड़े अन्य सहयोगी संगठनों पर भी बैन लगाकर उसके देश विरोधी कार्यों पर विराम लगाने का काम किया है।

# सुपरटेक परियोजना के खिलाफ रेरा में याचिका रद्द

### पर्याप्त दस्तावेजों के अभाव में रेरा कोर्ट ने की याचिका रद्द

**गुरुग्राम।** रेरा प्राधिकरण गुरुग्राम ने मंगलवार को 100 विभिन्न शिकायतों की सुनवाई के दौरान सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिकायकर्ता द्वारा सुपरटेक डेवलपर के सेक्टर-79 में अराविले नाम से विकसित किए जा रहे आवासीय परियोजना के रेरा पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने की मांग की गई थी।

प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. केके खंडेलवाल और तीन सदस्यों की अगुवाई वाली रेरा पीठ ने विस्तृत बहस और दस्तावेजों की जांच के बाद पाया कि शिकायतकर्ता को भूमि स्वामित्व विवाद के तथ्यों को प्रस्तुत करने के लिए सुनवाई के पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद शिकायतकर्ता अपनी याचिका से संबंधित उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा है, जिसको आधार मानते हुए पीठ ने शिकायतकर्ता की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका के सम्बंध में प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. खंडेलवाल ने बताया कि सुपरटेक लिमिटेड खेड़की दौला टोल के पास गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर सेक्टर-79 में दस एकड़ जमीन पर अराविले नाम से एक प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट विकसित कर रहा है।

उपरोक्त परियोजना में सुपरटेक लिमिटेड सहयोगी की भूमिका में है वहीं परियोजना का लाइसेंस तिरुपति बिल्ड प्लाजा प्राइवेट लिमिटेड के पास है। जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा रेरा प्राधिकरण के समक्ष अपनी याचिका में यह आरोप लगाया था कि तिरुपति बिल्ड प्लाजा प्राइवेट लिमिटेड ने हरियाणा के नगर एवं योजनाकार विभाग सरकार से लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अपने पक्ष में 10 एकड़ जमीन का फर्जी म्यूटेशन किया था।

# दो अक्टूबर तक होंगी स्वच्छता के प्रति जागरुकता पर रैलियां, शपथ व पौधारोपण

### बुधवार को विद्यार्थियों ने निकाली रैली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा अभियान आमजन की सक्रिय भागीदारी से तेजी से बढ़ रहा है। इस अभियान को आमजन सहभागिता करते हुए स्वयं आगे बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को अकलीमपुर के सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली निकाली।

अभियान के तहत बुधवार को विभिन्न विकास खंडों में स्वच्छता जागरूकता शपथ, पौधारोपण व अन्य स्वच्छता गतिविधियां चलाकर आमजन को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला में यह अभियान दो अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक जारी रहेगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है, अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। साफ, स्वस्थ और स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए हम सबको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता ही सेवा अभियान में भागीदार बनना होगा। इस अभियान के तहत लोगों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करने के लिए जागरुक किया जा रहा है।


गुरुग्राम के गांव अकलीमपुर में स्वच्छता के प्रति जागरुकता रैली निकालते बच्चे।

डीसी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 30 सितंबर तक स्वच्छता पर आधारित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक अक्टूबर को स्वच्छता में उत्कृष्ट करने वाले वर्कर्स को सम्मानित किया जाएगा तथा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सार्वजनिक स्थानों से प्लास्टिक व कूड़ा एकत्रित करने के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# कला भारती फाउंडेशन की दूसरी नेशनल इनोवेटर मीट सफलता पूर्वक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**25 सितंबर** को कला भारती फाउंडेशन द्वारा होटल रेडिसन ब्लू द्वारका में सर्वोदय फाउंडेशन के सहयोग से दूसरी नेशनल इनोवेटर मीट सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बता दें कि इस मीट में देश भर से अपने अपने व्यवसाय के माहिर लोगों ने शिरकत की। मीट में भाग लेने वाले व्यवसायिक लोगों ने अपने विजन और उद्देश्य के विषय में बताया, जिससे भारत को आत्मनिर्भर बनाने में बल मिलेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वकील अशोक अरोड़ा रहे, जो सुप्रीमकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के तीन बार सचिव रह चुके हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ. अंशुल गुप्ता ने की और उन्होंने विस्तार से अपनी टीम के साथ अपने देवात्री वेलनेस और देवाश्रय के कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा इस तरह की मीट राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और इसमें हम सब साथ हैं।

इस कार्यक्रम में कलाभारती फाउंडेशन के संस्थापक सुशील भारती, कौशल कुमार (डिप्टी कमिश्नर) मिनिस्ट्री ऑफ जलशक्ति विभाग, डॉ. राखी आनंद ( गायनेकोलॉजिस्ट एवं फाउंडर प्रेसिडेंट सखी फाउंडेशन), डॉक्टर मोहम्मद आमीन (पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर भारतीय चुनाव आयोग), डॉ विनोद कुमार वर्मा (वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बिरला ग्रुप) कमांडर वीके जेटली, गौरव गुप्ता और पलेसतीन एंबेसी के मीडिया एडवाइजर, अब्दुल राजेग अबू जजेर और कनेडा मूल की भारत में रहने वाली भरतनाट्यम नृत्यांगना मारिया एलांगोवन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। उद्यमी वक्ताओं में वीना गुप्ता, डॉ. मनीषा कौशिक, संदीप शर्मा, आदित्य गुप्ता, काजल पल्ली, दिव्यानू गुप्ता, फाउंडर एंड सीईओ, हाउस्पिटल, तारा संस्थान की सी ई ओ, वंदना शर्मा और सतेंद्र कुमार,




मालविका सिंह जैसे वक्ताओं ने भाग लिया। मौके पर शाम के सत्र में वर्ष 2022 का कला भारती सम्मान भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कला भारती की राष्ट्रीय अध्यक्षा ममता सोनी, फरीदाबाद की ब्रांड एंबेसडर कामिनी भटेजा और मानवी भारती ने किया। बता दें कि कला भारती फाउंडेशन समय समय पर देश हित में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है जिससे आत्मनिर्भर भारत के अभियान को आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में कला भारती फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा ममता सोनी ने सभी मेहमानों को औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन दिया। यह जानकारी कला भारती फाउंडेशन के मीडिया एडवाइजर वरिष्ठ पत्रकार दिनेश गौड़ ने दी।

# लंपी बीमारी से ग्रस्त गाय की बढ़ रही संख्या

### विभाग कर रहा है पीड़ित गायों को उपचार देने का दावा

एन रोहिल्ला। सोहना

**शहर** में लंपी वायरस से पीड़ित गायों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। बीमारी से पीड़ित गाय शहर की गली मोहल्ले में बैठ जाती हैं। जिससे नागरिकों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं पशुपालन विभाग के अधिकारी लंपी बीमारी से पीड़ित गाय को उपचार देने का दावा कर रहे हैं।

शहर की सड़कों पर सुबह होने के साथ ही 200 से 250 गायें घरों से सड़कों पर घूमने के लिए छोड़ देते हैं। जिन्हें मालिक दूध निकालने के बाद चारा खाने के उद्देश्य से शहर में छोड़ देते हैं। शहर में घूमने वाली गायों को पिछले करीब 15 दिन से लंपी वायरस से ग्रस्त देखा जा रहा है। जिनकी संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। बीमारी ग्रस्त गाय शहर के तंग गलियों से लेकर घरों के बाहर गली मोहल्ले और चौक-चौराहों पर खड़ी या भूखी-प्यासी बैठी रहती हैं। इनका शरीर बुखार होने के कारण तपता रहता है।


शहर में घूमती लंपी बीमारी से ग्रस्त गाय।

**क्या है लंपी वायरस :** पशु चिकित्सकों के अनुसार गाय के शरीर पर चकते व गूमडे (फंसी) हो जाते हैं। जिसमें गाय को तेज बुखार, सांस फूलना, भूख न लगना, शरीर पर सूजन आदि भी होती है। इसके अलावा कई बार गाय के फेफड़े भी खराब हो जाते हैं। यह वायरस काफी गंभीर होता है। जिसमें पीड़ित गायों को वैक्सीनेशन करके ठीक किया जाता है।

**क्या कहते हैं शहरवासी :** पार्षद राजकुमार गोयल का कहना है कि गो रक्षक सेवा दल या अन्य गाय की सेवा करने वाले संगठनों को आगे आना होगा। ताकि बीमारी से ग्रस्त गायों का सही समय पर उपचार हो सके। गोशालाओं में ले जाने के बाद बीमारी से पीड़ित गाय को एकांत का माहौल मिल सकता है। यही एकांत गाय को बीमारी से ठीक करता है। क्योंकि यह रोग एक-दूसरे को छूने से फैलता है। पार्षद नीरज का कहना है कि शहर के दानदाताओं को आगे आना चाहिए। जिनका हमेशा से सेवा करने का भाव होता है।

पशुपालन विभाग के खंड अधिकारी डॉ. सुरेंद्र यादव ने बताया यह वायरस गाय में पाया जाता है। जिसके लिए वैक्सीनेशन कराना अनिवार्य है। इसके अलावा पीड़ित गायों को एकांत में रखना भी जरूरी है। यह वायरस दो से तीन सप्ताह में ठीक होता है। उन्होंने बताया कि रिकॉर्ड के अनुसार क्षेत्र में 13500 गोवंश हैं। जिनमें से 13000 गायों का वैक्सीनेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। लंपी वायरस से 247 गाय पीड़ित हैं जिनमें से 87 गाय ठीक हुई हैं। जिसके लिए विभाग ने चार टीमें गठित की हुई हैं। नगर परिषद विभाग को मौखिक रूप में कहा भी गया है।

# अमेजन डॉट इन के दशहरा शॉपिंग स्टोर के साथ त्योहारों के इस मौसम में दिल खोल कर मनाएं खुशियां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### आपकी खरीदारी से जुड़ी सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए यह एक वन स्टॉप डेस्टिनेशन है

**अमेजन** डॉट इन पर 'दशहरा शॉपिंग स्टोर' के साथ त्योहारों के इस मौसम में अपने प्रियजनों के साथ खुशी का जश्न मनाएं। इस दशहरा शॉपिंग स्टोर में उत्सव और जरूरी वस्तुओं, कॉस्मेटिक्स, भारतीय मिठाई और स्नैक्स, गिफ्ट पैक, चॉकलेट, बेवरेजेस, ड्राय फ्रूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर, लॉर्ज अप्लायंसेस, स्मार्टफोन, एक्सेसरीज, एलेक्सा इनेबल्ड डिवाइस आदि लेकर विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है।

अमेजन डॉट इन पर दशहरा शॉपिंग स्टोर को इस त्योहारी सीजन में रोमांचक ऑफर्स और डील्स की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में तैयार किया गया है। यह स्टोर ग्राहकों को अपने घर पर सुकून के साथ अपनी जरूरत के लाखों उत्पादों में से खरीदारी की सुविधा प्रदान करता है।

यहां ग्राहक लक्मे, बिकानो, जवेरी पर्ल्स, ओपन सीक्रेट, सोनी, सैमसंग, iQOO आदि जैसे कई लोकप्रिय ब्रांडों में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट चुन सकते हैं। ग्राहक एलेक्सा की मदद से अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉइड पर उपलब्ध) पर दशहरा शॉपिंग स्टोर तक पहुंचने के लिए वॉयस नेविगेशन का उपयोग कर सकते हैं। यूजर्स स्टोर पर जाने के लिए ऐप पर माइक या एलेक्सा आइकन पर टैप कर कह सकते हैं – 'एलेक्सा, दशहरा स्टोर पर जाएं'। यहां कुछ उत्पाद दिए हैं जिन्हें ग्राहक अमेजन डॉट इन के 'दशहरा शॉपिंग स्टोर' पर जाकर खरीद सकते हैं। सभी ऑफर और डील्स यहां भाग लेने वाले सेलर्स की ओर से दिए हैं।

# लग्जरी रियल एस्टेट बाजार में तेजी का समय आ गया है : आशुतोष भोगरा- लग्जरी रियल एस्टेट कंसल्टेंट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रसिद्ध** लक्जरी रियल एस्टेट सलाहकार आशुतोष भोगरा (www.ashutoshbhogra.com) आने वाले महीनों में लग्जरी होम सेगमेंट में वृद्धि की भविष्यवाणी कर रहे हैं। उनके अनुसार साउथ दिल्ली अभी भी निवेश के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प है। पंचशील पार्क, जोर बाग, शांति निकेतन, ग्रेटर कैलाश, हौज खास, डिफेंस कॉलोनी और गुलमोहर पार्क की संपत्तियां असाधारण इंफ्रास्ट्रक्चर, अन्य क्षेत्रों और कॉमर्शियल हब्स के लिए अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान करती हैं और हायर कैपिटल रिटर्न रियलिटी की मांग को प्रोत्साहित करती है।

दिल्ली और मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में साल 2021 में 100 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी के कई सौदे हुए। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते, दिल्ली अमीरों के लिए सबसे पसंदीदा स्थान रहा है। साल 2021 में राजधानी में 100 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा के कई सौदे दर्ज किए गए। आशुतोष भोगरा कहते हैं कि पिछला उछाल 2004 से 2012 तक चला था, जिसमें कीमत दस गुना बढ़ गई थीं। 2014 से 2019 तक कीमतों में वृद्धि नहीं हुई बल्कि 2012 के शिखर से लगभग 20-30% कम हो गई। आज,



एचएनआई, एनआरआई, व्यवसायी, कामकाजी प्रोफेशनल्स और अन्य लोग अपने दूसरे घर के रूप में निवेश करने या अपने जीवन स्तर को उन्नत करने के लिए लक्जरी आवास के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। बाजार की रिपोर्ट के अनुसार, लग्जरी हाउसिंग सेगमेंट ने Qv 2022 में जबरदस्त ऊंचाइयों को छुआ। अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज करते हुए, Qv 2022 में लग्जरी प्रॉपर्टी का कुल बिक्री का 12% हिस्सा था, जो Qv 2019 में 7% था। मैं मानता हूं कि यह सही लग्जरी संपत्ति में निवेश करने का सही समय, विशेष रूप से रेसीडेंशियल रियल एस्टेट सेग्मेंट में।

रियल एस्टेट क्षेत्र सबसे लचीला, स्थिर, पसंदीदा और सुरक्षित निवेश विकल्प है और निवेशकों को सुरक्षित दांव लगाने के लिए बाजार के अवसरों को आकर्षक लग रहा है। हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार, बड़ी संख्या में एचएनआई अगले दो वर्षों में लक्जरी संपत्ति खरीदने का मन बना रहे है, जो कि इस सेगमेंट के लिए अच्छे दिन की भविष्यवाणी कर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि देश में लग्जरी कंडोमिनियम, लग्जरी हाउसिंग और विला प्रोजेक्ट बिक रहे हैं और अधिक से अधिक एनआरआई भी इसे निवेश करने के लिए एक आकर्षक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। जबकि लोग कनेक्टिविटी चाहते हैं, कोविड-19 के बाद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए रहने वाले क्षेत्रों के भीतर और बाहर खुले स्थान को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं। कुछ अच्छी तरह से यात्रा करने वाले लोग मिलेनियल्स हैं जिन्होंने इतनी बारीकी से विलासिता का अनुभव किया है कि वे चाहते हैं कि उनके घर एक्सक्लूसिव हों, और वो इन सबके लिए पैसा इंवेस्ट करने को तैयार हैं।

# खूनी हाईवे ने निगला एक ही परिवार के तीन सदस्यों को, दो घायल

## आठ साल का कैफ और दो साल की कशफ नल्हण अस्पताल में लड़ रहे हैं मौत से जंग

### पुलिस ने अज्ञात क्रेटा चालक के खिलाफ मुकदमा लिख तलाश शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए खूनी मार्ग एक बार फिर एक परिवार के खून से लाल हो गया। भादस गांव के समीप बाइक पर सवार होकर बडकली चौक की तरफ आ रहे राजस्थान के एक परिवार को क्रेटा गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे दंपति व बच्चे सहित तीन की मौत हो गई। जबकि उनके दो बच्चे इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक आरिफ पुत्र हासम माटाबास जिला अलवर राजस्थान उम्र 28 साल अपने गांव से अपने रिश्तेदारी दिहाना में बच्चों सहित मिलने के लिए आया था। जब वह अपने गांव वापस लौट रहा था तो भादस गांव के गुरुकुल के समीप क्रेटा गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पूरी तरह से टूट गई और इस हादसे में आरिफ व पत्नी सुहाना परवीन व उनकी पुत्री काईफा उम्र 6 साल में दम तोड़ दिया। पत्नी सुहाना परवीन ने इलाज के लिए दिल्ली जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इसके अलावा उनकी पत्नी सुहाना परवीन को गंभीर चोट लगने के कारण नल्हड़ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे दिल्ली रैफर कर दिया। दिल्ली ले जाते समय सुहाना परवीन ने भी दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।

इस हादसे में दंपति व उनकी एक बच्ची की जान जा चुकी है, जबकि कैफ उम्र 8 साल तथा कशफ उम्र 2 साल अभी भी अस्पताल में मौत व जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। नगीना पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडी खेड़ा से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। इस हादसे के बाद मेवात जिले के दिहाना तथा राजस्थान के अलवर जिले के माटाबास में मातम पसरा है। एक ही परिवार के तीन




### खूनी हाईवे को चौड़ा करने का सिर्फ मिल रहा भरोसा

खास बात यह है कि लगातार इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे हो रहे हैं। हर दिन किसी ना किसी हादसे से सड़क लाल हो रही है। इलाके के लोग लंबे समय से इस मार्ग को चार मार्ग बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार का इस तरफ कोई खास ध्यान नहीं है। कई साल से सरकार इलाके के लोगों को मार्ग को चौड़ा करने का भरोसा देती आ रही है, लेकिन अभी तक टेंडर भी नहीं हो पाया है।



लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2 बच्चे अभी भी गंभीर रूप से मौत व जिंदगी से जंग लड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि मृतक आरिफ अपनी ससुराल दिहाना में किसी बीमार रिश्तेदार से मिलने के लिए परिवार सहित आया था, लेकिन वापस अपने घर सही सलामत नहीं लौट सका। पुलिस ने अज्ञात क्रेटा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश तेज कर दी है।

### सड़क हादसे में एक किसान की मौत

पुन्हाना-शिकरावा मार्ग पर राजपुर कुछकबान गांव के समीप पुनहाना से वापस घर लौट रहे एक किसान को कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिससे किसान की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नूर मोहम्मद पुत्र नबीला उम्र 55 साल निवासी राजपुर कुछकबान किसी काम से पुनहाना गया हुआ था। जब वह वापस गांव लौट रहा था तो गांव के समीप ही उसे कंटेनर एचआर 74 बी 9417 ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच अधिकारी धर्मेंद्र ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा से पोस्टमार्टम कराया गया है। ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंटेनर को कब्जे में ले लिया गया है, जांच की जा रही है। घटना के बाद से कंटेनर चालक फरार है।



बदरपुर में अभियान को समर्थन देते गोत्र पाल के चौधरी।

# अधिकार मिलते नहीं छीनने पड़ते हैं, आंदोलन को सड़कों पर लाने की जरूरत : चौधरी हनीफ

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

नगीना उप तहसील के गांव बदरपुर में बुधवार को चौधरी हनीफ ने गांधी धारा भारत न्यारा प्यारा अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकार छीनने से मिलते हैं घर बैठे नहीं मिलते। इसके लिए आवाज बुलंद करनी पड़ती है सड़कों पर उतरना पड़ता है, तब जाकर मांग पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि अब गोत्र पाल के चौधरियों ने नगीना उप तहसील को उपमंडल बनाने का समर्थन दे दिया है।

इसलिए, सरकार को झुकना ही पड़ेगा। यह लंबी लड़ाई है, इसके लिए नगीना क्षेत्रवासियों को एकजुट होना पड़ेगा अन्यथा 50 साल पीछे पहुंच जाएंगे। क्षेत्र को मुख्यधारा में लाने के लिए यह आंदोलन अहम होगा। खानपुर घाटी के चौधरी इलियास, रनियाला पटाकपुर के चौधरी सुभान खान ने कहा कि एक दर्जन गांव हमारी

### गोत्र-पाल के चौधरियों ने झोंकी नगीना को उपमंडल बनाने में ताकत

चौधर में पड़ते हैं। इन गांवों का पूर्ण समर्थन आंदोलन को कामयाब बनाने के लिए तन मन धन से करने के लिए तैयार हैं। सरपंच सगीर अहमद, ब्लॉक समिति सदस्य जाकिर हुसैन का कहना है कि गोत्र पालकी चौधरियों की ताकत सरकार भी जानती है। इसीलिए कोई बड़ा कदम उठाने से पहले हरियाणा सरकार को नगीना उपमंडल बनाने पर अमल कर लेना चाहिए। मौके पर पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जान मोहम्मद, जिला पार्षद मुमताज अली, उप चेयरमैन इकबाल खान, पूर्व सरपंच मजीद, बाजीजपुर सरपंच राजूद्दीन, हाजी मुश्ताक, हाजी अली, हाजी हुसैन खान आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ओवरलोड वाहनों के किए जाए चालान : उपायुक्त




सड़क सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अजय कुमार।

मेवात। उपायुक्त अजय कुमार की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला उपायुक्त ने कहा कि नूंह शहर का नेशनल हाईवे 248-ए सर्विस रोड की रिपेयरिंग की जाएगी। यह सर्विस रोड नूंह शहर से लेकर सोहना तक बनाया जाएगा । यह सर्विस रोड बनने से परिवहन में आसानी होगी और लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिला की विभिन्न सड़कों पर हुए गड्ढों को तुरंत भरने के आदेश दिए ताकि आमजन को आने जाने में कोई कोई परेशानी ना हो।उपायुक्त अजय कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो ओवर लोडिंग वाहनों की चैकिंग करें और ओवर स्पीड से चलने वाले वाहनों के भी चालन करें। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि खाली डंपरों के ओवर स्पीड चलने पर जगह-जगह नाके लगाकर उनके चालान किए जाए।

### हर घर तक पहुंचाएं स्वच्छ पेयजल : नरेंद्र

मेवात। हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर को नल से जल योजना का लाभ नूह जिले के हर घर को देने में पंप ऑपरेटर अपनी खास भूमिका निभा सकते हैं। सभी पंप ऑपरेटर अगर नियम व ईमानदारी से अपना काम करें तो वे हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने में सहयोगी बन सकते हैं। ये शब्द आज श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जल एवम् स्वच्छता सहायक संगठन के तत्वावधान में नूह जिले के गांवों में कार्यरत पंप आपरेटरों के लिए आयोजित मंगलवार से शुरू हुए छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज ने कहे। इस प्रशिक्षण शिविर में दूसरे दिन आए सभी पंप आपरेटरों को नूंह जिले के मालब गांव में स्थित पॉलिटेक्निकल कॉलेज के सेमिनार हाल में संबोधित करते हुए जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि हर घर को स्वच्छ पेयजल पहुंचाना विभाग के साथ साथ पंप ऑपरेटर का भी नैतिक दायित्व है। इस कार्यक्रम में पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के नोडल अधिकारी प्रदीप कुमार ने भी शिरकत की।

### जिला स्तरीय बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने की बैंकर्स की प्रगति

मेवात। लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा समिति में विभिन्न बैंकों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने की। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी बैंकर्स को निर्धारित लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री परिवार अंत्योदय उत्थान योजना की शुरूआत की है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। योजना के तहत जिला में अंत्योदय उत्थान मेलों का आयोजन किया गया है। इन मेलों के माध्यम से जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उन परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना है और उनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये तक बढ़ानी है। इसके लिए सभी बैंकर्स प्राथमिकता के आधार पर आर्थिक स्थिति से कमजोर परिवारों के व्यक्तियों को शत प्रतिशत ऋण उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि संबंधित लंबित सभी कार्यों को पूरा किया जाए और इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में दें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गरीब परिवारों व जरूरतमंदों को बैंक ऋण से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाए। उन्होंने कहा कि हमारा परम कर्तव्य बनता है कि गरीब परिवार व जरूरतमंदों की निस्वार्थ भाव से सहायता करें।

### चिन्हित अपराध की समीक्षा कर उपायुक्त ने दिए निर्देश

मेवात। उपायुक्त अजय कुमार ने चिन्हित अपराध को लेकर आयोजित समीक्षात्मक बैठक में कहा कि अकसर यह देखने में आता है कि कोर्ट में केस की मजबूत पैरवी न होने के कारण अपराधी बच जाते हैं। साक्ष्यों के अभाव और कमजोर पैरवी के कारण ये केस न्यायालय में टिक नहीं पाते। इसलिए कानूनी तकनीकी और विभिन्न प्रकार के केसों में साक्ष्यों के बचाव और उनकी सुरक्षा तथा कानूनी पहलुओं द्वारा मजबूत पैरवी संबंधित अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि कोई मामला अगर आता है तो उस पर निष्पक्ष रुप से जांच की जाए, जांच के हर पहलु को बारिकी से परखा जाए।

### परिवार पहचान पत्र का डाटा ठीक कराने को लगेंगे कैंप : आनंद शर्मा

मेवात। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला में 55000 परिवार पहचान पत्रों में समस्या पाए, जाने पर इन परिवारों का डाटा इंश्यु करने के लिए ब्लॉक स्तर पर विभिन्न गांव में कैंप लगाए जाएंगे। यह कैंप 29 सितंबर से 13 अक्टूबर 2022 तक चलेंगे इस दौरान कोई भी व्यक्ति अपने परिवार पहचान पत्र की प्रशासन की ओर से लगाए जाने वाले इन कैंपों में आकर डाटा इंश्यु संबंधी जानकारी ले सकता है।


## पायनियर क्लासीफाइड

### बेदखली सूचना

मैं, सुखविंदर कौर पत्नी जसबीर सिंह निवासी 3862/8, गांधी नगर, कुरुक्षेत्र का पुत्र गुरजीत सिंह उर्फ राजू और उसकी पत्नी रज्जी कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैंने उन्हें अपनी चल-अचल जायदाद से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके कार्यों/ लेनदेन के लिए मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

### खोया-पाया

मैं, रेखा पत्नी श्री संजीव पांचाल निवासी मं नं 807/26,वैस्ट राम नगर, सोनीपत मेरे ओरिजनल कागजात सेल डीड नं 3159 दिनांक 28.09.1992और सेल डीड नं 4449 दिनांक 06.12.2001कही गुम/खो गई है अगर किसी को मिले तो उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें-8901440417

मैं, सुनीता पत्नी श्री जितेन्द्र निवासी मं नं 70/4,कोट मोहल्ला, सोनीपत मेरे ओरिजनल कागजात सेल डीड नं 1127 दिनांक 31.05.1991कही गुम/खो गई है अगर किसी को मिले तो उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें-70155 06252

### बेदखली सूचना

मैं, वेदप्रकाश पुत्र रामेश्वर व कमलेश पत्नी वेदप्रकाश निवासीगण 989/29, गली नं0 3, ककरोई रोड, विकास नगर, सोनीपत, ब्यान करते है कि हमारा लड़का गोविन्द जोकि विवाहित है व उसकी धर्मपत्नी आकांक्षा हमारे कहने सुनने से बाहर है जोकि हमारी व हमारे परिवार की बात नही मानते है व हमारे साथ रोजाना झगडा करते है। हमारे उपरोक्त लडके गोविन्द व उसकी धर्मपत्नी आकांक्षा को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गये किसी लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। कोई कानूनी रिश्ता नही होगा।

### बेदखली सूचना

मैं, रामनिवास पुत्र श्री बारू निवासी गांव जलमाना तहसील असन्ध जिला करनाल ब्यान करता हुं कि विक्रम शर्मा मेरा सगा लड़का है। जो कि विवाहित है और इसकी पत्नी का नाम ममता है। मेरा उक्त लड़का व इसकी पत्नी दोनो मेरे कहने सुनने से बाहर है। मै अपने उक्त लड़के विक्रम शर्मा व इसकी पत्नी ममता दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गये किसी लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। कोई कानूनी रिश्ता नही होगा।


# सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा चोर, दस दिन पूर्व चोरी बाइक बरामद



एजेंसी। पुन्हाना

दस दिन पूर्व शहर की अनाजमंडी से चोरी हुई एक मोटरसाइकिल को स्थानीय सिटी चौकी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करके उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को एक दिन पुलिस रिमांड पर लेकर चोरी हुई मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक पुलिस बाइक चोरी की घटनाओं को लेकर सतर्क है। अब तक दर्जनों बाइक चोरों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि बीती 17 सितम्बर को पुन्हाना अनाजमंडी से एक स्प्लेंडर बाइक चोरी हुई थी। चोरी की वारदात मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर पहचान लगाते हुए आरोपी अलमुद्दीन पुत्र ताजुद्दीन निवासी शाहचौखा को उसके ठिकाने से धर दबोचा। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने उपरांत एक दिन के पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान आरोपी के बताए ठिकाने से चोरी की गई बाइक को भी बरामद कर दिया। चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शहर में बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिहाज से लगातार बाइक चोरों को पकड़ने का अभियान जारी है। अब तक दर्जन भर चोर गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार सहित चौकी स्टाफ की कार्य शैली की शहर पुन्हाना सहित पिनगवां कस्बे व गांवों प्रशंसा है। अपराधियों के प्रति कड़क स्वभाव व लोगों के मामले तत्काल निपटाने में चौकी प्रभारी की कार्यशैली की चर्चा रहती है।

### कहा, दर्जनों बाइक चोरों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी

# हमें किसी बाहरी की जरूरत नहीं, मेवात अपने मामले खुद सुलझा लेगा : सद्भावना संसद

## जमीयत उलेमा की सद्भावना संसद लगी रामलीला कमेटी मंच पर

### सद्भावना संसद का दशकों से हो रहा है फिरोजपुर झिरका के रामलीला मंच पर

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

जमीयत उलेमा ए हिंद सद्भावना संसद की बुधवार को नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका श्रीरामलीला कमेटी के मंच पर एक अद्भुत, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक तस्वीर देखने को मिली। जिससे दिल को काफी सुकून मिला। जमीयत उलेमा ए हिंद की सद्भावना संसद, धर्म संसद के मुकाबले में आयोजित की गई।

आयोजकों के मुताबिक धर्म संसद में जिस तरह देश को बांटने और भड़काऊ भाषण देखने को मिले, उससे उलट सद्भावना संसद में एकता व भाईचारे की तस्वीर देखने को मिली। खास बात यह रही कि यह सद्भावना संसद किसी आम मैदान या जगह पर नहीं हुई बल्कि कई दशकों से फिरोजपुर झिरका शहर में जिस मंच पर रामलीला का आयोजन होता है। उसी मंच पर बुधवार को जमीयत उलेमा ए हिंद की सद्भावना संसद देखने को मिली। सद्भावना संसद में आरएसएस, भाजपा, कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी के नेताओं के अलावा इलाके व आसपास के क्षेत्रों से हिंदू तथा मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। देश में आपसी सौहार्द व भाईचारा कायम रहे तथा जिस अमन की धरती मेवात को दुनिया भर में अपराध की दृष्टि से या फिर एक धर्म विशेष की कट्टरता की वजह से बदनाम किया जाता है। उस मेवात की ऐसी तस्वीर उन लोगों के मुंह पर करारा तमाचा है, जो इस इलाके के सौहार्द को बिगाड़ने की लंबे समय से नापाक कोशिश करते रहे हैं। फिरोजपुर झिरका में बुधवार को हुई जमीयत उलेमा की सद्भावना संसद के बाद अब जल्दी ही मेवात जिले के पुनहाना में सद्भावना संसद का आयोजन जमीयत उलेमा की तरफ से किया जाएगा। जिसमें सभी धर्मों के लोग बड़ी तादाद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। सद्भावना संसद के बाद एक बात तो साफ है कि अब यहां का हिंदू व मुस्लिम समाज पूरी तरह से जागरूक हो चुका है। गौरक्षा तथा बजरंग दल के नाम पर पिछले कुछ दिनों में जिस तरह की तस्वीरें इस शांतिप्रिय इलाके में देखने को मिली है। अब सद्भावना संसद के बाद शायद ऐसी तस्वीरें देखने को नहीं मिलेगी। सद्भावना संसद में दोनों समुदाय के लोगों ने दो टूक शब्दों में कहा कि हमें बाहर के लोगों की जरूरत नहीं है, कोई विवाद होगा तो आपस में भाई-भाई मिलजुल कर उसका निपटारा कर लेंगे। कुल मिलाकर यह तस्वीर शासन-प्रशासन को बेहद राहत देने वाली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से महज 70 किलोमीटर की दूरी पर बसा मुस्लिम बाहुल्य जिला नूंह सदियों से अमन व भाईचारे के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ सालों से इस इलाके के अमन को खराब करने की नापाक साजिश रचने वाले लोग सक्रिय हो चुके हैं। सद्भावना संसद की शुरुआत के बाद उम्मीद यही की जा रही है कि मेवात में फिर से आपसी भाईचारा प्रगाढ़ होगा और ऐसे लोगों को यहां से खदेड़ दिया जाएगा, जो भाई को भाई से लड़ाने की साजिश रच रहे हैं।




# राव इंदरजीत के मंत्री रहते तावडू के विकास में नहीं होगी कमी : आरती राव

## भाजपा कार्यकारिणी सदस्य व केंद्रीय मंत्री की पुत्री ने किया सौंदर्यीकरण का शिलान्यास

### शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान आरती राव।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू।

नगर के ढिढारा बाईपास पर बुधवार को नगर में मुख्य द्वार एवं मार्ग सौन्दर्यीकरण निर्माण कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की पुत्री आरती राव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम के मौके पर बड़ी संख्या में राव इंद्रजीत समर्थक और तावडू भाजपा टीम के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित केंद्रीय मंत्री राव इंदरजीत सिंह व सोहना-तावडू विधायक कुंवर संजय सिंह के अन्य कार्यक्रमों में जरूरी व्यस्तता के चलते नहीं पहुंच सके थे। उनके स्थान पर भाजपा कार्यकारिणी सदस्य एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की पुत्री आरती राव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। जिन्होंने शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम का उद्घाटन के अलावा नगर में एक राव तुलाराम पार्क का भी उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सिरमथतला रैली के दौरान की गई घोषणा के अंतर्गत नगर सोहना- रेवाड़ी रोड, नूंह पटौदी रोड के मुख्य द्वार एवं सौंदर्यीकरण के निर्माण कार्यों पर 6 करोड से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। केंद्र में राव इंद्रजीत सिंह के मंत्री होते हुए तावडू क्षेत्र के विकास में नहीं पिछड़ने दिया जाएगा।क्षेत्र की सभी मुख्य मांगो और विकास कार्यों को लेकर मंत्री गंभीर हैं। केंद्रीय मंत्री तावडू क्षेत्र सहित पूरे दक्षिण हरियाणा के विकास को लेकर मुख्यमंत्री के संपर्क में रहते हैं। उन्होंने बताया कि भारी व्यस्तता के चलते वह कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। वहीं इस मौके पर मौजूद तावडू नगर पालिका चेयर पर्सन मनीता गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री की सिरमथुरा रैली के दौरान की गई घोषणा के मुताबिक नगर के वार्ड 1 से 15 के मुख्य मार्गो का सौंदर्यीकरण का लोकार्पण हुआ है। इस मौके पर उन्होंने मुख्य अतिथि को एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत सोहना-बाईपास से पटौदी चौक सड़क के दोनों ओर व बिलासपुर मार्ग पर स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट तक नाला निर्माण की मांग की इसके अलावा नगर के बावला सड़क मरम्मत करवाने,शहर के कन्या विद्यालय में कमरा निर्माण सहित हुड्डा अधिकृत भूमि में दंत महाविद्यालय (डेंटल कॉलेज) सहित कुल 8 विशेष मांगों का पत्र सौंपा। जिस पर मुख्य अतिथि आरती राव ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मामले में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा मुख्यमंत्री से पत्राचार किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मौके पर उनके साथ पटौदी से पूर्व विधायक बिमला चौधरी, तावडू ब्लॉक समिति चेयरमैन नरेश यादव, पार्षद कृष्ण सहरावत, वरिष्ठ समाजसेवी आशीष गर्ग, सुरेश प्रधान, मुकेश सरपंच मोहम्मदपुर अहिर, जीएस सैनी, तावडू भाजपा मंडल टीम व जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ आबिद, बिजली विभाग के एसडीओ संदीप कुंडू, नगर पालिका एमई मनीष सेहरावत, अभियंता राशिद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# गहलौत की रणनीति

## कांग्रेस में संकट

**कांग्रेस** नेतृत्व यह समझने में विफल रहा कि अशोक गहलौत राजस्थान में मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत की उसके लिए उम्मीदवारी से एक बार फिर पार्टी नेतृत्व, यानी गांधी परिवार की भयानक अक्षमता स्पष्ट हुई है। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि वे अनेक बार स्थिति का आंकलन करने में विफल रहे हैं। ऐसा लगता था कि अंतर-पार्टी चुनाव से गांधी परिवार को 'एक तीर से दो शिकार' करने का मौका मिल सकता है। इससे कांग्रेस को एक गैर-परिवार पार्टी अध्यक्ष मिल जाएगा और भारतीय जनता पार्टी को 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' पर हमले की धार कुंद हो जाएगी जो उसे परिवार-संचालित पार्टी कहती है। इससे राजस्थान में गहलौत-पायलट टकराव भी समाप्त हो जाएगा। हमने इस पर संपादकीय टिप्पणी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गहलौत शुरुआत से ही राष्ट्रीय भूमिका के लिए राजस्थान का सर्वोच्च पद छोड़ने को तैयार नहीं थे। शायद उनका विश्वास था कि नई दिल्ली में सेवा करने के बजाय जयपुर में शासन करना बेहतर है क्योंकि गांधी परिवार के आर्शीवाद से पार्टी अध्यक्ष बनने का अर्थ उनकी निगरानी में काम करना होगा। लेकिन मुख्यमंत्री पद छोड़ने की अनिच्छा तथा इस जिद में भारी फर्क है कि किसी भी कीमत पर यह पद उनके विश्वासपात्र को दिया जाए। उनके समर्थन में 90 से अधिक कांग्रेस विधायकों के विद्रोह ने केवल गांधी परिवार को नाराज किया है, बल्कि इससे देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष पद की उनकी उम्मीदवारी भी खटाई में फंस गई है। रविवार को सचिन पायलेट के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर 90 विधायकों ने इस्तीफे की धमकी दे दी।



बताया जाता है कि 'व्यथित और अपमानित' गांधी परिवार कांग्रेस के सर्वोच्च पद के लिए गहलौत के विकल्पों की तलाश कर रहा है। कहा जाता है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल नाथ राष्ट्रीय राजधानी में सोनिया गांधी के साथ बैठक के लिए पहुंचे हैं। लेकिन इन सबसे गहलौत या उनके विधायक हतोत्साहित नहीं लगते हैं। उन्होंने आलाकमान के पर्यवेक्षकों-अजय माकन व मल्लिकार्जुन खड़गे से बात करने से इनकार कर दिया। वे चाहते थे कि अगले मुख्यमंत्री का निर्णय अगला कांग्रेस अध्यक्ष चुनने के बाद हो। माकन ने यह बात मीडिया से बताते हुए कहा कि यदि यह प्रस्ताव पास हो जाता तो 'हितों का टकराव' होता क्योंकि 'गहलौत पहले ही पार्टी अध्यक्ष बन चुके होते। इस प्रकार उनको राजस्थान में अपना वारिस चुनने की शक्ति मिल जाती।' यह बात ठीक है, लेकिन गहलौत व उनके विधायकों ने अगले मुख्यमंत्री के मामले में जिद पकड़ ली। सभी जानते हैं कि 71 वर्षीय राजस्थान के मुख्यमंत्री और उनके युवा प्रतिद्वंद्वी के बीच टकराव है और यह 2020 में असफल विद्रोह के बाद और तेज हो गया है। लेकिन निश्चित रूप से गांधी परिवार व कुछ अन्य लोग यह नहीं समझते थे कि यह सीमायें पार कर जाएगा और इससे निपटना कठिन हो जाएगा। क्या अब दुश्मनी केवल राजनीतिक नहीं है? क्या यह व्यक्तिगत हो गई है? केवल गहलौत और पायलेट ही इन सवालों का जवाब दे सकते हैं, लेकिन इतना स्पष्ट है कि इस प्रकरण से गांधी परिवार की क्षमता पर एक और सवालिया निशान लग गया है। भला राहुल गांधी विपक्ष को कैसे एकजुट कर सकते हैं, जबकि वे अपने नेताओं को ही एकजुट नहीं रख पा रहे हैं? समय आ गया है कि कांग्रेस का सर्वोच्च नेतृत्व अपना घर व्यवस्थित रखने पर ध्यान दे।

# मुख्यधारा मीडिया के समक्ष चुनौतियां

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा 20 सितंबर को एशिया पैसिफिक इंस्टीट्यूट फार ब्राडकास्टिंग डेवलपमेंट-एआईबीडी में दिए भाषण का संपादित स्वरूप।



**अनुराग ठाकुर**
(लेखक, सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)



मुझे एशिया-प्रशांत इंस्टीट्यूट फार ब्राडकास्टिंग डेवलपमेंट-एआईबीडी की आम सभा बैठक 2022 में शामिल होने तथा एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ब्राडकास्टरों की सम्मानित सभा को संबोधित करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता है। सबसे पहले मैं ब्राडकास्टरों के लिए एक समुचित प्लेटफार्म तैयार करने के लिए एआईबीडी को मुबारकवाद देना चाहता हूं जहां वे अपना सुदृढ़ भविष्य बनाने के बारे में राय व्यक्त कर सकते हैं तथा टिप्पणियां कर सकते हैं।

मुझे बताया गया है कि कोविड के कठिन समय में भी जब दुनिया भय और निराशा से ग्रस्त थी तथा लाकडाउनों ने जीवन की गति धीमी कर दी थी व अर्थव्यवस्थाओं पर भारी दबाव था, तब भी एआईबीडी नेतृत्व ने सदस्य देशों से आनलाइन संपर्क बनाए रखा तथा इस बारे में लगातार संवाद किया कि मीडिया महामारी का प्रभाव कम करने में किस प्रकार योगदान कर सकता है। सदस्य देशों को चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम परिवर्तनों के बारे में सूचनायें साझा कर बहुत लाभ हुआ। कोविड विजेताओं की सकारात्मक गाथाओं का प्रसार करने व ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से महामारी के समय तेजी से फैलने वाली फर्जी खबरों पर लगाम लगाने में इससे बहुत सहायता मिली।

यदि हम इस आयोजन के विषय के बारे में बात करें तो यह महामारी-पश्चात युग में प्रसारण का सुदृढ़ भविष्य सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। मीडिया ने ही इस कठिन समय में दुनिया को एक मंच पर लाने तथा एक विश्व परिवार की भावना मजबूत करने का काम किया है। हमने अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार द्वारा कोविड-19 के इस अत्यधिक कठिन समय में मीडिया का व्यापक प्रयोग देखा है जिसमें मुख्यधारा मीडिया व डिजिटल मंच, दोनों शामिल हैं।

सूचना के समय पर व पारदर्शी ढंग से साझा करने से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हुई, अफवाहों पर विराम लगा तथा महामारी के बारे में जागरूकता का लगातार विस्तार हुआ जो निरंतर नए-नए रूपों में सामने आ रही थी और अब भी हो रही है। अपने मीडिया मित्रों के साथ मिल कर हमने सुनिश्चित किया कि दुनिया भर में लाखों लोगों का जीवन बचाया जाए। यदि समय पर सुरक्षा उपायों तथा कोविड-19 से बचाव के तरीकों पर सूचनाओं का समय पर संप्रेषण न होता तो और लाखों लोगों की जान जाती।

मैं खासतौर से भारत के सरकारी सेवा ब्राडकास्टरों-दूरदर्शन व आल इंडिया रेडियो की प्रशंसा करना चाहूंगा जिन्होंने बहुत संतोषजनक ढंग से सार्वजनिक सेवाओं का अपना दायित्व पूरा किया तथा महामारी के परीक्षा वाले समय में मजबूती से जनता के साथ खड़े रहे। अन्य भारतीय ब्राडकास्टरों व भारतीय मीडिया ने सामान्य रूप से सुनिश्चित किया कि कोविड-19 के बारे में जागरूकता संदेशों, महत्वपूर्ण सरकारी दिशानिर्देशों व डाक्टरों के साथ मुफ्त आनलाइन विचार-विमर्श देश के हर कोने तक पहुंचे। 'डाक्टर्स स्पीक' जैसे कार्यक्रमों व 'मास्क-अप इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से सार्वजनिक ब्राडकास्टर दूरदर्शन ने ऐसे समय बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जब महामारी के बारे में फर्जी खबरें विभीषिका बन सकती थीं।

दुनिया भर में मीडिया ने अपने देशों की जनता को वैक्सीनों की उपलब्धता तथा कोरोनावायरस के खिलाफ टीकाकरण के लाभों के बारे में शिक्षा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था को टीकों के प्रति हिचक दूर करने में सहायता मिली। कोविड-19 संकट ने हमारे सामने चुनौतियों के साथ एक अवसर भी पेश किया। इससे न केवल पत्रकारिता की पुन: खोज हुई, बल्कि मीडिया को खबरों व सूचनाओं के विश्वसनीय स्रोत के रूप में स्थापित किया।

हमारे मुख्यधारा मीडिया संगठनों के समक्ष महान चुनौती है कि वे सच्ची, सटीक व विश्वसनीय खबरें तेजी से प्रसारित करें तथा इसके साथ ही मीडिया की नैतिकता व मूल्य बनाए रखें। असली पत्रकारिता का संबंध तथ्यों, सच्चाई के प्रस्तुतीकरण तथा सभी पक्षों को अपने विचार रखने के प्लेटफार्म उपलब्ध कराने से है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि मुख्यधारा मीडिया को सबसे बड़ा खतरा नए युग के डिजिटल मंचों के बजाय स्वयं मुख्यधारा मीडिया चैनलों से है। यदि आप ध्रुवीकरण पैदा करने वाले अतिथियों को आमंत्रित करने का निर्णय करते हैं जो झूठे विमर्श फैलाते हैं तथा पूरी ताकत लगा कर चीखते-चिल्लाते हैं तो आपके चैनल की विश्वसनीयता गिरती है। दर्शकों की नजर में आपकी विश्वसनीयता आमंत्रित अतिथियों, उनकी शैली तथा विजुअल्स से तय होती है। दर्शक एक मिनट के लिए आपका शो देखने के लिए ठहर सकते हैं, पर वे कभी आपके एंकर, चैनल या ब्रांड पर खबरों के पारदर्शी स्रोत के रूप में विश्वास नहीं करेंगे।

इसलिए आज ब्राडकास्टरों से मेरा सवाल यह है कि क्या आप ऐसा विमर्श फैलाना चाहते हैं जो 'साउंड बाइट्स' से तय हो, या आप स्वयं को अपने अतिथियों व चैनल के माध्यम से पुन: परिभाषित करना चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं कि युवा पीढ़ी टीवी खबरों में चीख-चिल्लाहट से प्रभावित हो या आप खबरों और बहसों में होने वाली चर्चाओं में निष्पक्षता बरतते हुए खेल में आगे रहना चाहते हैं? क्या आप ऐसे विजुअल दिखाना चाहते हैं जो लोगों को आकर्षित कर उनमें गुस्सा भड़कायें या संयम बरत कर ऐसे विजुअल दिखाना चाहेंगे जो पूरी तस्वीर सामने रखें? अंतत: सवाल यह है कि आप अपनी टीवी खबरों, विषयवस्तु, प्रस्तुतीकरण व संप्रेषण को किस प्रकार खोजना व पुन: परिभाषित करना चाहेंगे कि वह नौजवान पीढ़ी के दर्शकों-स्रोताओं तक पहुंचे जिनको लगातार सोशल मीडिया मंचों से सूचनायें मिल रही हैं? इस जबरदस्त प्रतियोगिता के समय में अपने मूल्यों से समझौता करने के बजाय हमें कठोर परिश्रम कर पेशेवर भावना बनाए रखनी होगी। मेरा दृढ़ विश्वास है कि पत्रकारों का दायित्व बिना तोड़-मरोड़ के खबरें देना तथा उन लोगों से प्रचार में प्रतियोगिता का लाच छोड़ना है जो फर्जी खबरें फैलाते हैं। एआईबीडी एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जिसे मीडिया प्रेक्टिशनरों को प्रशिक्षित करने तथा उनको सर्वोत्तम पेशेवर कौशलों से लैस करने का काम करना चाहिए ताकि हम मीडिया की और व्यापक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकें। भारत आपके प्रयासों में सहायता के लिए तैयार है।

सहयोग का एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र सदस्य देशों के बीच अच्छी गुणवत्ता वाली विषयवस्तु का आदान-प्रदान है। प्रसार भारती डीडी इंडिय चैनल का साझा दक्षिण कोरिया के ओटीटी मंचों पर परस्पर आधार पर करता है जिसमें अनेक सह-प्रोडक्शन कार्यक्रमों का आदान-प्रदान शामिल है। प्रसार भारती बांग्लादेश टीवी का अपने फ्री डिश प्लेटफार्म पर अपलिंक करता है। हमने मार्च, 2022 में कार्यक्रम साझे के माध्यम से प्रसारण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया के साथ साझा किया है। दोनों देश के ब्राडकास्टर सह-प्रोडक्शन व कार्यक्रमों के संयुक्त प्रसारण पर विचार कर रहे हैं। इसमें अनेक प्रकार के कार्यक्रम शामिल हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता होती है कि डीडी इंडिया का लक्ष्य वैश्विक सार्वजनिक ब्राडकास्टर चैनल बनना है जो अब ओटीटी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

प्रिय प्रतिनिधियों, आप ऐसे समय भारत आए हैं जब हम स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह समय उन सैकड़ों-हजारों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का है जिन्होंने अपना जीवन बलिदान कर देश को विदेशी शासकों के शिकंजे से आजाद कराया। यह हमारे लिए उत्सव का समय है जिसे हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' कहते हैं। इसने एक जन-अभियान का रूप ले लिया है जहां जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग देश भर में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। अपनी बात समाप्त करने के पहले मैं कहना चाहता हूं कि मेरा मीडिया के सभी रूपों में विश्वास है। जनता के दृष्टिकोण को स्वरूप देने और उसे तय करने में उनकी असाधारण क्षमता है। वे सशक्तीकरण का प्रभावी उपकरण हैं। मीडिया के स्पेस को ज्यादा जीवन्त व लाभदायक बना कर अपने पत्रकारों व ब्राडकास्टरों के लिए ज्यादा सक्षम करने वाला परिवेश बनाना जरूरी है। मुझे आशा है कि एआईबीडी के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का भारत में प्रवास बहुत आनन्ददायक रहेगा। मुझे विश्वास है कि दो दिनों में आपकी चर्चा बहुत सार्थक होगी तथा उससे मीडिया उद्योग के बारे में नई गहन जानकारियां प्राप्त होंगी।

# भारत में चीतों के पुनरागमन का स्वागत

**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक, आईसीएफआरआई के पूर्व महानिदेशक हैं)



भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से चीतों का पुन: आगमन स्वागत योग्य है, लेकिन आदतन नकारात्मक सोच रखने वाले कुछ लोग तथा वास्तविक जीवन से कटे कुछ पर्यावरणविद् तर्क दे रहे हैं कि भारत में अफ्रीकी चीतों का पुन: बसाया जाना अच्छा विचार नहीं है।

मध्य प्रदेश (अब छत्तीसगढ़ में) में कोरिया एस्टेट के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव द्वारा अंतिम जीवित चीते की शिकार के नाम पर की गई हत्या के 70 साल बाद, केंद्र ने देश में चीतों को फिर से पेश किया। शंघाई सहयोग से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑर्गनाइजेशन समिट ने मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में 17 सितंबर 2022 को आठ चीतों के पहले जत्थे को लाकर बसाया गया।

चीतों को पहले कुछ दिनों के लिए एक बाड़े में रखा जाएगा और फिर धीरे-धीरे एक बड़े बाड़ वाले क्षेत्र में और अंतत: जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। चीतों की रिहाई न केवल वन्यजीवों के संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि जैव विविधता की खोई हुई विरासत को वापस लाने और पृथ्वी पर सभी जीवन रूपों के सह-अस्तित्व का जश्न मनाने के सभ्यतागत संदेश के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह अत्यंत बदनाम भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए भी गौरव का क्षण है, जो गुमराह रजवाड़ों द्वारा बंदूक के जरिए बहादुरी की झूठी शान दिखाने के कारण शिकार हुई और विलुप्त होने के कगार पर पहुंची, इस कीमती प्रजाति को वापस पाने के लिए एक सदी से भी अधिक समय से आईएफएस का उपयोग कर रही है। चीता दुनिया का सबसे करिश्माई, सुंदर और तेज दौड़ने वाला जानवर है।

चीता महज तीन सेकेंड में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है। टॉप स्पीड पर, उनकी छलांग 23 फीट लंबी होती है जो उन्हें भयानक शिकारी बनाती है। नर और मादा चीते अलग-अलग रहते हैं। नर भाई-बहन दो से तीन या उससे भी अधिक के समूह में चलते हैं और इसे गठबंधन कहा जाता है जो जीवन भर रहता है और अपने क्षेत्र की अच्छी तरह से रक्षा करता है, जबकि मादा चीता अकेली रहती है और नर से केवल संभोग के समय मिलती है। चीते इंसानों के लिए ज्यादा चुनौती नहीं पेश करते हैं और कई राजघराने और अन्य लोग उनका पालन-पोषण करते थे और शिकार



के लिए उनका इस्तेमाल करते थे। सिंह परिवार की अन्य बिल्लियों के विपरीत, वे दहाड़ते नहीं हैं, लेकिन म्याऊ या गड़गड़ाहट करते हैं। हालांकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को छोड़ने के बाद, वनवासियों के लिए असली चुनौती यह देखने की शुरू हो गई है कि क्या हम चीतों के लिए भी बाघ संरक्षण जैसी सफलता को दोहरा सकते हैं या नहीं। अंधाधुंध शिकार और अपने प्राकृतिक आवास के सिमटने के कारण चीता विलुप्त हो गया। यह घास के मैदान में पनपता है और भारत में सबसे दुखद बात यह है कि हमने कभी वन संरक्षण के रूप में घास के मैदानों के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया। अब हमेशा की तरह ऐसे निंदक और बैठे-ठाले पर्यावरण आलोचक हैं जो तर्क देते हैं कि अफ्रीकी चीता लाना एक बुरा विचार है। आज अगर चीता को अपने गृह क्षेत्र के समान नया घर मिल जाए तो जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से इसमें कुछ भी गलत नहीं है। आखिरकार, विकास प्रक्रिया के दौरान जानवरों व पौधों का एक भौगोलिक क्षेत्र से दूसरे स्थान पर प्रवास नियमित रूप से हुआ था। पुन: प्रस्तुति की असली परीक्षा तब होगी जब ये आठ चीते अपने नए घर में ढल जाएंगे और शिकार करना शुरू कर देंगे और अपनी प्राकृतिक शैली में रहेंगे ताकि चीतों के अगले बैच को यहां लाया जा सके। कुनो के बारे में अच्छी बात यह है कि वहां पर इनके जीवित रहने के लिए एक अच्छा शिकार आधार है। दूसरा मसला यह है कि स्थानीय लोग भविष्य में अपनी रिहाइशों की सुरक्षा के संदर्भ में इस नयी बसावट को कैसे देखेंगे।

मध्य प्रदेश सरकार ने पहले ही 24 गांवों को इस वन क्षेत्र से स्थानांतरित कर दिया था और वन विभाग ने उनकी सुरक्षा व आवाजाही के लिए पर्याप्त सावधानी बरती थी। इसके साथ ही 24 घंटे सतर्कता की व्यवस्था की गई थी, लेकिन उन्हें यह देखना होगा कि पेड़ पर चढ़ने वाला तेंदुआ उनके क्षेत्र में प्रवेश न करे। तेंदुआ घात लगाकर शिकार करता है लेकिन चीता के पास पहचान योग्य पंजे नहीं होते हैं और वह एक विशेष प्रकार के पशुओं, जैसे कि मध्यम आकार के मृग, खरगोश, झुंड में चलने वाले जानवरों के बछड़े, पक्षियों आदि का शिकार करता है। तीसरा, वन्य जीवन संस्थान और विश्वविद्यालयों के स्थानीय लोगों व वैज्ञानिक समुदाय को, उदार शोध एवं प्रशिक्षण अनुदान के साथ संरक्षण प्रक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता है। चौथा, शिकारियों को चीतों के पुनरागमन वाले इस पर्यावास क्षेत्र से दूर रखा जाना चाहिए और इसके लिए क्षेत्र स्तर पर वन विभाग के पास सर्वोत्तम उपकरण होने चाहिए। इसलिए केंद्र और मध्य प्रदेश सरकारों को भारत में चीतों के संरक्षण के लिए एक दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी ताकि अगले कुछ वर्षों में चीतों की आबादी बढ़ सके। इसके लिए वन रक्षक से लेकर रेंजर स्तर तक जनशक्ति की स्थिति और बुनियादी ढांचे की समीक्षा की जरूरत है। हमें यह समझना चाहिए कि वर्तमान समय में वन विभाग की जनशक्ति और बेहतर हथियार व अन्य आधुनिक उपकरणों जैसे बुनियादी ढांचे का शिकारियों के बेहतर उपकरणों से कोई मुकाबला नहीं है। वन संरक्षकों को उपयुक्त हथियारों से लैस करना जरूरी है। पार्क निदेशक के लिए यह एक विशेष चुनौती होगी, क्योंकि चीते के प्रजनन के लिए उचित ध्यान व संसाधनों की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की तर्ज पर 'प्रोजेक्ट चीता स्कीम' शुरू करने की जरूरत है।

## आप की बात

### आजाद की पार्टी

**भारतीय** राजनीति बहुआयामी रही है। कभी जितने दल उतने नेता के हालातों से गुजरी राजनैतिक व्यवस्था में नए दलों का प्रादुर्भाव और उनका अवसान भी लोगों ने देखा है। उमा भारती से लेकर ताजा हालातों में अमरिंदर सिंह इसके साक्ष्य हैं। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर अलग हुए गुलाम नबी आजाद ने नई पार्टी का गठन किया है। आज के दौर में कुछ लोगों में राजनीतिक चेतना का विशेष जोश नजर आता है। वैसे आमतौर से लोग दलों के कर्ताधर्ताओं की पृष्ठभूमि देखकर ही उससे जुड़ते हैं। ऐसे में नित निरंतर भारतीय राजनीति द्विदलीय व्यवस्था की ओर बढ़ती जा रही है। भले ही आप और तृणमूल कांग्रेस जैसी क्षेत्रीय पार्टियां इसका अपवाद हों, परंतु केंद्रीय सत्ता के लिए तो भाजपा का मुकाबला कांग्रेस नीत गठबंधन से ही होना है। ऐसे में आजाद कितना किला लड़ा पाएंगे यह देखने वाली बात होगी। यह भी देखना होगा कि जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे गुलाम नबी आजाद की पार्टी वहां अपने लिए कितना स्थान बना पाती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि महबूबा मुफ्ती व फारूक अब्दुल्ला की तुलना में वे ज्यादा बड़ी संख्या में हिंदुओं व मुसलमानों को अपने साथ जोड़ने में सफल होंगे।

-**अमृतलाल मारू,** इंदौर

### मीडिया की विश्वसनीयता

**यदि** बात विश्वास की होती है तो सर्वाधिक विश्वसनीय लिखित समाचार पत्रों और लिखित लिपियों को माना जाता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कम ही भरोसा है जनता जनार्दन का, उसपर पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया नामक संगठन पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा ऐसी खबर चलाना कि संघ जैसा संगठन बनाना चाहता था, यह उनकी विश्वसनीयता पर और प्रश्नचिन्ह लगा देता है। क्योंकि आज भी यही माना जाता है कि अख़बार में खबर छपी है तो सत्य है क्योंकि वो लिखित है। सुरक्षा एजेंसियो को जिस प्रकार के लिखित दस्तावेज पॉपुलर फ्रंट के मिले हैं उसके बाद इस तरह का समाचार प्रस्तुत करना इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को और भी शर्मसार न कर दे, क्योंकि संघ के दस्तावेज देश को जोड़ने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं और पूरे भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने वाले दावे करते हैं, जिसके उलट पॉपुलर फ्रंट के दस्तावेज एक़ कट्टर सोच और भारत को तोड़ने एवं समुदाय विशेष के कट्टरपंत से प्रभावित हैं। ऐसे में दोनों संगठनों की तुलना करते इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे।

-**मनोज,** मेरठ


### विज्ञान की भूमिका

**विज्ञान** को निरंतर अपना काम करते रहना चाहिए। उसी के बलबूते, इस पृथ्वी पर मनुष्य ने बहुत कुछ पाया है। नासा का एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी के साथ संभावित विनाशकारी टकराव को रोकने के लिए डिज़ाइन किए गए एक अभूतपूर्व परीक्षण में एक क्षुद्रग्रह से टकराया है। टकराव जानबूझकर किया गया था और यह परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था कि क्या अंतरिक्ष की चट्टानें, जो पृथ्वी को खतरे में डाल सकती हैं, उन्हें सुरक्षित रूप से रास्ते से हटाया जा सकता है। पृथ्वी पर जो रोज प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, उनसे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है। तूफ़ान, आग, बाढ़, भूस्खलन, सूखा, जलजला,भूकंप, ज्वालामुखी का फटना, ये तो कभीकभार नहीं, बल्कि रोज़ धरती के किसी न किसी भाग में होने लगी घटनाएं बन गए हैं। उन तांडवों से मानवता को बचाने का पहले काम किया जाता तो, अच्छा होता। धरती को ज्यादा खतरा यहां होने वाली गतिविधियों से है। इनसे निपटने में भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मेरा** बेटा सीधासाधा बालक व अपने काम से काम रखने वाला है। मैं पुलकित व मृत लड़की, दोनों के लिए न्याय चाहता हूं।

- **विनोद आर्य**
भाजपा नेता

**कनाडा** में दक्षिणपंथी अतिवाद उभर रहा है। लेकिन मेरे विचार से इससे अल्पसंख्यकों को कोई खतरा नहीं है।

- **चिन्नैया जंगम**
कार्लटन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर





**वर्तमान** समय में यह महत्वपूर्ण है कि मीडिया क्या कवर करता है और क्या नहीं कवर करता है।

- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

# जमीनों के मालिकाना हक लेने के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जुमला** मुस्तरका और देह शामलात जमीन के मालिकाना हक को लेकर किसानों ने सरकार को जमकर कोसा। बुधवार को किसानों ने शामलात देह और जुमला मुस्तरका भूमि के मालिकाना हक के लिए अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया।

भारतीय किसान यूनियन चढूनी ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी के आह्वान पर किसान नए बस स्टैंड के पास पार्क में एकत्रित हुए। इसके बाद किसानों ने अर्धनग्न होकर लघु सचिवालय तक पैदल मार्च किया। सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। देह शामलात व जुमला मुस्तरका मालकान जमीन की मलकियत किसानों से छीनने के सरकार द्वारा जारी आदेशों की प्रतियां जलाई और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर भारी बारिश के कारण फसलो के हुए खराबे की विशेष गिरदावरी करवा कर मुआवजा देने को मांग की। जिला भर से किसान न्यू बस स्टैंड के सामने जिला प्रधान कृष्ण कलाल माजरा की अध्यक्षता में इकट्ठा हुए और वहां से अर्धनग्न होकर पैदल रोष मार्च निकाल कर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए जिला सचिवालय पर पहुंचे। रोष प्रदर्शन के दौरान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह मथाना विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की जमीन हथियाने की मंशा त्याग दे। किसान अपनी एक इंच भी जमीन नहीं जाने देगा। किसान नेता जसबीर मामूमाजरा व प्रवक्ता प्रिन्स वडैच ने कहा कि पिछले दिनो हुई भारी बारिश के कारण खरीफ की फसलों को भारी नुकसान हुआ है इसलिए सरकार खराबे की तुरंत विशेष गिरदावरी करवा कर मुआवजा जारी करे। प्रिन्स वडैच ने बताया कि सरकार ने गत वर्ष लैंड बैंक बना दिया है और पंचायत, नगरपालिकाओं व तमाम बोर्ड की जमीनों को लैंड बैंक में रखा जा रहा है। जहां से उपायुक्त कभी भी किसी भी पूँजीपति को लैंड बैंक में रखी हुई जमीन दे सकता है। सरकार लैंड बैंक बना कर व किसानों की साझी जमीन पंचायतों के नाम कर तीन काले कृषि कानूनों को पिछलें दरवाजे से लागू करना चाहती है और खेती पूंजीपतियों को सौंपना चाहती है, जिसे भाकियू बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर ब्लॉक शाहाबाद प्रधान हरकेश खानपुर, पिहोवा प्रधान जोगिंदर काजल, युवा प्रधान सुखविंदर मकिमपूरा, पीपली ब्लॉक प्रधान अमरीक गादली, नवीन सूरा, जरनैल मल्ली आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


अर्धनग्न होकर लघु सचिवालय तक रोष मार्च निकालते किसान।

### प्रदेश सरकार ने 21 जून को जारी किया था पत्र

**गौरतलब** है कि हरियाणा सरकार ने 21 जून को एक पत्र जारी कर देह शामलात व जुमला मुस्तरका मालकान जमीन के इंतकाल किसानों के नाम से बदलकर पंचायत के नाम करने का आदेश जारी कर दिया है, जिसे लेकर किसानों में भारी रोष है।


आदेशों की प्रतियां फूंकते किसान।

# तनाव से निजात पाने का करना चाहिए पूरा प्रयास : डा. गुणतास

**विश्व हृदय दिवस**

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**हृदय** रोग से जुड़े ऐसे कई मिथक हैं, जो पूरी तरह बेबुनियाद होने के बावजूद अधिकांश लोगों के दिमाग में छाए रहते हैं। ये गलत-सही जानकारियां हमें कहीं से भी मिल सकती हैं, लेकिन इन पर विश्वास करना हमारे हृदय के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के हृदयरोग विशेषज्ञ डा. गुणतास गिल ने विश्व हृदय दिवस पर विशेष बातचीत करते हुए जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तनाव रहित नहीं रहा जा सकता, लेकिन उससे निजात पाने का पूरा प्रयास करना चाहिए। डॉ गिल का कहना है कि उन्हें हृदय रोगियों का उपचार करते समय, रोगियों के ऐसे कई मिथकों को भी दूर करना पड़ता है। कुछ मिथक तो बहुत आम होते हैं और इन मिथकों को तोड़कर सही तथ्य स्पष्ट करने से रोगियों के हृदय को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से पहले नामचीन अस्पतालों में अपनी सेवाएं देकर आ चुके डॉ गुणतास गिल के अनुसार, हृदय रोग से जुड़े मिथकों में सबसे आम धारणा यह है कि हर तरह का व्यायाम हृदय के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने बताया, तेज गति से 45 मिनट टहलना या एरोबिक्स करना दिल के लिए स्वास्थ्यकर होता है, लेकिन जरूरी नहीं है की भारोत्तोलन और कसरत भी दिल के लिए लाभकारी ही हो। लोगों में आम धारणा यह भी है कि महिलाओं में दिल की बीमारी का खतरा कम होता है। डॉ गिल ने बताया कि महिलाओं की मृत्यु के सबसे बड़े कारणों में दिल की बीमारी ही है, बल्कि स्तन कैंसर की अपेक्षा छह गुना अधिक महिलाओं की मौत दिल की बीमारी से होती है।


डॉ. गुणतास गिल।

### विशेषज्ञ की सलाह

**डॉ. गिल** ने कहा कि नियमित तौर पर प्रतिदिन 30 से 45 मिनट तक टहलने और हल्के व्यायाम करने से न सिर्फ आपका हृदय, बल्कि पूरा शरीर स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि कई कारणों से लोग जिम जाने या सुबह टहलने में सक्षम नहीं होते। मगर चिंता करने की जरूरत नहीं, क्योंकि अगर आप रोजाना योग करें, तो यह भी हृदय संबंधित बीमारियों के जोखिम को कम करने में सहायक होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### नवरात्र के तीसरे दिन चंद्रघंटा स्वरूप का हुआ पूजन


भद्रकाली मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

**कुरुक्षेत्र।** मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। मां चंद्रघंटा का स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना की गई। माना जाता है कि मां चंद्रघंटा की पूजा और भक्ति करने से आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार, नवरात्रि के तीसरे दिन जो भी जातक माता के तीसरे रूप मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना करता है, उसे माता की कृपा प्राप्त होती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार, मां चंद्रघंटा ने राक्षसों के संहार के लिए अवतार लिया था। इनमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों की शक्तियां समाहित हैं। ये अपने हाथों में तलवार, त्रिशूल, धनुष व गदा धारण करती हैं। इनके माथे पर घंटे के आकार में अर्द्ध चंद्र विराजमान है। इसलिए ये चंद्रघंटा कहलाती हैं। भक्तों के लिए माता का ये स्वरूप सौम्य और शांत है। नवरात्रों के तीसरे दिन मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में नवरात्रि दिवस देवी के रूप में मां चंद्रघंटा जी का आह्वान किया गया। मंदिर में महाआरती की मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने मां भद्रकाली को केसर और केवड़ा जल से स्नान करवाया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि मां चंद्रघंटा का वाहन सिंह है, इसलिए इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र बना हुआ है, जिस वजह से भक्त मां को चंद्रघंटा कहते हैं। 505 ज्योत महाआरती में नवदुर्गा और भारत माता का स्वरूप लिए बच्चों के पूजन किया गया और सभी देवता स्वरूप बच्चों ने पीठाध्यक्ष के साथ श्री देवीकूप पर आरती में भाग लिया। इस मौके पर अध्यक्ष नरेंद वालिया, शिमला देवी, मीना जोशी, शकुंतला देवी, निकुंज शर्मा, देवेंद्र गर्ग, अर्जुन नरकातारी, आशीष, निरंजन लाल गर्ग, अनिल अन्नू इत्यादि सेवक मौजूद रहे।

### शहीद भगत सिंह की जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर


शिविर में रक्तदाता को बैच लगाते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**कुरुक्षेत्र।** गांव दबखेड़ा की शहीद भगत सिंह वेल्फेयर सोसायटी द्वारा शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस को लेकर 24वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की व रक्तदाताओं को बैच लगाए। संदीप गर्ग ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता वह हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे, क्योंकि उन्होंने जो हमारी आजादी के लिए कुर्बानियां दी हैं उनका बखान जितना किया जाए उतना कम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हम लोग दीपावली, होली का त्योहार मनाते हैं उसी प्रकार से शहीद भगत सिंह की जयंती भी धूमधाम से मनानी चाहिए। वहीं सोसायटी के प्रधान नरेन्द्र सिंह ने बताया कि सोसायटी हर वर्ष आज के दिन रक्तदान शिविर का आयोजन अवश्य करती है। उन्होंने बताया कि बुधवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया व कुरूक्षेत्र पार्थ ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित किया। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरीत किये। मौके पर अशोक कुमार, गुरप्रीत सिंह, सतविन्द्र सिंह, चरणजीत सिंह, प्रदीप सिंह, दीदार सिंह, मुख्तयार सिंह, मेजर सिंह, अमर नाथ, रघुबीर सिंह, जसपाल सिंह, अनुज गर्ग, हितेश, रविन्द्र सिंह, गुरदीप, परमजीत, विक्रमजीत, गुरप्रीत सिंह, अमनदीप सिंह, सरबजीत सिंह, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद थे।

### शहीद स्मारक की सफाई कर मनाई भगत सिंह की जयंती

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर 3 विद्यालय की सातवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने लघु सचिवालय स्थित शहीद स्मारक की सफाई करके शहीद ए आजम भगत सिंह की जयन्ती बड़ी श्रद्धा और समर्पण भाव से मनाई। विद्यार्थियों ने पूरे शहीद स्मारक की खूब अच्छी तरह से मल मल कर पानी से धोकर सफाई की तथा वाइपर से सुखाया। विद्यार्थियों ने वहां उगे पौधों को भी पानी दिया। विद्यार्थियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदे आजम भगत सिंह व देश के अन्य शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय प्रबंधक गुलशन कुमार ग्रोवर ने शहीद ए आजम भगत सिंह के जीवन एवं दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश सभी शहीदों का ऋणी है और यह ऋण कभी भी चुकाया नहीं जा सकता। जिस प्रकार शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया वह हम सब भारत वासियों के लिए प्रेरणादायक मिसाल है। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने बताया कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता रहता है ताकि विद्यार्थियों के मन में श्रमदान व स्वच्छता के प्रति सम्मान का भाव रोपित हो सके।

## असामाजिक तत्वों ने युवती पर किया हमला

**कुरुक्षेत्र।** असामाजिक तत्वों ने गऊशाला बाजार में एक युवती पर हमला करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर अवस्था में युवती को निजी अस्पताल में ले जाया गया। घायल सुनीता रानी पुत्री इन्द्र सिह जोसन ने बताया कि लाठी और बिंडो से लैस कुछ युवक उसके घर में जबरी घुस आए और आते ही उसके भाई बलबीर जोसन के बारे में पूछने लगे। किसी अनहोनी की आशंका के चलते जब उसने अपने भाई बलबीर जोसन के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी, तो युवकों ने उस पर लाठी और बिंडो से हमला करते हुए कहा कि वे बलबीर जोसन को भी जान से मार देंगे। जब उसने अपने बचाव के लिए शोर मचाया, तो युवक घबरा गए और मौके से फरार हो गए।

## शूटिंग चैम्पियनशिप में गुरुकुल के छात्रों ने जीते आठ मेडल


गुरुकुल के विजेता छात्र।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**गुरुकुल** कुरुक्षेत्र की शूटिंग रेंज के आठ प्रतिभाशाली निशानेबाजों का चयन फरीदाबाद में होने वाली स्कूल स्टेट चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। इन छात्रों ने मोर्निवा शूटिंग रेंज कुरुक्षेत्र में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय स्कूल शूटिंग चैम्पियनशिप में उम्दा प्रदर्शन कर 3 गोल्ड, 2 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल जीते जबकि गुरुकुल के तीन छात्रों ने विभिन्न स्पर्धाओं में स्टैण्ड बाइ पॉजीशन हासिल की।

छात्रों की इस उपलब्धि पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक कर्नल अरुण दत्ता, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास ने शूटिंग कोच बलबीर सिंह सहित सभी छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य लेखा अधिकारी सतपाल सिंह भी मौजूद रहे। गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने भी निशानेबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए छात्रों को बधाई दी। प्रधान राजकुमार गर्ग ने जिला शिक्षा विभाग द्वारा 8 से 13 सितम्बर तक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल रिजल्ट सोमवार को जारी किया गया। इसमें अंडर-14 आयुवर्ग में के एयर राइफल ओपन साइट में उपेन्द्र बल्हारा ने गोल्ड, कार्तिक बल्हारा ने सिल्वर, एयर पिस्टल में उत्सव ने ब्रांज मेडल जीता। वहीं अंडर-17 आयुवर्ग में एयर राइफल ओपन साइट में विजय प्रताप सिंह ने गोल्ड, यक्ष घणघस ने ब्रांज मेडल हासिल किया।

अंडर-19 में एयर पिस्टल में राहुल ने गोल्ड, क्रिस कुमार ने सिल्वर, देविन्द्र कुमार ने एयर राइफल ओपन साइट में ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इसके अलावा गुरुकुल के मोक्षित, अखिलेश और जसबीर सिंह ने स्टैंड बाइ पॉजीशन हासिल की। जिला स्तर पर मेडल हासिल करने वाले गुरुकुल के ये निशानेबाज अब 29 अक्तूबर से फरीदाबाद में होने वाली स्कूल स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में जिला कुरुक्षेत्र की ओर से प्रतिभागी बनेंगे। निदेशक कर्नल अरुण दत्ता और प्राचार्य सूबे प्रताप ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने वाले निशानेबाजों सहित शूटिंग कोच बलबीर सिंह को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## कन्या महाविद्यालय में वैल्यू एडेड कोर्सेस कार्यक्रम कराया

**कुक्षेत्र/शाहाबाद।** वूमेन डेवलपमेंट सेल और रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में आर्य कन्या महाविद्यालय प्रांगण में वैल्यू एडेड कोर्सेस कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार रहे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आरती ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा वैल्यू एडिड कोर्सेस के मूल्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह कोर्स छात्राओं के आत्म विकास में सहायक हो सकता है। डॉ. मुमताज ने छात्राओं को इस कोर्स के बारे में अवगत करवाया। थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्य के बारे में बताते हुए कहा कि यह सोसाइटी मानव कल्याण, विकास तथा बचाव के लिए बहुमुखी कार्य कर रही है।

यह हमें सीमारहित जातीय, राष्ट्रीय, धार्मिक भावना से ऊपर उठकर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि आप चाहे किसी भी क्षेत्र से जुड़े हुए हो, मानवता का धर्म आपके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने छात्राओं को मजबूत तथा सक्षम महिला बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके सोनिया मलिक, सिमरजीत कौर, पुष्पा शर्मा, कुशा गुप्ता, पूनम सिवाच, हेमा सुखीजा, ज्योति शर्मा, राजेश आनंद, हरसिमरन कौर और दीपा मौजूद थी।

# नाडा साहिब कार्यक्रम को लेकर प्रदेशभर की सिख संगत में विशेष उत्साह : जराना

### कार्यक्रम को सफल बनाने के जुटे हरियाणा कमेटी के सभी पदाधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**ऐतिहासिक** गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब में 9 अक्तूबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सिख संगत की ओर से शानदार सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिख समाज कुरुक्षेत्र की बैठक हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष एवं सिख परिवार हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में नगर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया। कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर प्रदेशभर की सिख संगत में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके चलते हजारों की संख्या में सिख संगत कुरुक्षेत्र से इस समागम में शामिल होगी। उन्होंने बताया कि कमेटी के सभी पदाधिकारी एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में सिख संगत को न्यौता दे रहे हैं, ताकि भारी संख्या में सिख संगत कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री की हौसला अफजाई करें। उन्होंने कमेटी के सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे आपसी ब्यानबाजी छोड़ कर पंथ व समाज के हित में एकजुट हो जाएं और गुरुद्वारा साहिबान की बेहतर सेवा संभाल को लेकर मंथन करें।

अजराना ने बताया कि एसजीपीसी के कुछ पदाधिकारी अभी भी सिख संगत को गुमराह कर रहे हैं और हरियाणा कमेटी के बीच फूट डालने का असफल प्रयास कर रहे हैं। मगर हरियाणा की सिख संगत अब जागरुक हो चुकी है और किसी के बहकावे में आने वाली नहीं है। बैठक में लोकल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी शाहाबाद के पूर्व सदस्य जरनैल सिंह अजराना, श्री अकाल उस्तत ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के चेयरमैन ज्ञानी तेजपाल सिंह, गुरुद्वारा बैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के चेयरमैन लखविंदर सिंह संधू और श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी कुरुक्षेत्र के चेयरमैन तजिंदर सिंह मक्कड़ ने कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाई की वे हलके के गांव-गांव और शहर के वार्डों में जाकर सिख संगत को नाडा साहब में होने वाले कार्यक्रम का न्यौता दें।

इस दौरान गुरुद्वारा बैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के प्रधान जसबीर सिंह वड़ैच, गुरविंदर सिंह, जगत प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह गिल, परमजीत सिंह गिल, बलवीर सिंह, दिलबाग सिंह, परविंदर सिंह, अजीत सिंह, युवराज सिंह, अमरिंदर सिंह और इकबाल सिंह सहित विभिन्न सिख संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।


बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते कंवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

## चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखना सराहनीय

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जसविंद्र खैहरा ने कहा कि शहीद भगत सिंह की शिक्षाओं पर चलने की आवश्यकता**

**जननायक** जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंद्र खैहरा ने चंडीगढ हवाई अड्डे का नाम बदलकर शहीद ए आजम भगत सिंह के नाम पर रखने को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का धन्यवाद किया है।

उन्होने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जिनसे प्रेरणा लेकर देश के युवा में देशभक्ति की भावना पैदा होती है। लाजमी ही हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम से किए जाने से युवाओं में और ज्यादा देश प्रेम जागृत होगा। डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि चंडीगढ हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पिछले काफी समय से प्रयासरत थे। ऐसे में उनकी मेहनत रंग लाई और अब चंडीगढ हवाई अड्डा शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जाएगा। उन्होने कहा कि शहीद भगत सिंह की शिक्षाओं पर चलने की आज आवश्यकता है। उन्होने अपना पूरा जीवन माँ भारती के लिए बलिदान कर दिया था।



उनका जीवन कठोरता से भरा हुआ रहा है। ऐसे में देश के लोगों को ऐसे महान शहीद पर नाज है जिनकी बदौलत देश को अंग्रेजों से आजादी मिल पाई। देश के हर युवा को शहीद ए आजम की शिक्षाओं पर चलने की जरूरत है। उनके जीवन का हर एक पल देश के युवा के लिए शिक्षाप्रद है।

## मोटो वॉल्ट इंडिया ने नोएडा में दूसरे शोरूम का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**आदिश्वर** ऑटो राइड इंडिया ने नोएडा में अपने दूसरे मोटो वॉल्ट शोरूम का उद्घाटन किया। ग्लोबल मार्किट से प्रेरित होकर, मोटो वॉल्ट अपने कस्टमर को विभिन्न ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत रेंज की पेशकश करेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के फीचर्स और प्राइस पॉइंट होंगे।

ब्रांड की यह नई अत्याधुनिक सुविधा ए-08, लोहिया रोड, ए ब्लॉक, सेक्टर 63, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301 में स्थित है और अर्नव अरोड़ा की लीडरशिप में ऑपरेटेड है। इस फैसिलिटीज को मोटो वॉल्ट अम्ब्रेला के तहत विभिन्न ब्रांडों की सुपरबाइक्स की एक विशाल रेंज को हाइलाइट करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। इसके साथ ही शोरूम मर्चेंडाइज और एक्सेसरीज भी प्रदर्शित करेगा जो कि सभी मोटरिंग आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप शॉप होगा। इस उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, श्री विकास झाबख, मैनेजिंग डायरेक्टर, आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, इस डीलरशिप के उद्घाटन के साथ ही, मोटो वॉल्ट अब भारतीय मोटरसाइकिल के दीवानों को एक ही छत के नीचे तमाम ग्लोबल ब्रांड तक पहुंच प्रदान करेगा। हम अधिक पहुंच और बेहतर कस्टमर सर्विस के साथ, अपने पेट्रोन्स को एक प्रीमियम खरीद और ओनरशिप का बेहतरीन अनुभव भी प्रदान करेंगे। इस नए डीलरशिप के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए मोटो वॉल्ट के डीलर प्रिंसिपल अर्नव अरोड़ा ने कहा, इस नई फैसिलिटी के उद्घाटन के साथ ही, अब हम लोकल मोटो उत्साही लोगों के सपनों को पूरा करने और उन्हें ग्लोबल ब्रांड्स तक पहुंच प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा हमारा लक्ष्य अपने तमाम कस्टमर्स को परेशानी मुक्त सेल और सर्विस प्रदान करके एक प्रीमियम एक्सपीरियंस प्रदान करना है।



शुरुआत में मोटो वॉल्ट नोएडा की इस फैसिलिटी समेत पूरे देश में अपने 23 टच प्वाइंट का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित करेगा। यह फैसिलिटीज मोटो मोरिनी एवं जोंट्स रेंज की सुपर बाइक को प्रदर्शित करेगी इसके अलावा आने वाले कुछ महीनों में इसमें कई और विश्व स्तरीय ब्रांड्स को भी पेश किया जाएगा। मोटो वॉल्ट के प्रोफेशनल्स को सेल्स, सर्विस, और कस्टमर एक्सपीरियंस के मामले में सर्वोत्तम पेशकश करने के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड्स और दिशानिर्देशों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे ग्राहक अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ, स्ट्रेस-फ्री ओनरशिप का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही इसका नया बिजनेस मॉडल पर्यावरणीय प्रभाव और सस्टेनेबिलिटी(स्थिरता) संबंधी चिंताओं को भी सुदृढ़ करेगा।

## विजयभूमि यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** की पहली लिबरल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने 28 सितंबर, 2022 को अपने विद्यार्थियों के पहले बैच और 2019 की क्लास के लिये दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पद्म भूषण प्रोफेसर जगदीश शेठ ने कहा कि, विजयभूमि का पहला बैच भारत में लिबरल प्रोफेशनल शिक्षा का प्रतीक है। यूनिवर्सिटी को एनईपी सैण्डबॉक्स बताते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों की शिक्षा का अवसर मिलना सचमुच अनमोल है।

कार्यक्रम के अतिथि आईआईटी, कानपुर के भूतपूर्व निदेशक और पद्म श्री डॉ. संजय धांडे ने कहा कि, विजयभूमि यूनिवर्सिटी द्वारा दी जाने वाली सर्वांगीण शिक्षा विद्यार्थियों में मानवीय और पेशेवर मूल्यों के विकास का एक नया तरीका देती है। विजयभूमि के प्रो-चांसलर और सेवानिवृत्त प्रोफेसर ए. परसुरामन ने डिग्री के अपने-अपने क्षेत्रों में सफल होने के लिये ग्रेजुएट्स को बधाई दी। इस अवसर पर वाइस चांसलर डॉ. आतिश चट्टोपाध्याय ने यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट प्रस्तुत की और कहा कि इस समय विजयभूमि में पेशेवर कोर्सेस बेजोड़ हैं, जिन्होंने ग्रेजुएटिंग विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट से अच्छी तरह जोड़ा है।


उन्होंने आगे कहा कि, मैं भविष्य के सभी प्रयासों में उनके सफल होने की कामना करता हूँ। अध्ययन के दौरान यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों को टी-आकार के पेशेवर बनाने के लिये कदम उठाये और वैसा ही पाठ्यक्रम अपनाया। विजयभूमि यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट संजय पडोडे ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की और कहा, ग्रेजुएशन समारोह एक विद्यार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण बदलाव वाला मोड़ होता है। इसमें यूनिवर्सिटी समाज को अपने ग्रेजुएट्स सौंपती है। ग्रेजुएटिंग विद्यार्थियों की पढ़ाई में मेहनत और सफलता को सराहा जाता है।

## हृदय रोगों का समय पर निदान और लोगों को ज्ञान के साथ सशक्त बनाना जटिलताओं को रोकने की है कुंजी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हाल** के शोध के अनुसार, ज्ञान की कमी को हृदय गति रुकने में आत्म-देखभाल की बाधाओं में से एक माना जाता है। रोगियों को ज्ञान के साथ सशक्त बनाकर इन बाधाओं को दूर किया जा सकता है। इस तथ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है कि हृदय रोग अक्सर सूक्ष्म लक्षणों के साथ शुरू होते हैं और इसलिए, समय पर निदान महत्वपूर्ण है।

रोकथाम कम उम्र से शुरू होने वाली आधारशिला होनी चाहिए, खासकर सीवीडी के पारिवारिक इतिहास वाले लोगों में। इसकी रोकथाम के लिए अपनाए जाने वाले कुछ कदमों में स्वस्थ भोजन करना, नियमित रूप से शारीरिक गतिविधि करना और धूम्रपान और शराब पीने जैसी आदतों से बचना शामिल है। इसके साथ ही ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर जैसी अन्य जरूरी चीजों को नियंत्रण में रखना भी जरूरी है। इस बारे में बोलते हुए, डॉ कमल गुप्ता, प्रिंसिपल कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल, फरीदाबाद, हरियाणा ने कहा, आज 30 और 40 उम्र वर्ग के लोग तेजी से हृदय रोगों की चपेट में आ रहे हैं। कुछ जोखिम कारकों में उच्च तनाव स्तर, खराब जीवनशैली, स्थिति का पारिवारिक इतिहास आदि शामिल हैं। ज्यादातर मामलों में बाधाएं मूक रुकावटें होती हैं और हृदय की विघटनकारी कार्यप्रणाली को जन्म देती हैं और समय के साथ, हृदय की ध?कन रुकने का कारण बन सकती हैं। अस्पष्ट या कमजोर लक्षणों का पता न लगाने से परिणाम को खराब कर सकती है। इसलिए हृदय रोग के लक्षणों से अवगत होना अनिवार्य हो जाता है।



**नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता**

इस संबंध में डॉ कमल गुप्ता ने आगे कहा, सीने में दर्द, ठंडा पसीना, सीने में भारीपन जैसे शुरुआती लक्षणों के अलावा, लक्षण अक्सर तब तक स्पष्ट नहीं हो सकते जब तक कि दिल की गंभीर समस्या या स्ट्रोक न हो जाए। दिल की अन्य समस्याओं से संबंधित कुछ चेतावनी के संकेतों में चक्कर आना, तेज या धीमी गति से दिल की धड़कन, सीढ़ियां चढ़ने के बाद सांस की तकलीफ शामिल हैं जो हृदय अतालता, अत्यधिक थकान, और झुनझुनी या अंगों की सुन्नता का संकेत दे सकते हैं।

# विधायक व नपा अध्यक्ष ने लगाई अधिकारियों और ठेकेदार को फटकार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

### अधिकारी, ठेकेदार की वजह से लाडवा रोड चौक प्रोजेक्ट में हो रही देरी : नपा अध्यक्ष

**हरियाणा** शुगरफेड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण और नगर पालिका के अध्यक्ष गुलशन कवात्रा ने लाडवा रोड चौक पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने यहां पानी की निकासी हेतु शुरू किए गए डिस्पोजल सीवरेज पाइप लाइन प्रोजेक्ट पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा में सामने आया कि नगर पालिका अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदारों की लापरवाही की वजह से इस प्रोजेक्ट में देरी हो रही है। इसके बाद अध्यक्ष ने नगर पालिका के एमई और जेई सहित सभी अधिकारियों को डांट लगाते हुए कहा कि अगर आगामी 20 दिनों के अंदर इस प्रोजेक्ट को पूरा नहीं किया गया तो अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्षों से लाडवा रोड चौक पर बरसात के दिनों में सड़क झील का रूप ले लेती है।

इस समस्या से निजात दिलाने हेतु विधायक ने करीब एक साल पहले यहां डिस्पोजल सीवरेज पाइपलाइन प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। ठेकेदारों से बात करने के बाद विधायक ने दावा किया था कि इस प्रोजेक्ट को मात्र दो महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। मगर यह प्रोजेक्ट अधर में लटका होने के कारण अब भी बारिश के दिनों में लाडवा रोड चौक पर पानी एकत्रित होने की समस्या बरकरार है। गुलशन कवात्रा ने बताया कि आज सुबह जब मौके का जायजा लिया गया, तो सामने आया कि इस प्रोजेक्ट में देरी की वजह नगर पालिका के अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही है। उन्होंने बताया कि जब भी इस बारे अधिकारियों और ठेकेदारों से बात की जाती थी, तब अधिकारी कभी बारिश तो कभी ट्रैफिक आदि की समस्या बता कर कार्य को कुछ दिनों में पूरा करने का आश्वासन देते थे, मगर आज जब मैंने और विधायक ने खुद मौके का जायजा लिया तो पाया कि प्रोजेक्ट में देरी का कारण कुछ और है। उन्होंने कहा कि अगर अब 20 दिनों में इस प्रोजेक्ट को पूरा नहीं किया गया, तो अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई होना तय है।



लाडवा रोड चौक पर अधिकारियों से जवाब-तलब करते नपा अध्यक्ष।

### निर्देशों के बाद भी सुबह जायजा लेने नहीं पहुंचे

**बुधवार** सुबह 8 बजे नगर पालिका अध्यक्ष गुलशन कवात्रा, पार्षद राजेश उप्पल और शुभम साहनी के साथ लाडवा रोड चौक पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को मंगलवार को ही सूचित कर दिया गया था कि बुधवार सुबह 8 बजे लाडवा रोड चौक पर विधायक के साथ जायजा लिया जाएगा। मगर एक घंटा इंतजार करने के बाद एमई भारत भूषण शर्मा और जेई दया नन्द आए और तरह तरह के बहाने बनाने लगे। अध्यक्ष ने विधायक के सामने कहा कि इन सभी अधिकारियों को काम न करने की आदत हो गई है और ये सभी अधिकारी पुराने मंत्रियों और अध्यक्षों के हत्थे चढ़े हुए हैं। इसके बाद विधायक के अधिकारियों और ठेकेदारों को नगरपालिका के बुला कर फटकार लगाई, जिसपर एमई और जेई ने विधायक और नपा अध्यक्ष से भविष्य में शिकायत का मौका न देने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त-समाचार

### भगत सिंह का आजादी में योगदान अविस्मरणीय: त्रिलोचन



रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते अतिथि तरलोचन सिंह।

**करनाल।** हरियाणा राज्य अल्प संख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन तथा कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा है कि शहीद ए आजम भगत सिंह का देश की आजादी मे योगदान अविस्मरणीय है। इसे भुलाना सम्भव नहीं है। यदि शहीद भगत सिंह नहीं होते तो देश को आजादी मिलना सम्भव नहीं था। चांद सराय मे दानवीर राजा कर्ण फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर मे बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मौके पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पूनिया तथा जिला अध्यक्ष टिंकू वर्मा ने बताया उनका टार्गेट 175 यूनिट रक्तदान करना है। शुरू मे अतिथियों ने शहीद ए आजम भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक टिंकू प्रधान ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अपनी संस्था की गतिविधियों को लेकर जानकारी दी। कार्यक्रम मे रक्त दाताओं को बेच लगा कर सम्मानित किया। उन्हे प्रमाण पत्र भी दिये गए। इस अवसर पर प्रधान रोहित जोशी चमन लाल, दया प्रकाश, प्रधान टारजन, सुनील महाराज अमित प्रधान, अशोक दुग्गल, रमेश, सोम दत्त शर्मा, मनीष पांडे, नितिन,प्रेम मलवानिया आदि उपस्थित थे।

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय बारना में किया पौधारोपण



राजकीय प्राथमिक विद्यालय बारना में पौधारोपण करते ट्रस्ट के सदस्य।

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बारना में हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके के सहयोग से पौधारोपण किया गया। प्रोग्राम का संचालन विद्यालय के मुख्य शिक्षक जसबीर सिंह ने किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र रामदिया गागट मुख्यातिथि रहे। उन्होंने विद्यालय में त्रिवेणी रोपित कर बच्चों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है, जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें विशेष अवसरों जैसे जन्म दिवस, विवाह समारोहों, सेवानिवृत्ति आदि पर पेड़ उपहार स्वरूप देकर लगवाने चाहिए। प्रधानाचार्य रीटा बठला ने सभी गांववासियों व बच्चों को शपथ दिलाई कि वे मिल कर पेड़ लगाएं और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं। विद्यालय स्तर पर प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) की को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से डाबर की इम्यूनिटी बूस्टर किट उपहार स्वरूप दी गई। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके से राजेश सेन, दिलबाग सोथा, रमेश, सतपाल, राजीव, पूजा तायल, सुनील, नरेश कुमार व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अपने विसर्जन काल में कांग्रेस को आत्मचिंतन की जरूरत: धनखड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/झज्जर

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस का विसर्जन काल चल रहा है। सर्जन कम हो रहा है और विसर्जन ज्यादा हो रहा है। वास्तव में कांग्रेस को आत्मचिंतन की जरूरत है कि सर्जन किस प्रकार से बढ़े।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी पार्टी बिखरती हुई दिख रही है, ऐसे में मुझे लगता है कि देश में अच्छा विपक्ष रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कांग्रेस और उसके नेता विजर्सन की तरफ जा रहे हैं। वे बुधवार को झज्जर में दिव्यांगों के लिए आयोजित कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

पर्यावरण के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार में दो तरह के विभाग होते हैं, एक वो है जो विकास का काम करता है, और दूसरा वो है जो विकास के कारण हो रहे पर्यावरण का नुकसान नहीं होने देता और चेताने का काम करते हैं। धनखड़ ने कहा कि विकास को रोक नहीं सकते, क्योंकि जीवन के लिए विकास चाहिए लेकिन संरक्षित पर्यावरण भी चाहिए। दोनों की चिंता स्वाभाविक है।

इसलिए एनजीटी ने कोई चेतावनी हरियाणा सरकार को दी है। उन्होंने कहा कि एनजीटी को बनाया ही इसलिए, गया है कि वह पर्यावरण संरक्षण को लेकर आगाह करे। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा मना रही है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए एक लाख पौधे लगाए हैं, ताकि पर्यावरण संरक्षण के पैरामीटर पर आगे बढ़ा जा सके।



दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भेंट करते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

### सेवा के बदले कोई इच्छा नहीं होनी चाहिए

**उन्होंने** कार्यकर्ताओं को सेवा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की सेवा के बदले कुछ चाहत नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण का कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने बताया कि यहां दिव्यांगों को स्टिक, सुनने की मशीन दी गई है। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीज भी एडोप्ट किए गए हैं और मैंने भी कबलाना की एक बालिका को एडोप्ट किया है।

# हादसा: दीवार के नीचे दबने से मजदूर की मौत

पायनियर समाचार सेवा। घरौंडा



हादसे की जानकारी होने पर अस्पताल पहुंचे राजेश के परिजन व ग्रामीण।

**अलीपुर** खालसा गांव में दीवार के नीचे दबने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतक के परिजनों के बयान पर कार्रवाई की। मिली जानकारी अनुसार अलीपुर खालसा निवासी 42 वर्षीय राजेश पुत्र जिले सिंह मजदूरी का काम करता है। उसने अपने भांजे अमित के साथ गांव में ही ईश्वर शर्मा के एक मकान को तोड़ने का ठेका लिया था।

बुधवार को राजेश मकान को तोड़ने का काम कर रहा था। इसी दौरान उसके ऊपर दीवार गिर गई और वह उसके नीचे दब गया। अमित ने हादसा होता देखा और शोर मचाया, जिसके बाद मकान मालिक व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबे को हटाकर राजेश को बाहर निकाला। दीवार के नीचे दबने से राजेश बुरी तरह से घायल हो गया था। अमित व ग्रामीण उसे घरौंडा के सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अलीपुर खालसा में काम करते वक्त दीवार के नीचे दबने से राजेश नामक मजदूर की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर लिये गए है। धारा 174 के तहत कार्रवाई की गई है।

-सतीश कुमार, जांच अधिकारी घरौंडा।

### परिवार के सामने संकट

मृतक राजेश के पास छह लड़कियां व एक लड़का है। सभी बच्चे अभी छोटे है। ऐसे परिवार पर एक दुखों का पहाड़ टूट गया है। बच्चों के सिर से अब पिता का साया उठ चुका है। जिसके बाद परिवार को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ेगा, क्योंकि घर मे कमाने वाला सिर्फ एक ही था और वह भी इस दुनिया में नहीं रहा।

### शहीद भगत सिंह की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** लाडवा रोड स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में शहीद भगत सिंह की जयंती कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शहीद भगत सिंह के जीवन और उनकी कुर्बानी पर प्रस्तुति दी। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने कविताओं व भाषण के माध्यम से शहीद भगत सिंह को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या राजेंद्र खुब्बर और उप प्राचार्य मनीष मलिक ने विद्यार्थियों को शहीद भगत सिंह के जीवन व उनकी शिक्षा दीक्षा और देशभक्ति की भावना से अवगत करवाया।

### दो लोगों की जिंदगी रोशन कर गई वरिंदर कौर भिंडर

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद की गली शहीदां निवासी वरिंदर कौर भिंडर की आंखें उनके मरणोपरांत भी इस नश्वर संसार को देख पाएंगी। ऐसा उनके परिवार द्वारा दिवंगत के नेत्रदान करने से संभव हुआ है। शाहाबाद हॉलसेल कमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान पवन सचदेवा ने बताया कि वरिंदर कौर भिंडर का देहांत होने पर उनके पति रविंदर पाल सिंह भिंडर ने उनसे संपर्क किया और अपने पत्नी के नेत्रदान करने की इच्छा व्यक्त की। इस पर उन्होंने माधव नेत्र बैंक करनाल की चिकित्सा टीम को सूचित किया।

# महाराणा प्रताप बागवानी विवि के छात्र को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**महाराणा** प्रताप बागवानी विवि करनाल के छात्र अक्षय मेहता को राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नेशनल सर्विस स्कीम अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जो एमएचयू सहित प्रदेश के लिए गर्व की बात है। महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अक्षय मेहता को रजत पदक, प्रशस्ति पत्र ओर एक लाख का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्र अक्षय मेहता को राष्ट्रपति से सम्मानित होने पर एमएचयू करनाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एमएचयू कुलपति प्रो. समर सिंह ने छात्र अक्षय मेहता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एनएसएस अवार्ड से सम्मानित अक्षय मेहता एमएचयू के एमएससी हार्टिकल्चर में द्वितीय वर्ष के छात्र है।

एमएचयू कुलपति प्रो. समर सिंह ने राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित होने पर अक्षय मेहता को सम्मनित करते हुए कहा कि यह एमएचयू सहित पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। एमएचयू के स्टूडेंट को अवार्ड मिला है, इससे विवि के अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे ओर देश निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए आगे आएंगे। अक्षय मेहता विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि एमएचयू के छात्र देश सेवा की हर गतिविधि में हिस्सा लें, इसके लिए एमएचयू लगातार छात्रों के लिए कैंप आयोजित करता है ओर आगे भी करता रहेगा।

### एनएसएस स्वयंसेवक सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दों पर काम करते हैं

**कुलपति** प्रो. समर सिंह ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दों पर योगदान करते हैं। जो नियमित और विशेष शिविर वाली गतिविधियों के माध्यम से समुदाय की आवश्यकताओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए विकसित होते रहते हैं। इस तरह के मुद्दों में साक्षरता और शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और पोषण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा कार्यक्रम, महिलाओं का सशक्तिकरण, आर्थिक विकास गतिविधियों से जुड़े कार्यक्रम, आपदाओं के दौरान बचाव और राहत शामिल हैं। इनका सेवा के माध्यम से शिक्षा तथा चरित्र का निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास का कार्य अनुकरणीय है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक और कार्यकर्ता समाज की सहायता के लिए सदा तत्पर रहे हैं।

**एनएसएस से जुड़ने पर काफी अच्छा लगने लगा**

एनएसएस अवार्ड मिलने पर अक्षय मेहता ने बताया कि एनएसएस से जुड़ने पर जब काम शुरू किया तो काफी अच्छा लगने लगा। सोशल सर्विस के अलावा रक्तदान शिविर, रेडक्रॉस के कार्यों में लगातार भाग लेता रहा। उन्होंने कहा कि किसानों तक नवी करणीय उर्जा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, कैशलैस योजना आदि पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार किया गया ताकि सरकारी योजना का लाभ किसानों तक पहुंचे।

### एक अवैध पिस्तौल सहित आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा एक आरोपी को एक अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एएसआई नरेंद्र कुमार स्पेशल यूनिट असंध की अध्यक्षता में टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी वासी गांव दुडाना थाना अलेवा जिला जींद, जो इस समय कैथल रोड असंध पर नए बाईपास के पास किसी व्हीकल के इंतजार में खड़ा है और उसके पास एक नाजायज पिस्तौल है। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा दबिश देकर मौके से आरोपी गुरप्रीत सिंह उपरोक्त को काबू किया गया।

तलाशी लेने पर आरोपी द्वारा पहने गए लोअर की जेब से एक अवैध देसी पिस्तौल 32 बोर बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह हथियार रखने का शौकीन है और अपने इसी शौक को पूरा करने के लिए उसने करीब एक वर्ष पहले उपरोक्त पिस्तौल को गांव में फेरी लगाकर सामान बेचने वाले एक व्यक्ति से पन्द्रह हजार में खरीदा था।

# करनाल के वार्डों से संबंधित आरक्षण प्रक्रिया पूरी, बरती गई पारदर्शिता: डीसी

### जिला परिषद करनाल के कुल 25 वार्ड हैं

### कुल नौ वार्ड चयनित किये गये थे

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अनीश यादव ने बताया कि जिला परिषद करनाल के वार्डों में पिछड़ा वर्ग (क)/बीसी (ए) के वार्ड का आरक्षण ड्रॉ ऑफ लॉट्स द्वारा तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति (महिला), महिलाओं के लिए महिलाओं से अतिरिक्त व्यक्तियों के लिए वार्डों का आरक्षण नियमानुसार संबंधित प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बीसी ए' वर्ग में ड्रॉ ऑफ लॉट्स के माध्यम से वार्ड नम्बर 3, 8 और 19 महिलाओं के अतिरिक्त के लिए आरक्षित हुए हैं। वे बुधवार को स्थानीय पंचायत भवन में हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 (संशोधित) की धारा 120 व हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम पांच के अंतर्गत जिला परिषद करनाल के वार्डों के आरक्षण से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करने उपरांत जानकारी दे रहे थे।

उपायुक्त ने बताया कि जिला परिषद करनाल के कुल 25 वार्ड हैं। उन्होंने बीसी ए' वर्ग के लिए आरक्षण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त वर्ग की आबादी के आधार पर जिला के कुल नौ वार्ड चयनित हुए थे। जिसके बाद ड्रॉ ऑफ लॉट्स की प्रक्रिया अमल में लाई गई तथा वार्ड नम्बर 3, 8 और 19 बीसी ए' (महिला के अतिरिक्त ) वर्ग के लिए आरक्षित हुए।

### अनुसूचित जाति के लिए छह आरक्षित वार्ड

**उपायुक्त** ने बताया कि वार्ड नम्बर 7, 10 व 21 को अनुसूचित जाति (महिला के अतिरिक्त) के लिए आरक्षित है तथा वार्ड नम्बर 9, 11 व 23 को अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। जबकि वार्ड नम्बर दो, वार्ड नम्बर 4, वार्ड नम्बर छह, वार्ड नम्बर 12, वार्ड नम्बर 14, वार्ड नम्बर 16, वार्ड नम्बर 18, वार्ड नम्बर 20, वार्ड नम्बर 24 को महिलाओं के लिए आरक्षित है। इसी प्रकार वार्ड नम्बर एक, वार्ड नम्बर पांच, वार्ड नम्बर 13, वार्ड नम्बर 15, वार्ड नम्बर 17, वार्ड नम्बर 22 तथा वार्ड नम्बर 25 में कोई भी व्यक्ति (महिलाओं के अतिरिक्त) चुनाव लड़ सकता है।

### अतिरिक्त वार्ड में महिलाएं नहीं लड़ सकती चुनाव

**उपायुक्त** ने यह स्पष्ट किया कि महिलाओं के अतिरिक्त वाले वार्डों में महिलाएं चुनाव नहीं लड़ सकती। उन्होंने बताया कि वार्डों की इस आरक्षण प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ पूरा किया गया है। इस मौके पर डीडीपीओ राजबीर खुंडिया सहित भारी संख्या में जिलावासी उपस्थित रहे।

### हवन-यज्ञ कर नए सत्र का किया शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** किरमच रोड पर एसकेएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के प्रांगण में नए सत्र 2022- 23 का शुभारंभ पवित्र हवन के साथ आरम्भ हुआ। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट गुरप्रीत सिंह ने यजमान के रूप में पूर्ण आहुति डाली।

उन्होंने आगामी सत्र में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में अनुकूल शैक्षणिक वातावरण की कामना की। इस अवसर पर स्नातक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश्वर जोशी ने वर्तमान सत्र में कॉलेज के शैक्षिक वातावरण में और अधिक पारदर्शिता एवं सुधार किये जाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतपाल ने सभी के लिए मंगल कामना प्रकट की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज स्टाफ डॉ. संतोष, डॉ. कान्ता, डॉ. दिव्या, डॉ. शोभा, सुनीता, पूनम, सपना, निधि, सुभाष, रजिस्ट्रार कुलजीत सिंह, अकाउंटेंट रणजीत सिंह, क्लर्क मोहित, सचिन, आदि उपस्थित थे।

# अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरफ्तार 26 किलो गांजा पूल-पत्ती बरामद

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**पुलिस** की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफल मिली है, पुलिस ने पकड़े गए नशा तस्कर से 26 किलोग्राम गांजा फूल-पत्ती बरामद की। जिसकी बाजार में लाखों रुपये की कीमत बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार उप निरीक्षक सुभाष चंद्र एंटी नारकोटिक्स सेल की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम हेतु थाना घरौंडा के एरिया में मौजूद थी। उसी समय टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि सुरेंद्र सिंह वासी उत्तर प्रदेश, जोकि गांजा फूल-पत्ती सप्लाई व बेचने के काम करता है। अपने कैंटर, जिसके अंदर टायर लोड हैं, में भारी मात्रा में गांजा फूल पत्ती लिए हुए किसी ग्राहक के इंतजार में राजेंद्रा ढाबा के पास बंद पड़े एक ढाबे पर खड़ा है। सूचना के आधार पर टीम द्वारा बंद पड़े सितारा पंजाबी ढाबा जीटी रोड घरौंडा पर दबिश दी गई। जो मौका से उपरोक्त उत्तर प्रदेश नंबर के कैंटर से एक व्यक्ति को काबू किया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम सुरेंद्र सिंह पुत्र दर्शन सिंह वासी सिम्भल खेड़ा राम्पुरा उझेनिया थाना जानाबाद जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश बतलाया। कैंटर की तलाशी लेने पर कैंटर के केबिन की प्लास्टिक के दो वजनदार कट्टे बरामद हुए। जिसमें से एक कट्टे में 15 किलोग्राम व दूसरे में 11 किलोग्राम, कुल 26 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।


# विश्व स्तर का होगा गुरुग्राम रेलवे स्टेशन: डॉ. डीपी गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को मेजर अपग्रेडेशन की मिली मंजूरी

### जनता ने जताया केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार

**रेल** मंत्रालय द्वारा गुरुग्राम की रेलवे स्टेशन के मेजर अपग्रेडेशन की घोषणा से गदगद रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. डीपी गोयल ने कहा है कि अब गुरुग्राम का और भी महत्व बढ़ जाएगा। इससे क्षेत्र का विकास भी होगा और व्यापार भी बढ़ेगा। इस घोषणा के लिए उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह का आभार जताया है। डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि उन्होंने अपने स्तर पर गुरुग्रामवासियों की मांग को आगे बढ़ाते हुए कई बार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन की कायापलट को लेकर मुलाकातें की। उन्हें मांग पत्र भी सौंपे।




डॉ. डीपी गोयल।

राव इंद्रजीत सिंह ने भी सकारात्मक प्रयास किए और मंत्रालय में गुरुग्राम की जनता की मांग को पहुंचाया। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पैरवी की। बुधवार को गुरुग्राम की जनता की मांग पर रेल मंत्रालय की ओर से मुहर लगा दी गई। डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि इस घोषणा के साथ ही गुरुग्राम में भी खुशी की लहर दौड़ गई। वर्षों से रेलवे स्टेशन की कायापलट का इंतजार कर रहे लोगों को विश्वास हो गया कि अब उनके क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशन का विकास होगा। डॉ. गोयल ने कहा कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के मेजर अपग्रेडेशन को मंजूरी मिलना मतलब इसे विश्वस्तरीय बनने की राह आसान हो गई है। भविष्य का यह विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन ना केवल मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की खूबसूरती को बढ़ाएगा, बल्कि यहां पर रेल मार्ग से व्यापार की राह भी आसान होगी। यहां नई रेल लाइनें बिछेंगी। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन एक बड़ा जंक्शन बनेगा। यहां लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का बेड़ा होगा। सबसे बड़ी बात है कि इस घोषणा के साथ ही अश्विनी वैष्णव ने इस योजना पर जल्द काम शुरू करने के भी निर्देश मंत्रालय के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए संसद सत्र के दौरान भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की घोषणा पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने दौरे के दौरान की थी।

# 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। असन्ध



**गांव** शेखूपुरा स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए विद्यालय के मुख्याध्यापक देवेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 16 सितंबर से दो अक्टूबर तक संचालित किया गया है।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय में स्वच्छता संबंधी अनेक गतिविधियां संचालित हो रही हैं जिसमें विद्यार्थियों को स्वच्छता के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाती है। सांस्कृतिक गतिविधि-प्रभारी संस्कृत अध्यापक भारत भूषण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता में ही परमेश्वर का निवास होता है। आंतरिक स्वच्छता से अभिप्राय मन में सकारात्मक विचारों के प्रस्फुटन और पल्लवन से है। आत्मिक शुद्धि स्वच्छता का ही प्रतीक है। इसलिए सुंदर विचारों के साथ हमें सामाजिक व भौतिक अस्वच्छता को दूर करना है। शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि विद्यालय एवं खेल के मैदान की स्वच्छता को लेकर सफाई अभियान पूरी निष्ठा से चलाया जा रहा है। इस अवसर पर आनंद राणा, संगीता, महंत कौर, सुभाष चंद्र, सतीश कुमार व जोगिंद्र इत्यादि मौजूद रहे।

# नोटबंदी के खिलाफ याचिकाओं पर 12 को विचार करेगा न्यायालय


## जजों ने कहा, निर्धारित करेंगे कि यह अकादमिक है या नहीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह 2016 में केंद्र सरकार द्वारा पांच सौ और एक हजार रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं के अकादमिक होने पर विचार करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले को अगली सुनवाई के लिए 12 अक्टूबर को सूचीबद्ध किया।

सुनवाई शुरू होने के साथ ही न्यायमूर्ति एसए नजीर की अध्यक्षता वाली संवैधानिक पीठ ने कहा कि वर्तमान में यह मामला विचार करने योग्य है भी या नहीं। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मामला किसी भी दृष्टि से विचार करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे एक अकादमिक प्रक्रिया के तहत सुना जा सकता है। इस पर पीठ ने कहा, पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ इन याचिकाओं को अकादमिक प्रक्रिया मानकर इन पर कैसे विचार कर सकती है, वह भी तब जब हमारे पास इतने सारे मामले लंबित हैं। पीठ ने कहा, हम सुनवाई की तारीख 12 अक्टूबर तय करते हैं। हम यह निर्धारित करेंगे कि यह अकादमिक है या नहीं और इस पर सुनवाई की जानी चाहिए या नहीं। संवैधानिक पीठ में न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना भी शामिल रहे। पीठ केंद्र के आठ नवंबर, 2016 के उस निर्णय को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। जिसमें पांच सौ और एक हजार के नोटों को चलन से बाहर कर दिया गया था। भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर ने सरकार के निर्णय की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ

**केंद्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल ने कहा, ये मामला किसी भी दृष्टि से विचार करने योग्य नहीं**



### अदालत ने अमानतुल्ला खान को जमानत दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जमानत दे दी, जिन्हें वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक लाख का निजी बांड भरना होगा। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

इससे पहले मंगलवार को अदालत ने खान की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) ने 16 सितंबर को खान के परिसर पर छापेमारी करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था।

# सऊदी अरब के राजकुमार सलमान को देश का पीएम बनाया

**एजेंसी।** दुबई



**सऊदी** अरब के राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान को मंगलवार को शाही आदेश द्वारा देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। राजकुमार, राजा सलमान के उत्तराधिकारी हैं और उनके पास पहले से ही बहुत सी शक्तियां हैं।

राजकाज के रोजर्मा के काम भी राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान ही देखते हैं। शाही आदेश में कहा गया कि राजा सलमान मंत्रिमंडल की बैठकों की अध्यक्षता करना जारी रखेंगे। राजकुमार सलमान (35) को एमबीएस के नाम से भी संबोधित किया जाता है।

वह 2030 तक सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था को बदलना और तेल पर उसकी निर्भरता को खत्म करना चाहते हैं। राजकुमार सलमान को 2018 में हुई पत्रकार खशोगी की हत्या से भी जोड़कर देखा जाता है।

# अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण अपनी विरासत पर गर्व की पुनर्प्रतिष्ठा : मोदी

## अयोध्या में लता मंगेशकर की 93वीं जयंती पर एक चौक का लोकार्पण किया

**पीएम ने कहा, राम हमारी नैतिकता, मर्यादा और हमारे कर्तव्य के जीवंत आदर्श हैं**

**एजेंसी।** अयोध्या

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण को अपनी विरासत पर गर्व की पुनर्प्रतिष्ठा और विकास का नया अध्याय बताया और कहा कि जिस तेज गति से यह काम हो रहा है। वह पूरे देश को रोमांचित करने वाला है।

अयोध्या में सरयू नदी के नजदीक स्थित लता मंगेशकर की 93वीं जयंती के अवसर पर उनके नाम पर एक चौक के लोकार्पण के अवसर पर प्रसारित अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक, राम भारत के कण-कण में समाए हुए हैं। लता मंगेशकर के प्रसिद्ध भजन मन की अयोध्या तब तक सूनी, जब तक राम ना आए का स्मरण करते हुए मोदी ने कहा, अयोध्या के भव्य मंदिर में श्रीराम आने वाले हैं और उससे पहले करोड़ों लोगों में राम नाम की प्राण प्रतिष्ठा करने वाली लता दीदी का नाम, अयोध्या शहर के साथ हमेशा के लिए स्थापित हो गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अयोध्या में जब राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न हुआ था तब उनके पास लता मंगेशकर का फोन आया था और वह बहुत भावुक थीं तथा आनंद से भर गई थीं। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि आखिरकार राम मंदिर का निर्माण शुरू हो रहा है।

इससे पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न लता मंगेशकर के नाम पर विकसित चौराहे का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक अयोध्या में सरयू नदी के किनारे पर स्थित लता मंगेशकर चौराहे को 7.9 करोड रुपये की लागत से तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, प्रभु राम तो हमारी सभ्यता के प्रतीक पुरुष हैं। राम हमारी नैतिकता, हमारे मूल्यों, हमारी मर्यादा और हमारे कर्तव्य के जीवंत आदर्श हैं। अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक, राम भारत के कण-कण में समाए हुए हैं।

### वीणा है 14 टन वजनी, 40 फुट लंबी और 12 मीटर ऊंची

**अयोध्या** विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि लता मंगेशकर चौक पर लगाई गई वीणा का निर्माण पद्मश्री राम सुतार ने दो महीने के अंदर किया है। इस चौराहे पर 14 टन वजन की 40 फुट लंबी और 12 मीटर ऊंची वीणा स्थापित की गई है। यह भारत की एक महान विभूति के लिए उपयुक्त श्रद्धांजलि है।




**लता को उपयुक्त श्रद्धांजलि**

### नयाघाट चौराहा बना अब लता मंगेशकर चौक

**पिछली** फरवरी में लता मंगेशकर के निधन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या के प्रमुख चौक का नाम लता मंगेशकर के नाम पर किए जाने की घोषणा की थी। राम नगरी की हृदय स्थली नयाघाट चौराहा अब लता मंगेशकर चौक के रूप में जाना जाएगा।

### शहीद भगत सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, शहीद भगत सिंह की जयंती पर मैं उन्हें नमन करता हूं। उनका साहस हमें बहुत प्रेरित करता है। देश के लिए उनके दृष्टिकोण को हम साकार करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। पिछले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में घोषणा की थी कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखा जाएगा।

### बिप्लब देब, गुलाम अली ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और जम्मू-कश्मीर के गुर्जर मुस्लिम समुदाय के नेता गुलाम अली ने बुधवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने दोनों नेताओं को अपने कक्ष में संसद के उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। देब हाल ही में त्रिपुरा से राज्यसभा के लिए हुए उपचुनाव में निर्वाचित हुए हैं जबकि गुलाम अली को उच्च सदन के लिए मनोनीत किया गया है। देब ने हिंदी में शपथ ली जबकि गुलाम अली ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण की।

देब त्रिपुरा के मुख्यमंत्री थे लेकिन इसी साल मई महीने में भाजपा ने उन्हें पद से हटा दिया था। उनकी जगह राज्यसभा के सदस्य व भाजपा की त्रिपुरा इकाई के अध्यक्ष माणिक साहा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। बाद में साहा ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा ने इस सीट पर देब को अपना उम्मीदवार बनाया था। देब ने उपचुनाव में जीत दर्ज की थी। इस अवसर पर उपसभापति हरिवंश, वी मुरलीधन, जितेंद्र सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी आदि मौजूद थे।

# भारत-अमेरिका के संबंधों को लेकर आश्वस्त हूं : विदेश मंत्री

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**भारत-अमेरिका** संबंधों को पिछले कुछ दशकों में आकार देने में अहम भूमिका निभाने वाले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि वह इस द्विपक्षीय संबंध को लेकर बहुत आश्वस्त हैं।

जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दोनों देशों के संबंधों के संदर्भ में किए गए एक सवाल के जवाब में कहा, मैं संबंधों को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। उन्होंने कहा, एक राजदूत के तौर पर अपने चार दशक के कार्यकाल में मैंने सबसे बड़ा बदलाव भारत-अमेरिका संबंधों में देखा है। जयशंकर ने कहा, आपका सवाल है कि मैं संबंधों को भविष्य में कहां देखता हूं। सच कहूं तो मैं आज अमेरिका को भारत जैसे देशों के साथ काफी सक्रिय रूप से काम करता देख रहा हूं, जो वास्तव में पारंपरिक गठबंधनों से परे सोच रहा है, जो संभावित या वास्तविक भागीदारों के साथ-साथ सामान्य आधार खोजने में बहुत प्रभावी रहा है। उन्होंने कहा कि इसका एक बेहतरीन उदाहरण क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा संवाद) है, जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत शामिल है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि करीब दो दशक पहले (15 साल पहले) हमने क्वाड का गठन करने की कोशिश की थी। तब यह मुमकिन नहीं हो पाया था, लेकिन अब यह काफी अच्छे से काम कर रहा है और पिछले दो साल में इसने काफी प्रगति की है।



### व्हाइट हाउस में सुलिवन से की मुलाकात यूक्रेन और हिंद-प्रशांत पर चर्चा

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से व्हाइट हाउस में मुलाकात की और भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने तथा एक मुक्त और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र विकसित करने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर चार दिन की आधिकारिक वाशिंगटन यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को सुलिवन के साथ यूक्रेन के मुद्दे पर भी चर्चा की। सुलिवन ने ट्वीट किया, आज भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की और भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत करने के प्रयास पर चर्चा की। इसके अलावा यूक्रेन में रूस के हमले के प्रभाव को कम करने और एक मुक्त, सुरक्षित तथा समृद्ध हिंद प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### बाल विवाह के प्रति राजस्थान के पांच हजार गांव होंगे जागरूक

जयपुर। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन राजस्थान में बाल विवाह रोकने के लिए पांच हजार गांवों में जन जागरूकता अभियान को आंदोलन के रूप में चलाएगा। फाउंडेशन के निदेशक राजीव भारद्वाज ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि उनका संगठन राजस्थान में बाल विवाह के मुद्दे पर आंदोलन के रूप में अब काम शुरू कर रहा है तथा इसे (बाल विवाह) रोकने के लिए पांच हजार गांवों में जन जागरूकता अभियान को आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत विषयक कार्यशाला का उद्देश्य बाल विवाह की पूर्ण समाप्ति की ओर कदम बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में बाल विवाह होते हैं, इस अभियान के तहत संगठन के कार्यकर्ता उन गांवों में जाएगें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में 10 कार्यकर्ता घर-घर में जाकर बाल विवाह को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे।

# भाजपा को सिर्फ सपा ही हरा सकती है : अखिलेश यादव

**एजेंसी।** लखनऊ



**पूर्व सीएम ने प्रांतीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा**

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि सपा द्वारा समाजवादियों और बहुजनवादियों के साथ गठबंधन के नतीजे भले ही अपेक्षा के अनुरूप न रहे हों, लेकिन इससे यह जाहिर हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सिर्फ सपा ही हरा सकती है।

यादव ने सपा के प्रांतीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा, 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादियों ने कोशिश की थी, ऐतिहासिक फैसला लिया था। देश के करोड़ों लोग सपना देख रहे थे कि बहुजन की ताकतें एक साथ एक मंच पर खड़ी हो जाएं, जो कभी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देखा था। वर्ष 2019 में समाजवादियों ने त्याग करके उस सपने को साकार करने की कोशिश की थी। समाजवादी लोग जो चाहते थे कि बड़ी जीत हासिल हो लेकिन जिस तरह के लोग सत्ता में हैं उन्होंने हर चीज का दुरुपयोग किया। उसके बाद दोबारा समाजवादियों ने मिलकर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा।

जो दल उस समय भाजपा को हटाने के लिए संघर्ष कर रहे थे उन सबको साथ लेकर हम लोगों ने एक मंच पर एक गठबंधन तैयार किया। हम जीत नहीं पाए, लेकिन मैं यह कह सकता हूं 2019 और 2022 के प्रयोग ने और जिस तरह से हमारे नेता और कार्यकर्ताओं ने काम किया। हम समाजवादी लोग जान गए हैं कि भाजपा का मुकाबला अगर कोई कर सकता है और कोई उसे हरा सकता है तो वह समाजवादी पार्टी है।

# बढ़ती गर्मी के चलते सूखे के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकता है भारत

**अनुसंधान**

**ब्रिटेन स्थित ईस्ट एंगलिया विवि ने किया दावा**

**ग्लोबल वॉर्मिंग का स्तर तीन डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने के आसार बताए**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**वैश्विक** तापमान में लगातार वृद्धि न सिर्फ भारत को गंभीर सूखे के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकती है, बल्कि दुनियाभर के लोगों और परिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा भी पैदा करती है। ब्रिटेन स्थित ईस्ट एंगलिया विश्वविद्यालय (यूईए) के हालिया अनुसंधान में यह दावा किया गया है।

अनुसंधानकर्ताओं ने पाया है कि तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की मामूली वृद्धि के भी भारत, चीन, इथोपिया, घाना, ब्राजील और मिस्र जैसे देशों के लिए गंभीर नतीजे होंगे। यह अनुसंधान जर्नल क्लाइमैटिक चेंज के हालिया अंक में प्रकाशित किया गया है। इसमें छह देशों में गंभीर सूखे की आशंका और उसकी संभावित अवधि पर जलवायु परिवर्तन के वैकल्पिक स्तरों के अनुमानित प्रभावों का आकलन किया गया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूईए) में जैव



विविधता और जलवायु परिवर्तन विषय के एसोसिएट प्रोफेसर जेफ प्राइस कहते हैं, जलवायु परिवर्तन से निपटने की मौजूदा प्रतिबद्धताएं, अनुसंधान में शामिल सभी देशों को प्रभावित करेंगी।

इन प्रतिबद्धताओं पर अमल के बावजूद ग्लोबल वॉर्मिंग का स्तर तीन डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहने के आसार हैं। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा, मिसाल के तौर पर, तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से इनमें से प्रत्एक देशों की 50 फीसदी से अधिक कृषि भूमि को अगले 30 वर्षों में गंभीर सूखे का सामना करना पड़ सकता है, जो एक साल से अधिक समय तक टिकेगा। मानक जनसंख्या अनुमान का इस्तेमाल कर अनुसंधानकर्ताओं ने आकलन किया है कि इस सूखे की चपेट में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथोपिया और घाना की 80 से 100 फीसदी आबादी आ सकती है।

# पूर्व विधानपरिषद सदस्य हाजी इकबाल की करोड़ों की सम्पत्ति हुई कुर्क

**एजेंसी।** सहारनपुर



**50 हजार के इनामी था इकबाल, 203 करोड़ की संपत्ति कुर्क**

**सहारनपुर** जिले के कथित खनन माफिया और पूर्व विधानपरिषद सदस्य एवं 50 हजार के इनामी हाजी इकबाल की करीब दो सौ करोड़ से ज्यादा की सम्पति पुलिस ने कुर्क कर ली। इस कार्यवाही के दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा ने बताया कि बुधवार को पुलिस बल और राजस्व विभाग की टीम ने मिर्जापुर में फरार हाजी इकबाल की आलीशान कोठी के साथ साथ सहारनपुर जिले में अलग अलग स्थानों पर 203 करोड़ रुपये की उनकी चल-अचल सम्पति को कुर्क कर लिया। टाडा ने बताया कि कुछ दिन पहले ही हाजी इकबाल की 148 सम्पतियों को चिन्हित किया गया था तथा मिर्जापुर में गैंगस्टर अधिनियम की धारा मे वांछित हाजी इकबाल एवं उनके अन्य साथियों के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट ने जब्तीकरण का आदेश जारी किया। उनके अनुसार इस आदेश के तहत यह जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। मंगलवार को हाजी इकबाल और उनके परिवार एवं साथियों के विरूद्ध पुलिस ने एक रिपोर्ट तैयार की जिसमें यह जिक्र था कि लगभग 148 सम्पतियां अवैध खनन से खरीदी गईं और ए हाजी इकबाल के नाम या बेनामी थीं।

उनके मुताबिक यह रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई थी। एसएसपी ने बताया कि जो 148 सम्पतियां जब्त की गई हैं, उनका बाजार मूल्य करीब 203 करोड़ है।

### उत्तर-पूर्वी चीन के रेस्तरां में आग, 17 की मौत

**बीजिंग।** उत्तर-पूर्वी चीन के चांगचुन शहर के एक रेस्तरां में बुधवार को लगी आग में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। चांगचुन न्यू एरिया औद्योगिक क्षेत्र की प्रबंधन समिति ने यह जानकारी दी। समिति ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में बताया कि बुधवार दोपहर 12.40 बजे चांगचुन न्यू एरिया औद्योगिक क्षेत्र के हाई-टेक इलाके में आग लगने की सूचना मिली। पोस्ट के मुताबिक, हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने की वजहों की जांच की जा रही है। चांगचुन चीन के जिलिन प्रांत की राजधानी है और इसे वाहन विनिर्माण केंद्र के रूप में जाना जाता है।

# पीएफआई प्रतिबंध : कांग्रेस, आईयूएमएल ने फैसले का किया स्वागत

## केरल के विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार से आरएसएस पर भी रोक लगाने की मांग उठाई

**एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** में विपक्षी दल कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने केंद्र के पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को प्रतिबंधित करने के फैसले का बुधवार को स्वागत किया, हालांकि साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी इसी तरह रोक लगाने की मांग की।

आईयूएमएल के वरिष्ठ नेता एमके मुनीर ने पीएफआई की गतिविधियों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कट्टरपंथी संगठन ने कुरान की गलत व्याख्या की और समुदाय के सदस्यों को हिंसा का रास्ता अपनाने के लिए उकसाया। कोझिकोड में उन्होंने कहा कि पीएफआई ने न केवल युवा पीढ़ी को बरगलाने की कोशिश की बल्कि समाज में विभाजन व नफरत पैदा करने की कोशिश की। विधायक ने कहा, राज्य के सभी मुस्लिम विद्वानों ने चरमपंथी विचारधाराओं की कड़ी निंदा की है। पीएफआई जैसे संगठनों ने छोटे-छोटे बच्चों से भी घृणाभरे नारे लगवाए। किस इस्लाम ने उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी?

उन्होंने कहा कि आईयूएमएल ने आरएसएस और पीएफआई-एसडीपीआई के कृत्यों की हमेशा निंदा की है। उन्होंने कहा कि संबंधित समुदायों को ऐसे संगठनों की सांप्रदायिक विचारधाराओं का विरोध करना चाहिए। वहीं कांग्रेस के नेता एवं राज्य के पूर्व गृह मंत्री रमेश चेनिथला ने कहा कि केंद्र का पीएफआई को प्रतिबंधित करने का फैसला बेहद अच्छा कदम है। उन्होंने कहा, आरएसएस पर भी इसी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

**पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया व संबद्ध कई अन्य संगठनों पर केंद्र सरकार ने लगाया पांच साल का प्रतिबंध**




### योगी बोले, देश की सुरक्षा को खतरा बने संगठन स्वीकार्य नहीं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर पाबंदी लगाए जाने का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उसके आनुषांगिक संगठनों पर लगाया गया प्रतिबंध सराहनीय एवं स्वागत योग्य है।

### अजमेर दरगाह के दीवान ने पीएफआई पर प्रतिबंध के फैसले को सही बताया

**जयपुर।** अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख जैनुल आबेदीन अली खान ने केंद्र सरकार द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कार्वाई कानून के अनुपालन और आतंकवाद की रोकथाम के लिए की गई है और सभी को इसका स्वागत करना चाहिए। खान ने कहा, देश सुरक्षित है तो हम सुरक्षित हैं, देश किसी भी संस्था या विचार से बड़ा है और अगर कोई इस देश को तोड़ने, यहां की एकता और संप्रभुता को तोड़ने की बात करता है, देश की शांति खराब करने की बात करता है, तो उसे इस देश में रहने का अधिकार नहीं है।

### महाराष्ट्र में कुछ गंभीर करने की साजिश रच रहा था पीएफआई : मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हिंसा के कई मामलों में कथित तौर पर शामिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को प्रतिबंधित करने के केंद्र सरकार के फैसले का बुधवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रकाश में आया है कि संगठन राज्य में कुछ गंभीर करने की साजिश रच रहा था।

# ईयू ने गैस पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त किए जाने का संदेह जाहिर किया

**एजेंसी।** ब्रसेल्स



**जवाबी कार्रवाई की दी चेतावनी**

**यूरोपीय** संघ (ईयू) के विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा कि संघ को संदेह है कि पानी के नीचे बनी दो प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया गया। उन्होंने इस संदर्भ में जवाबी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

ईयू के 27 सदस्य देशों की ओर से जारी एक बयान में बोरेल ने कहा, सभी उपलब्ध जानकारी व सबूत इस ओर इशारा करते हैं कि रिसाव जानबूझकर किए गए कृत्यों का परिणाम है। उन्होंने कहा, यूरोपीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे में जानबूझकर कोई भी व्यवधान डालने की कोशिश पूरी तरह से अस्वीकार्य है। एकजुटता से इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। भू-वैज्ञानिकों ने मंगलवार को बताया था कि बाल्टिक सागर में विस्फोटों से पहले रूस से जर्मनी तक जाने वाली पानी के नीचे बनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में रिसाव की जानकारी मिली है। कुछ यूरोपीय नेताओं व विशेषज्ञों ने इस कृत्य के लिए यूक्रेन में युद्ध के कारण रूस के साथ ऊर्जा गतिरोध को जिम्मेदार ठहराया है। नोर्ड स्ट्रीम ओक और दो पाइपलाइन में रिसाव के तीन मामले सामने आए, जो प्राकृतिक गैस से भरी हैं लेकिन यूरोप में ईंधन की आपूर्ति नहीं कर पा रहीं।

# ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी के बाहर श्रीकांत त्यागी के समर्थकों का प्रदर्शन, माहौल गरमाया

● भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बोले, पेड़ हटे बुलडोजर और तोड़े अवैध निर्माण तोड़ा जाएगा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** प्राधिकरण के 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद प्राधिकरण के 12 अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। इसमें छह अधिकारी नियोजन और 6 सर्किल अधिकारी शामिल रहे। इससे पहले सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सोसाइटी की एओए के साथ बैठक कर खुद अतिक्रमण तोड़ने के लिए कहा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जिन फ्लैटों में अवैध निर्माण है उनके ऑनर को घर-घर जाकर नक्शा दिखाकर बताया कि आपने कहा-कहा अतिरिक्त निर्माण किया है। उनसे कहा गया कि ये निर्माण वह खुद ही हटा ले।

अन्यथा शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण की टीम खुद अवैध निर्माण को तोड़ेगी और इसमें आने वाला खर्चा भी आपको वहन करना पड़ेगा। प्राधिकरण ने 2019 में ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में करीब 90 फ्लैट आवंटियों को नोटिस जारी किया था। इसी नोटिस को आधार बनाकर एसईओ ने आवंटियों को 48 घंटे का समय दिया था। प्राधिकरण के 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद से ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी के बाहर त्यागी समाज का प्रदर्शन लगातार जारी है।

भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगे राम त्यागी ने कहा कि यदि श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर लगे पेड़ों को हटाया जाता है तो प्राधिकरण अपना डंपर साथ लाए और बुलडोजर भी और सभी अवैध निर्माण को तोड़े। उनके अल्टीमेटम के आगे हम भी यही बैठे है।

बुधवार सुबह से ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी की मुख्य सड़क पर मांगे राम त्यागी समर्थकों के साथ सड़क पर बैठे है। वहां पर लगातार भीड़ बढ़ रही है। इसको देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बता दे मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के एसईओ प्रवीन मिश्रा ने सोसाइटी में अवैध निर्माण और श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर लगे पेड़ों हटाने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था।

जिसके बाद से लगातार प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन के दौरान अन्नु त्यागी रात करीब दो बजे तक सोसाइटी के बाहर चल रहे प्रदर्शन में शामिल रही। उन्होंने प्राधिकरण को पुलिस को पत्र भी लिखा। इसके बाद वह सोसाइटी में अपने घर चली गई। मंगलवार को ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में श्रीकांत के घर के बाहर पेड़ लगाए गए। ये पेड़ सोसाइटी में उसी जगह लगाए गए हैं, जहां से पहले उखाड़े गए थे। पेड़ प्राधिकरण ने लगाया है या सोसाइटी की तरफ से लगाए गए हैं, इसको लेकर किसी को भी जानकारी नहीं है। प्राधिकरण की ओएसडी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि सोसाइटी के अंदर पेड़ पौधे लगाने का काम प्राधिकरण का नहीं है।

यदि वहां पेड़ लगाए जा रहे है तो सोसाइटी के लोगों ने ही लगवाए होंगे। वहीं, सोसायटी प्रबंधन ने भी पेड़ लगवाने से इनकार किया है। अनु त्यागी का कहना है, क्या पेड़ लगाना अपराध है। अगर पेड़ लगाना अपराध नहीं है तो सोसाइटी वाले ऐसा क्यों कह रहे हैं और ऐसा कर रहे हैं तो पुलिस-प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है, उन्होंने पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

## जीडीए कूच पर निकले हाईटेक सिटी के किसान, पुलिस ने रोका

**गाजियाबाद।** हाईटेक सिटी के किसानों और प्रशासन के बीच आज खूब तनातनी रही। करीब 18 गांवों के किसानों ने भारतीय किसान संगठन एकता की अगुवाई में कई मांगों को लेकर जीडीए की ओर कूच किया। मगर, प्रशासन और पुलिस ने उन्हें वेव सिटी में ही रोक दिया। किसान जीडीए में धरना देना चाहते थे। वहीं, दूसरी ओर जीडीए पर प्रशासन ने कई सौ पुलिसकर्मी तैनात कर उसे छावनी में तब्दील कर दिया। वेव सिटी के किसानों के इस आंदोलन की अगुवाई संगठन के जिलाध्यक्ष प्रधान लोकेश नागर कर रहे है। उन्होंने बताया कि हम शांतिपूर्ण तरीके से वेव सिटी से जीडीए तक कूच करना चाह रहे थे। यहां किसान अपने ट्रैक्टर ट्रॉली आदि साधनों के जरिए कूच करने के लिए वेव सिटी आए थे, इसमें महिलाओं की भी बड़ी संख्या है। किसानों ने वेव सिटी से जीडीए के लिए, कूच शुरू किया, एसडीएम सदर विनय सिंह, कई सौ पुलिसकर्मी और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

# हिंडन एयरपोर्ट से जल्द अयोध्या के लिए उड़ान

● लखनऊ और प्रयागराज के लिए भी होगी हवाई सेवा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**एनसीआर** और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रहने वाले लोगों को जल्द ही बड़ा तोहफा मिलने वाला है, जो धार्मिक यात्राएं करते हैं। क्योंकि इसी साल हिंडन एयरपोर्ट से धार्मिक स्थलों के लिए हवाई सेवा शुरू होने वाली है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थल वाले शहरों के लिए अन्य एयरपोर्ट से भी विमान सेवा शुरू हो जाएगी। खासतौर से इसका पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। बताया जा रहा है कि विमान सेवा को बेहद सस्ती दरों पर शुरू किया जाएगा।

गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री जनरल वीके सिंह ने बताया कि इसी साल उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों वाले शहरों के लिए हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान शुरू कर दी जाएगी। जिसके बाद दिल्ली एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रहने वाले लोग आसानी से अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ के लिए हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए कवायद शुरू हो गई है। उम्मीद है कि इसी साल इन एयरपोर्ट से इन शहरों के लिए हवाई यात्रा शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा नासिक और कुशीनगर के लिए भी फ्लाइट प्रस्तावित है। जिसके बाद धार्मिक यात्रा करने के श्रद्धालु अपने धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर धर्म लाभ ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए प्रमुख धार्मिक और पर्यटक स्थलों की कनेक्टिविटी बेहतर किए जाने के प्रयास जारी हैं, जिसमें सड़क, रेल, हवाई और जलमार्ग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक छोटे शहरों के लिए सस्ती हवाई यात्रा शुरू करने के लिए देश भर में कुल 766 रूट निर्धारित किए गए हैं। इनमें तीन योजना के तहत 433 रूट पर हवाई यात्रा शुरू की जा चुकी हैं।

बाकी जगह के लिए भी जल्द ही हवाई यात्राएं शुरू कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि देश के करीब 70 एयरपोर्ट से लोग हवाई यात्रा का लाभ ले रहे हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हिमाचल, गुजरात और उत्तराखंड के शहरों को भी आपस में हवाई रूट से जोड़े जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में इसी साल हिंडन एयरपोर्ट से भी लखनऊ प्रयागराज और अयोध्या के लिए हवाई यात्रा शुरू हो जाएगी।

## गाड़ी में लालबत्ती लगाकर इंस्पेक्टर की वर्दी पहनी, लहराई पिस्टल, पहुंचा हवालात

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए युवक का वीडियो प्रसारित हुआ है। वीडियो नोएडा के सेक्टर-49 कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। यूजर ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कमिश्नरेट पुलिस से की है।

वीडियो का संज्ञान लेते हुए नोएडा पुलिस ने संबंधित कोतवाली पुलिस से वीडियो की जांच करने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्रसारित फोटो में आरोपी पुलिस की वर्दी में नजर आ रहा है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि प्रसारित वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान होशियारपुर के अशोक यादव के रूप में हुई है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आया है कि अशोक के पिता पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। पिता की वर्दी पहनकर अशोक ने वीडियो बनाया था। वीडियो में दिख रहा हथियार खिलौनानुमा है। उधर, नोएडा के सेक्टर-58 कोतवाली क्षेत्र में तैनात हेड कांस्टेबल बिशन मावी और कांस्टेबल पुष्पेंद्र को अपर पुलिस आयुक्त ने मंगलवार को लाइन हाजिर कर दिया।

## मासूम को कटवाने के लिए कुत्ते को दौड़ाया

● घटना सीसीटीवी में कैद, पिता ने दर्ज कराई शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के एक्सप्रेस गार्डन अपार्टमेंट में दो बच्चों की शैतानी से 6 साल का बच्चा डरा हुआ है। इन बच्चों ने उसके पीछे कुत्ता दौड़ा दिया। कुत्ते ने कई बार बच्चे को काटने का प्रयास किया, लेकिन सूझबूझ से वो बचकर भाग निकला। ये पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। जिसके बाद बच्चे के पिता ने शिकायत की है।

एक्सप्रेस-गार्डन अपार्टमेंट में कंसलटेंट हिमांशु चौहान परिवार सहित रहते हैं। उनका छह वर्षीय बेटा वेद चौहान मंगलवार रात 8.25 बजे सोसाइटी के गेट नंबर-2 पर खड़ा था। इस दौरान 12 वर्षीय बच्चा अपना पालतू डॉग को वहां घुमा रहा था। उसने वेद को डॉग से कटवाने का प्रयास किया। वेद सिक्योरिटी गार्ड की कुर्सी के पीछे जाकर बचने का प्रयास करता है। इतने में एक और बच्चा वहां आ गया। उसने वेद के दोनों हाथ पकड़ लिए और दूसरे बच्चे ने अपने डॉग को उसके ऊपर छोड़ दिया। कुत्ते ने वेद पर झपट्टा मारा। वेद जैसे-तैसे छूटकर थोड़ा दूर भाग जाता है। इसके बाद बच्चा अपना डॉग लेकर उसके पीछे भाग लेता है।

कुल मिलाकर मासूम वेद चौहान वहां से बचकर भाग निकलने में कामयाब हो जाता है। पिता हिमांशु चौहान ने बताया, मामले के बाद से उनका बेटा वेद बुरी तरह डरा हुआ है। रोजाना वो अपनी दादी के पास सोता है, लेकिन मंगलवार रात अपने मम्मी-पापा के पास सोया है। वो फ्लैट से नीचे आने में भी डर रहा है। हिमांशु ने बताया, इस मामले की शिकायत कर दी गई है। जो बच्चा डॉग को घुमा रहा था, उसके परिजनों ने सॉरी बोलकर पल्ला झाड़ लिया है। जबकि जिस दूसरे बच्चे ने वेद के हाथ पकड़े थे, उनके परिजनों ने कहा है कि वो वेद की मदद कर रहा था। हिमांशु ने बताया कि सोसाइटी में नियम है कि डॉग को घुमाते वक्त उसके मुंह पर मास्क लगाया जाए, लेकिन ऐसा नहीं था। उन्होंने पूरे मामले में सिक्योरिटी गार्ड से भी कड़ी आपत्ति जताई है। क्योंकि उस वक्त गार्ड कुर्सी पर बैठा देखता रहा, लेकिन उसने वेद को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया।

# यमुना नदी के जलस्तर में गिरावट मगर पानी खतरे के निशान से ऊपर

● अगले तीन दिनों में और पानी घटने का अनुमानः अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



हरियाणा द्वारा यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज से पानी का बहाव किए जाने के साथ ही दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान 206 मीटर से भी ऊपर जाने के बाद अब घटने लगा है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अगले दो से तीन दिन में यमुना का जलस्तर और कम होगा क्योंकि दिल्ली तथा नदी के जल संचय क्षेत्र में ज्यादा बारिश नहीं हो रही है।

दिल्ली में मंगलवार को यमुना में बाढ़ आ गई थी जिसके कारण निचले इलाकों में रहने वाले लगभग साढ़े छह हजार लोगों को निकालने के साथ ही पुराने यमुना पुल पर रेल यातायात निलंबित करना पड़ा था। नदी में सुबह सात बजे पानी का स्तर 206.59 मीटर तक बढ़ गया था जो कि खतरे के निशान (205.33 मीटर) से अधिक था और अगस्त 2019 के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर था। नदी में पानी का स्तर सुबह आठ बजे घटकर 206.58 मीटर रह गया।

इसके बाद अपराह्न तीन बजे यमुना के जलस्तर में और गिरावट आई तथा वह घटकर 206.41 मीटर पर आ गया। केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी एक पूर्वानुमान में कहा गया है कि रात नौ बजे तक जल स्तर गिरकर 206.05 मीटर तक जाने का अनुमान है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने नदी का जलस्तर सामान्य होने तक, निचले इलाकों में लोगों को उनके घरों में वापस जाने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में सिविल डिफेन्स कार्यकर्ताओं को तैनात किया है। दिल्ली के इन इलाकों में लगभग 37 हजार लोग रहते हैं।

## निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड से गिरकर मजदूर की मौत

**नोएडा।** सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव के पास बुधवार तड़के निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड पर काम करते समय मजदूर नीचे गिर गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि सूरज कुमार पुत्र सुभाष भारती बरौला गांव के पास निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड पर बुधवार सुबह निर्माण कार्य कर रहा था।

## आठ उद्योगों के प्लॉट पर अतिक्रमण ग्रेनो प्राधिकरण ने चलाया बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-10 के आठ उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए शीघ्र ही जमीन मिल जाएगी। इन भूखंडों पर अवैध कब्जे को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को हटा दिया है। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 7 ने करीब 21 हजार वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इसकी कीमत करीब 65 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने बताया कि इकोटेक .10 में 8 औद्योगिक भूखंडों पर अवैध कब्जा हो रखा था।

कालोनाइजर अवैध कालोनी व ईंट भट्टे द्वारा अवैध अतिक्रमण के कारण ये उद्यमी उद्योग नहीं लगा पा रहे थे।

# ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में तैनात रहे तीन बड़े अफसर समेत कई कर्मियों पर एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● पूरी राशि देने के बाद भी भूखंड नहीं देने का लगा आरोप

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में तैनात रहे 3 बड़े अधिकारियों समेत आधा दर्जन कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा गाजियाबाद के रहने वाले एक उद्यमी ने करवाया है। उद्यमी का आरोप है कि प्राधिकरण में तैनात रहे अधिकारियों ने पूरा पैसा लेने के बावजूद भी उनको उनका भूखंड नहीं दिया।

अधिकारियों ने उनके भूखंड की रजिस्ट्री होने के बावजूद भी जमीन नहीं दी। जिसके बाद उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे 3 बड़े अधिकारी समेत आधा दर्जन कर्मचारियों के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज करवाया है। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करवाया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित व्यक्ति ने 2008 में ग्रेटर नोएडा में भूखंड के लिए आवेदन किया था। व्यक्ति ने भूखंड संख्या-341 में 450 वर्ग मीटर उद्योग केंद्र प्रथम इकोटेक-3 में भूखंड आवंटित किया गया।

पीड़ित ने बताया कि 2019 में भूखंड की प्राधिकरण के द्वारा रजिस्ट्री की गई थी, लेकिन 14 साल बीत जाने के बावजूद भी अभी तक उनको जमीन नहीं मिली है। व्यक्ति का कहना है कि प्राधिकरण के 3 बड़े अधिकारियों ने सांठगांठ करके किसी और के नाम भूखंड कर दिया।

# खालसा हेल्प: महिला ने दिया बच्चे को जन्म

● प्रेग्नोकेयर कार्यक्रम के तहत गरीबों को लिया जाता है गोद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गर्भवती महिलाओं की पूर्ण सुरक्षा और सुरक्षित मातृत्व के लिए खालसा हेल्प इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे प्रेग्नोकेयर कार्यक्रम के तहत पहली महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। वर्तमान में खालसा हेल्प इंटरनेशनल ने 32 गर्भवती महिलाओं का जिम्मा लिया है।

इंदिरापुरम गुरुद्वारे में ऑक्सीजन लंगर के माध्यम से कोविड में हजारों लोगों की जान बचाने वाले खालसा हेल्प इंटरनेशनल की मेडिकल टीम के लिए बुधवार का दिन खास रहा। ऑक्सीजन मैन गुरप्रीत सिंह रम्मी ने बताया कि खालसा हेल्प इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे प्रेग्नोकेयर कार्यक्रम के तहत दो महीने की गरीब गर्भवती महिलाओं को गोद लिया जाता है। जिसके बाद गर्भवती की चिकित्सा स्वास्थ्य, परीक्षण और दवा का स्वामित्व लेती है। जरूरत पड़ने पर फूड सप्लीमेंट के लिए भी मदद दी जाती है। संगठन के डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि 23 वर्षीय मीनाक्षी ने जटिलताओं के बावजूद महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। डॉ. गौरव कुमार और रूपेंद्र सिंह ने महिला के अस्पताल में भर्ती से इलाज में मदद की।

खालसा हेल्प ओपीडी में एक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना गोयल ने प्रेग्नोकेयर कार्यक्रम के तहत गोद लेने की अवधि के दौरान इस रोगी की देखभाल की। हरजोत सिंह ने बताया कि खालसा हेल्प के प्रेग्नोकेयर प्रोग्राम के तहत गरीब महिलाओं को गोद लिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार



डायलिसिस यूनिट के उद्घाटन के मौके पर सांसद अनिल अग्रवाल व डॉक्टर्स।

### नवीन हास्पिटल में डायलिसिस व सीटी स्कैन का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-3 स्थित नवीन अस्पताल में बुधवार को राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने नवनिर्मित डायलिसिस यूनिट और फिजियोथेरेपी डिपार्टमेंट और सीटी स्कैन सेवा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नवीन अस्पताल समूह के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि हम मरीजों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसी दिशा में इन सेंटरों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नवीन अस्पताल के निदेशक धनंजय तेवतिया ने कहा कि आप सभी के सहयोग से सेवा की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर अशोक चौधरी, प्रियंका प्रियदर्शनी, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. संजीव जसूजा, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. नीरू पी. अग्रवाल, डॉ. हर्षा राज्यपाल, डॉ. गौरिका सिंघल, डॉ. ख्याति शर्मा, डॉ. अंकित त्यागी, पुष्पेंद्र यादव, बृजपाल यादव, डॉ. सुमित त्यागी, डॉ. तृप्तिता चक्रवर्ती आदि का विशेष योगदान रहा।

### बर्थडे पार्टी में हुड़दंग करते 21 लड़के गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** देश के पहले सबसे लंबे सिंगल पिलर एलिवेटेड रोड पर बर्थडे पार्टी के नाम पर हुड़दंग मचा रहे 21 लड़कों को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार, दिल्ली में जगतपुरी निवासी 21 वर्षीय अंश कोहली का आज बुधवार को बर्थडे है। बर्थडे पार्टी करने के लिए दिल्ली के 21 लड़के एलिवेटेड रोड पर वसुंधरा सेक्टर.13 के नजदीक मंगलवार रात इकट्ठा हुए थे। इन लड़कों ने अपनी गाड़ियां सड़क पर आड़ी-तिरछी खड़ी की हुई थीं। वे लाउड स्पीकर पर तेज आवाज में गाने बजाकर रास्ता रोक रहे थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बर्थडे बॉय अंश कोहली समेत 21 लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है।

### कुरियर कंपनी के कर्मचारी ने फंदा लगाकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित ईस्ट सफायर अपार्टमेंट के फ्लैट में बुधवार सुबह कुरियर कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ईस्ट सफायर अपार्टमेंट में 50 वर्षीय चयन मजमुदार परिवार के साथ रहते थे। वह सुबह करीब छह बजे अपने कमरे में थे। इसी बीच उन्होंने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजन कमरे के अंदर गए तो उनका शव पंखे से बंधे फंदे से लटका था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को उनके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह पिछले काफी समय से तनाव में थे।

### क्यूआर कोड के जरिए महिला और युवक से की ठगी

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने महिला और युवक से हजारों रुपये ठग लिए। आरोपियों ने मोबाइल ऐप और क्यूआर कोर्ड के जरिये जालसाजी की। मनोज गुप्ता ने पुलिस को शिकायत दी है कि उन्होंने अपने क्रेडिट कार्ड की स्टेटमेंट की जानकारी लेने के लिए इंटरनेट से बैंक का कस्टमर केयर नंबर सर्च कर उस पर बात की। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। स्टेटमेंट डाउनलोड करने के लिए उन्हें मोबाइल में एक ऐप इंस्टॉल करना होगा। इसके लिए उसने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेज दिया। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो उनका मोबाइल हैक हो गया। इसी बीच ठग ने उनके क्रेडिट कार्ड से 25,134 रुपये का ट्रांजेक्शन कर ली।

### निः शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर संपन्न

**नई दिल्ली।** कोविड महामारी में यूनानी चिकित्सा ने मरीजों के जीवन रक्षा और उनको स्वस्थ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह बात पूर्वी दिल्ली के ब्रजपुरी में आयोजित निःशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों ने कही। अखिल भारतीय यूनानी चिकित्सा के नेफ्रिस फार्मेसी विंग द्वारा आयोजित शिविर का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार, अध्यक्ष ईबीपीएमटी भारतीय चिकित्सा, दिल्ली सरकार ने किया।

# आनंद विहार से न्यू अशोक नगर के बीच डेढ़ किमी लंबी टनल का निर्माण पूरा

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर

## दिल्ली में चार स्टेशन हैं, जंगपुरा, सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आनंद विहार से न्यू अशोक नगर के बीच लंबी टनल

**दिल्ली**-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके तहत आनंद विहार से न्यू अशोक नगर के बीच 1.5 किलोमीटर लंबी टनल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। लगभग 90 मीटर लंबी यह सुदर्शन (टीबीएम) 3 किमी लंबी टनल का निर्माण करेगी, जिसमें से आधी दूरी के टनल के निर्माण कार्य इसने पूरा कर लिया है।

आरआरटीएस की कुल लंबाई 82 किमी है। जिसमें से 14 किमी का हिस्सा दिल्ली में है। राष्ट्रीय राजधानी में इस कॉरिडोर में चार स्टेशन हैं, जंगपुरा, सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार, जिनमें सिर्फ आनंद विहार स्टेशन भूमिगत है।

आनंद विहार स्टेशन से न्यू अशोक नगर के बीच अप-डॉउन के लिए दो टनल बनाने के लिए दो सुदर्शन (टीबीएम) कार्य कर रही हैं। इसमें से जहाँ पहली सुदर्शन, 4.1 ने अब तक 1.5 किमी टनल बोर की है, वहीं दूसरी सुदर्शन, 4.2 ने भी अब तक लगभग एक किलोमीटर टनल बोर कर ली है। टनल निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद इन दोनों सुदर्शन को बाहर निकालने के लिए रिट्रीविंग शाफ्ट न्यू अशोक नगर स्टेशन के पास बनाया गया है, जहां से कॉरिडोर भूमिगत से एलिवेटेड हो जाता है।

दूसरी ओर, आनंद विहार से साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश की तरफ करीब 2 किमी लंबी टनल बनाई जाएगी। जो वैशाली मेट्रो स्टेशन के सामने समाप्त होगी।

इसके निर्माण के लिए टनल बोरिंग मशीन कार्य कर रही है, और दूसरी मशीन असेम्बलिंग के अंतिम चरण में है जिसे जल्द ही टनल निर्माण के कार्य में लगा दिया जाएगा।

टीबीएम द्वारा टनल सेगमेंट्स की मदद से भूमि के भीतर टनल के रिंग बनाए जाते हैं। टनल रिंग बनाने के लिए आम तौर पर सात (7) टनल सेगमेंट्स का उपयोग किया जाता है। एनसीआरटीसी के कास्टिंग यार्ड में सुनिश्चित और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ टनल सेगमेंट्स का निर्माण किया जा रहा है। बड़े रोलिंग स्टॉक और 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के कारण आरआरटीएस की टनल को 6.5 मी. व्यास का बनाया जा रहा है। मेट्रो प्रणालियों की तुलना में देश में पहली बार इतने बड़े आकार की की टनल का निर्माण किया जा रहा है।

### हवा के लिए बनाए जाएंगे वेंटिलेशन डक्ट

**आरआरटीएस** के भूमिगत हिस्सों में ट्रेनों के आने-जाने के लिए समानान्तर अलग अलग, दो टनल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुरक्षा उपायों का भी प्रावधान भी किया गया है। किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए भूमिगत हिस्सों में लगभग हर 250 मीटर पर एक क्रॉस -पैसेज होगा। साथ ही, टनल में 60 सेमी-90 सेमी चौड़ा एक साइड वॉकवे भी होगा जो रखरखाव गतिविधियों में सहायता करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति में भी सहायता करेगा। टनल में हवा का आवागमन सुनिश्चित करने के लिए जगह जगह वेंटिलेशन डक्ट भी बनाए जाएंगे।

# मां कूष्मांडा की पूजा से होगी यश में वृद्धि



शारदीय नवरात्र का चौथा दिन जगत जननी के चतुर्थ स्वरूप को समर्पित होता है। देवी भागवत पुराण में बताया गया है कि इस दिन मां दुर्गा की मां कूष्मांडा के रूप में पूजा करनी चाहिए। देवी कूष्मांडा आदिशक्ति का चौथा स्वरूप हैं। पुराण में बताया गया है कि प्रलय से लेकर सृष्टि के आरंभ तक चारों ओर अंधकार ही अंधकार था और सृष्टि एकदम शून्य थी। तब आदिशक्ति के कूष्मांडा रूप ने अंडाकार रूप में ब्रह्मांड की रचना की।

## मां कूष्मांडा की उपासना से कष्ट होते हैं दूर

इस बार नवरात्रि के चतुर्थ दिवस नवदुर्गा के चौथे स्वरूप की उपासना की जा रही है। ज्योतिष के जानकारों की मानें तो देवी के इस स्वरूप की उपासना से इंसान जीवन के तमाम कष्टों से मुक्त हो सकता है। विशेषकर कुंडली के बुध से जुड़ी परेशानियां मां कुमांडा दूर करती हैं। आइए जानते हैं कि देवी के इस भव्य स्वरूप की महिमा क्या है...

## कूष्मांडा देवी कौन हैं?



ये नवदुर्गा का चौथा स्वरूप है। अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्मांडा पड़ा। ये अनाहत चक्र को नियंत्रित करती हैं। मां की आठ भुजाएं हैं इसलिए इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहते हैं। संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं और मां कूष्मांडा को कुम्हड़ा विशेष रूप से प्रिय है। ज्योतिष में मां कूष्मांडा का संबंध बुध ग्रह से है।

## क्या है देवी कूष्मांडा की पूजा विधि?

- हरे कपड़े पहनकर मां कूष्मांडा का पूजन करें।
- पूजन के दौरान मां को हरी इलाइची, सौंफ और कुम्हड़ा अर्पित करें।
- इसके बाद उनके मुख्य मंत्र कूष्मांडा देव्यै नमः का 108 बार जाप करें।
- चाहें तो सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का पाठ भी कर सकते हैं।



## मां कूष्मांडा का विशेष प्रसाद क्या है?

ज्योतिष के जानकारों की मानें तो मां को उनका उनका प्रिय भोग अर्पित करने से मां कूष्मांडा बहुत प्रसन्न होती हैं.... मां कूष्मांडा को मालपुए का भोग लगाएं। इसके बाद प्रसाद को किसी ब्राह्मण को दान कर दें और खुद भी खाएं। इससे बुद्धि का विकास होने के साथ-साथ निर्णय क्षमता भी अच्छी हो जाएगी।

# स्वाद और सेहत से भरपूर कच्चे केले की सब्जी

**केले को यूं तो लोग फल की तरह खाते हैं, लेकिन यह सब्जी की तरह खाने में भी बेहद स्वादिष्ट लगता है। केले की सब्जी बनाने के लिए आपको कच्चे केले की जरूरत होगी। खाने में लाजवाब यह सब्जी बनाने में बेहद ही आसान है। तो चलिए आज हम आपको कच्चे केले की सब्जी बनाने की रेसिपी के बारे में बता रहे हैं?**


### सामग्री

- आधा किलो कच्चे केले छीलकर काटे हुए
- धनिया पत्ती
- दो प्याज
- एक टमाटर की प्यूरी
- रिफाइंड
- एक कटोरी दही
- हल्दी
- धनिया पाउडर
- गरम मसाला
- नमक स्वादानुसार
- जीरा व अजवाइन
- अदरक-लहसुन पेस्ट
- लाल मिर्च
- हींग

### बनाने की विधि

**कच्चे** केले की सब्जी बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में ऑयल डालकर उसमें पहले कच्चे केले डालकर उसे हल्का सा लाइट ब्राउन होने दें। जब यह फ्राई हो जाएं तो आप इन्हें प्लेट में निकालें।

अब दोबारा कड़ाही में ऑयल डालें और फिर उसमें जीरा-अजवाइन डालें। अब आप इसमें अदरक-लहसुन, प्याज डालकर मिक्स करें। जब प्याज ब्राउन हो जाए तो आप इसमें लाल मिर्च, हल्दी, गरम मसाला, धनिया पाउडर डालकर एक बार फिर से चलाएं। जब यह अच्छी तरह मिक्स हो जाए तो इसमें दही डालकर चलाएं, अन्यथा इसके फटने का डर रहता है। अब इसमें टमाटर प्यूरी, हींग और नमक डालकर दो से तीन मिनट तक पकाएं। आखिर में इसमें केलों को डालकर एक बार फिर से मिक्स करें।



अगर आप कच्चे केले की सूखी सब्जी बनाना चाहती हैं तो यह पूरी तरह तैयार है। वहीं अगर आप रेशेदार सब्जी बनाना चाहती हैं तो आप इसमें पानी डालकर फिर से चलाएं। ध्यान रखें कि केले पानी बहुत अधिक पीते हैं, इसलिए अगर आपको सब्जी बनाने के काफी देर बाद खानी है तो आप इसमें पानी थोड़ा अधिक डालें और पकाएं। अंत में आप इसमें ताजा हरा धनिया डालें। आपकी सब्जी बनकर तैयार है। आप इसे रोटी या परांठे के साथ मजे लेकर खा सकती हैं।

# किन धातु के बर्तनों में बनाएं खाना

**क्या आप जानते हैं कि अलग-अलग तरह के बर्तनों की अपनी विशेषताएं होती हैं, और उनमें खाना पकाने पर उनके गुणों का असर भोजन में भी आ जाता है। हम आपको बता रहे हैं छह ऐसे बर्तनों के बारे में जिन्हें अधिकांश जगह भोजन पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।**

**पीतल :** पीतल के बर्तनों में सामान्यतः पुराने समय में ज्यादा खाना पकाना एवं खाया जाता था। यह नमक और अम्ल के साथ प्रतिक्रिया करता है, इसलिए खट्टी चीजों का या अधिक नमक वाली चीजों को इसमें पकाना या खाना नहीं चाहिए, अन्यथा फूड पॉइजनिंग हो सकती है।

**तांबा :** तांबे के बर्तनों का उपयोग भी पुराने जमाने से ही किया जाता रहा है, और यह भी पीतल की तरह ही अम्ल और नमक के साथ प्रतिक्रिया करता है। कई बार पकाए जा रहे भोजन में मौजूद ऑर्गेनिक एसिड बर्तनों के साथ प्रतिक्रिया कर ज्यादा कॉपर पैदा कर सकते हैं, जो नुकसानदायक हो सकता है।

**एल्युमीनियम :** इन बर्तनों का इस्तेमाल लगभग हर घर में होता ही है। गर्मी मिलने पर एल्युमीनियम के अणु जल्दी सक्रिय होते हैं और एल्युमीनियम जल्दी गर्म होता है। एल्युमीनियम के बर्तन में खाना पकाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। यह भी अम्ल के साथ बहुत जल्दी रासायनिक प्रतिक्रिया करता है, इसलिए इसमें खटाई या अम्लीय सब्जियों चीजों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

**स्टेनलेस स्टील :** स्टेनलेस स्टील का प्रयोग वर्तमान में काफी चलन में है। यह एक मिश्रित धातु है जो लोहे में कार्बन, क्रोमियम और निकल मिलाकर बनाई जाती है। इसमें खाना पकाने या बनाने में सेहत को कोई नुकसान नहीं होता। इन बर्तनों का तापमान बहुत जल्दी बढ़ता है।



**लोहा :** भोजन पकाने और खाने के लिए लोहे के बर्तनों का उपयोग हर तरह से फायदेमंद होता है। इन बर्तनों में पकाए गए भोजन में आयरन की मात्रा अपने आप बढ़ जाती है और आपको उसका भरपूर पोषण मिलता है। सामान्य तौर पर सभी को आयरन की आवश्यकता होता है, और महिलाओं को खास तौर से इसकी जरूरत होती है।

**नॉन स्टिक :** नॉन स्टिक का मतलब होता है, न चिपकने वाला। अर्थात ऐसे बर्तन जिनमें खाना चिपकता नहीं है और पकाने के लिए अधिक तेल या घी की आवश्यकता भी नहीं होती। लेकिन इन बर्तनों को अत्यधिक गर्म करने या फिर खरोंच लगने पर रसायन उत्सर्जित होते हैं जो हानिकारक हो सकते हैं।



# नाश्ते के लिए बेहतरीन सूजी की कचौड़ी

### सामग्री

तेल- 2 चम्मच, जीरा- 1 चम्मच, दरदरा धनिया- 1/2 चम्मच, सौंफ- 1/2 चम्मच, बारीक कटी मिर्च- 1, अदरक पेस्ट- 1/2 चम्मच, हल्दी- 1/4, चम्मच, कश्मीरी लाल मिर्च, पाउडर- 1/2 चम्मच, गरम मसाला पाउडर- 1/2 चम्मच, अमचूर पाउडर- 1/2 चम्मच, हींग- चुटकी भर, उबला और मैश्ड आलू- 2, नमक- 1/2 चम्मच, बारीक कटी धनिया पत्ती- 2 चम्मच।

**तैयार करने के लिए सामग्री**

पानी- आवश्यकता अनुसार
अजवाइन- 1/4 चम्मच
नमक- 1/4 चम्मच
तेल- 1 चम्मच, सूजी- 1 कप
तेल- आवश्यकतानुसार

### विधि

सबसे पहले आलू उबाल ले और फिर उबले हुए आलू को अच्छे तरीके से मैश कर लें। उसमें भरावन की सभी चीजें अच्छे से डालकर मिला लें। उसके बाद दो कप पानी उबाल लें। पानी में एक चौथाई चम्मच अजवाइन, एक चौथाई चम्मच नमक और एक चम्मच तेल डालें। जब पानी उबलने लगे तो उसमें धीरे-धीरे सूजी डालें। सूजी को पानी में डालकर अच्छे से पकाए और तब तक पकाए जब तक सूजी पूरी तरह से पक न जाए। सूजी पकने के बाद उसे ठंडा कर ले और अच्छे से गुंद लें।

उसके बाद हथेली में हल्का-सा तेल लगाएं और सूजी की छोटी-सी लोई काटकर उसे किनारों से दबाते हुए कप का आकार दें। बीच में थोड़ा सा आलू का मसाला डाल दें। सारी कचौड़ियां ऐसे ही तैयार कर लें। फिर गर्म तेल में कचौड़ियों को तलें।

# मुगलई दम अरबी

**अरबी को आपने सूखी और रसीली अरबी के तौर पर खाया होगा, लेकिन क्या आपने अरबी का मुगलई दम अरबी स्वाद चखें। नहीं तो हम आपको बताते हैं इसे बनाने की विधि।**

### सामग्री

अरबी- 500 ग्राम, इलायची- 1 लौंग- 4, धनिया पाउडर- 2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच, हल्दी पाउडर- 1 चम्मच, क्रीम- 1/4 कप, दही- 1/2 कप, नमक- स्वादानुसार , घी- आवश्यकतानुसार, सूखे मेवे- गार्निशिंग के लिए, पेस्ट बनाने के लिए, बारीक कटा प्याज- 2, खसखस- 2 चम्मच, काजू- 5, बारीक कटा अदरक- 1 चम्मच, बारीक कटा लहसुन-4 कलियां



### विधि

- अरबी को अच्छी तरह से धोकर उसका छिलका छील लें और बीच से काट दें।
- खसखस को गर्म पानी में भिगोएं और काजू को भी गुनगुने पानी में भिगो दें। कड़ाही में थोड़ा-सा घी गर्म करें और उसमें अरबी के टुकड़े डालें।
- सुनहरा व मुलायम होने तक पकाएं। टिश्यू पेपर पर निकालकर रख दें।
- उसी कड़ाही में एक चम्मच घी और गर्म करें। बारीक कटे प्याज को सुनहरा होने तक भून लें। गैस ऑफ करें।
- खसखस और काजू को पानी से निकालें।
- ग्राइंडर में प्याज, खसखस, काजू, अदरक, लहसुन व थोड़ा-सा पानी डालकर पीस लें। उसी कड़ाही में फिर से थोड़ा घी गर्म करें और हरी इलायची व लौंग डालें। कुछ सेकेंड बाद प्याज वाला पेस्ट कड़ाही में डालकर कुछ मिनट तक भूनें।
- अब दही, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और गर्म मसाला पाउडर डालकर लगातार चलाते हुए मसालों को पकाएं।
- भुनी हुई अरबी, नमक व क्रीम डालकर मिलाएं।
- जरूरत महसूस हो तो थोड़ा-सा पानी ग्रेवी को पतला करने के लिए डाल दें। कड़ाही को ढककर अरबी को धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकाएं।
- सूखे मेवे से गार्निश कर नान के साथ सर्व करें।

# काजू करी

**काजू करी आम पकवान है। लोग बड़े स्वाद से इसे खाते हैं, पर बहुत कम सब्जियों में ही काजू का उपयोग किया जाता है। काजू करी को भी काजू की ग्रेवी बनाकर ही पकाया जाता है। आइये स्वादिष्ट काजू करी बनाने की विधि जानते हैं**

### सामग्री

- 2 चम्मच बटर
- 1 चम्मच लहसुन-अदरक का पेस्ट
- 3 चम्मच प्याज का पेस्ट
- 2 चम्मच काजू का पेस्ट
- 1 चम्मच खसखस का पेस्ट
- 2 चम्मच नारियल का पेस्ट
- 2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 2 छोटे चम्मच गरम मसाला पाउडर
- 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- 3 चम्मच फ्रेश क्रीम
- 2 चम्मच दूध
- स्वादानुसार नमक
- जरुरत के मुताबिक खाने का तेल
- 1 कप काजू

### बनाने की विधि

- बर्तन में बटर डालकर गर्म करे और उसमे अदरक-लहसुन और प्याज का पेस्ट डालें। 3 मिनट तक मिश्रण को तलें। अब मिश्रण में काजू, खसखस और नारियल का पेस्ट डाले और तैयार मिश्रण को अच्छी तरह मिलाएं।
- बाद में उसमें लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और हल्दी पाउडर डालें। मिश्रण को अच्छी तरह मिलाएं। अब उसमें फ्रेश क्रीम, दूध और नमक मिलाएं। मिश्रण को अच्छी तरह मिलाएं और 2 मिनट तक तलते रहें और अलग रख दें।
- अब एक कढ़ाई में तलने के लिए तेल डालकर गर्म करें।
- फिर गर्म तेल में काजू को तलें और ग्रेवी तैयार करें। ग्रेवी को अच्छी तरह मिलाकर उसे परोसें।



काजू करी डिश तैयार है।

# घर में कुछ न हो तो बनाएं प्याज की स्वादिष्ट सब्जी

**कई** बार ऐसा होता है कि घर पर कोई सब्जी नहीं होती और बाजार जाकर सब्जी खरीदकर लाने का मन नहीं करता। इस स्थिति में अक्सर लोग अचार या चाय के साथ रोटी बनाकर खाते हैं। इससे पेट भले ही भर जाए, लेकिन वह स्वाद नहीं आता। अगर आप अपने खाने के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते तो प्याज की मदद से भी एक स्वादिष्ट सब्जी बना सकते हैं। प्याज हर वक्त घर में मौजूद होता ही है और इस तरह आप बिना कोई सब्जी होते हुए भी झटपट एक स्वादिष्ट सब्जी तैयार कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं प्याज की मदद से बनने वाली इस लाजवाब सब्जी के बारे में?

### सामग्री

- आधा किलो प्याज कटी हुई
- दो हरी मिर्च कटी हुई
- लाल मिर्च पाउडर
- धनिया पाउडर
- हल्दी पाउडर
- नमक
- एक बड़ा चम्मच सरसों का तेल



### विधि

प्याज की सब्जी बनाने के लिए पहले गैस ऑन करके उस पर कड़ाही रखें। जब यह गर्म हो जाए तो आप इसमें सरसों का तेल डालकर अच्छी तरह गर्म करें। जब तेल पक जाए तो इसमें हरी मिर्च डालकर चटकने दें। अब इसमें प्याज डालें। प्याज को बेहद आराम से तेल में डालें। अब इसे कड़छी की सहायता से मिक्स करें। जब प्याज थोड़ा सा ब्राउन हो जाए तो इसमें हल्दी पाउडर डालें। इसके बाद इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।

अगर आपका मसाला कड़ाही में चिपकने या जलने लगे तो आप इसमें जरा सा पानी भी डाल सकते हैं। अब आप मसालों को अच्छी तरह पकने दें। आखिर में भी आप इसमें थोड़ा सा पानी डालें और दो से तीन मिनट के लिए ढककर पकाएं। आपकी प्याज की सब्जी बनकर तैयार है।

आप इसे सर्विंग बाउल में निकालें और रोटी के साथ मजे लेकर खाएं।

***( नोटः प्याज को छीलने के बाद आप उसे पानी में भिगो दें। इससे प्याज काटते समय आंसू नहीं आएंगे और आप बेहद आसानी से प्याज को काट पाएंगे।)***

ईरानी कप के लिए शेष भारत की टीम घोषित

# रेस्ट ऑफ इंडिया का ऐलान, हनुमा विहारी को बना दिया कप्तान

**मुकाबला एक से पांच अक्टूबर तक खेला जाएगा**

एजेंसी। नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय सीनियर चयन समिति ने सौराष्ट्र के खिलाफ ईरानी कप 2022 मुकाबले के लिए बुधवार को शेष भारत की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसकी कमान भारत के टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज हनुमा विहारी को सौंपी गई है। रणजी ट्राफी 2019-20 चैंपियन सौराष्ट्र के खिलाफ यह मुकाबला राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में एक से पांच अक्टूबर तक खेला जाएगा। सौराष्ट्र के 2019-20 में रणजी चैंपियन बनने के बाद कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के कारण यह मुकाबला नहीं खेला जा सका था। इस टूर्नामेंट की तीन साल बाद वापसी हो रही है जिसे महामारी के कारण बंद कर दिया गया था।



### टीम इस प्रकार है

**शेष** भारत: हनुमा विहारी (कप्तान), मयंक अग्रवाल, प्रियांक पांचाल, अभिमन्यु ईश्वरन, यश ढुल, सरफराज खान, यशस्वी जायसवाल, केएस भारत, उपेंद्र यादव, जयंत यादव, सौरभ कुमार, आर साई किशोर, मुकेश कुमार, उमरान मलिक, कुलदीप सेन और अर्जन नागवासवाला।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार टीम में विहारी के अलावा मयंक अग्रवाल, प्रियांक पांचाल, अभिमन्यु ईश्वरन, यश ढुल, सरफराज खान, यशस्वी जायसवाल के रूप अनुभवी और युवा बल्लेबाजों का अच्छा मिश्रण है। विकेटकीपर के रूप में केएस भरत और उपेंद्र यादव को टीम में शामिल किया गया है। स्पिन विभाग में दारोमदार जयंत यादव, सौरभ कुमार और आरसाई किशोर पर होगा जबकि तेज गेंदबाज के रूप में टीम में मुकेश कुमार, उमरान मलिक, कुलदीप सेन और अर्जन नागवासवाल को शामिल किया गया है।

# नेशन्स लीग: पुर्तगाल को हराकर स्पेन अंतिम चार में

## पुर्तगाल ने 2019 में स्वेदश में प्रतियोगिता का पहला सत्र जीता था

एजेंसी। मैड्रिड

लुई एनरिके स्वेदश मे आलोचना झेलने के लिए तैयार थे। उन्हें पता था कि फुटबॉल विश्व कप के इतने करीब एक और निराशानक प्रदर्शन उनकी टीम और उनके काम पर सवाल खड़ा करेगा। लेकिन इसके बाद अंतिम लम्हों में दागे गए एक गोल ने सब कुछ बदल दिया और स्पेन की टीम फुटबॉल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खुशी और प्रशंसा के साथ उतरेगी।

स्पेन ने मंगलवार को 88वें मिनट में गोल दागकर पुर्तगाल के खिलाफ जीत के इंतजार को खत्म किया और नेशन्स लीग में अंतिम चार में जगह बनाई। स्पेन के कोच एनरिके ने कहा, फुटबॉल में सवाल हमेशा नतीजों का परिणाम होते हैं। अगर हम 85वें मिनट में हार गए होते तो यह कहा जाता कि सब कुछ एक त्रासदी थी। अब यह सब अलग है। अलवारों मोराटा के अंतिम मिनटों में दागे गोल से स्पेन ने 1-0 की जीत से ग्रुप ए2 में पुर्तगाल को पीछे छोड़ा और अगले साल जून में नीदरलैंड में खेले जाने वाले फाइनल्स में क्रोएशिया, इटली और नीदरलैंड के साथ जगह बनाई। पुर्तगाल ने 2019 में स्वेदश में प्रतियोगिता का पहला सत्र जीता था लेकिन तब से ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है।

पिछले सप्ताहांत स्विट्जरलैंड से 1-2 से हारने से पहले तक स्पेन की टीम ग्रुप में अच्छी स्थिति में थी। पुर्तगाल की टीम स्पेन की हार का फायदा उठाकर चेक गणराज्य पर 4-0 की जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गई थी। वर्ष 2003 में एक दोस्ताना मैच के बाद से स्पेन लगभग दो दशक तक पुर्तगाल के खिलाफ जीत हासिल नहीं कर पाया था। 1934 में विश्व कप क्वालीफाइंग में पुर्तगाल के खिलाफ 2-1 की जीत के बाद से स्पेन की इस टीम के खिलाफ विदेशी सरजमीं पर पहली प्रतिस्पर्धी जीत है।

पुर्तगाल और स्पेन पर लगातार जीत के बाद स्विट्जरलैंड ने चेक गणराज्य को स्वदेश में 2-1 से हराकर लीग बी में खिसकने के खतरे को टाला। लीग बी में नॉर्वे को अपने ग्रुप को जीतने के लिए सर्बिया के खिलाफ स्वदेश में ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।



### मैदान से रोते हुए बाहर गए रोनाल्डो



**मैदान** अलग थे और टूर्नामेंट भी। 37 साल के रोनाल्डो अपने होम ग्राउंड ब्रागा में पुर्तगाल के नेशंस लीग में शर्मनाक अंत का गम मना रहे थे। तो दूसरी ओर 35 साल के मेसी न्यू जर्सी में जमैका से अर्जेंटीना की जीत का जश्न। नेशंस लीग के लीग ए ग्रुप-2 में स्पेन ने पुर्तगाल को 1-0 से हराया। इस हार से दुखी रोनाल्डो रोते हुए मैदान से बाहर गए, क्योंकि उनकी टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई।





# उमेश, श्रेयस और शाहबाज को भारतीय टीम में मिली जगह

### मोहम्मद शमी कोविड-19 से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहे

एजेंसी। नई दिल्ली

**तेज** गेंदबाज उमेश यादव, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और हरफनमौला शाहबाज अहमद को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए बुधवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला में टीम से बाहर रहे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह तिरुवनंतपुरम में शुरुआती टी20 से पहले टीम से जुड़ गए हैं।

हरफनमौला खिलाड़ी दीपक हुड्डा पीठ में चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं जबकि हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार चोट से जुड़ी पुरानी समस्याओं से निपटने के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में रहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी विज्ञप्ति में सचिव जय शाह ने कहा, मोहम्मद शमी कोविड-19 से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहे हैं।

वह तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अखिल भारतीय चयन समिति ने उमेश को शमी के स्थान पर और श्रेयस अय्यर को हुड्डा की जगह टीम में शामिल किया है। इसके अलावा शाहबाज अहमद को भी टी20 टीम से जोड़ा गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम बुधवार को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के बाद दो अक्टूबर को गुवाहाटी और चार अक्टूबर को इंदौर में मैच खेलेगी।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम

**रोहित** शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, शाहबाज अहमद।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कप से पहले अमेरिका की चिंता बढ़ी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने फुटबॉल विश्व कप से पहले अपने अंतिम अभ्यास मैच में मंगलवार रात स्पेन के मुर्सिया में सऊदी अरब से गोल रहित ड्रॉ खेला। यह नतीजा अमेरिका के लिए गैर प्रभावशाली और चिंताजनक है। शुक्रवार को दुनिया की 24वें नंबर की टीम जापान के खिलाफ 2-0 की हार के दौरान गोल की तरफ कोई भी शॉट नहीं मार पाने के बाद अमेरिकी टीम 53वीं रैंकिंग वाले सऊद्दी अरब के खिलाफ सिर्फ दो बार ही ऐसा कर पाई। विश्व कप में जगह बनाने वाले देशों के खिलाफ पिछले सात मैच में अमेरिका की टीम सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है जबकि तीन मैच में उसे हार मिली और तीन ड्रॉ रहे।

### मेस्सी के दो गोल से अर्जेन्टीना ने जमैका को हराया

**हैरिसन।** लियोनेल मेस्सी के दो गोल की बदौलत अर्जेन्टीना ने फुटबॉल विश्व कप से पूर्व अपने अंतिम अभ्यास मैच में मंगलवार को यहां जमैका को 3-0 से हराया। मेस्सी ने दो गोल किए और इस दौरान दो बार प्रशंसक मैदान पर घुस आए। इस जीत से साथ अर्जेन्टीना का अजेय अभियान 35 मैच का हो गया है। टीम ने पिछले तीन साल में कोई मुकाबला नहीं गंवाया है। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने कहा, आपको मेस्सी का लुत्फ उठाना होगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका देश कौन सा है, हर कोई यही करता है। मैं उनका कोच हूं लेकिन मैं उन्हें देखने के लिए टिकट खरीदूंगा। जूलियन अल्वारेज ने 13वें मिनट में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। मेस्सी 56वें मिनट में मैदान पर उतरे और उन्होंने 86वें और 89वें मिनट में गोल दागकर अर्जेन्टीना की आसान जीत सुनिश्चित की। मेस्सी के 164 अंतरराष्ट्रीय मैच में 90 गोल हो गए हैं। उन्होंने करियर में 17वीं बार किसी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में एक से अधिक गोल किए।

### विश्व कप 2026 तक अर्जेन्टीना के कोच बने रहेंगे स्कालोनी

**हैरिसन।** लियोनल स्कालोनी 2026 विश्व कप तक अर्जेन्टीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच बने रहेंगे। अर्जेन्टीना फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष चिक्की तापिया ने इस साल के विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम के अंतिम अभ्यास मैच में जमैका के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद यह घोषणा की। तापिया ने कहा, हम राष्ट्रीय टीम से जुड़ी समग्र योजनाओं पर दांव लगाना जारी रखेंगे। विश्व कप 2018 के प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ अर्जेन्टीना की हार के बाद 44 साल के स्कालोनी ने जॉर्ज सैमपाओली की जगह ली थी। अर्जेन्टीना ने पिछले साल कोपा अमेरिका का खिताब जीता जो 1993 में कोपा अमेरिका के बाद उसका पहला बड़ा खिताब है। दो जुलाई 2019 को कोपा अमेरिका में ब्राजील के खिलाफ हार के बाद से अर्जेन्टीना 35 मैच से अजेय है।

### भारत को जीत के लिए दिया 107 रन का लक्ष्य

**तिरुवनंतपुरम।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टी-20 मुकाबला तिरुवनंतपुरम में खेला जा रहा है। बुधवार को टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। साउथ अफ्रीका की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 106 रन बनाए हैं। लक्ष्य के जवाब में उतरी टीम इंडिया को पहला झटका तीसरे ओवर में लगा। कप्तान रोहित शर्मा खाता खोले बिना ही रबाडा की गेंद पर आउट हो गए। खबर लिखे जाने तक छह ओवर के बाद स्कोर 17/1 का था। केएल राहुल और विराट कोहली क्रीज पर थे। केशव महाराज ने सबसे ज्यादा 35 बॉल का सामना किया और 41 रन बनाए। वहीं, पर्नेल के बल्ले से 24 निकले और मार्करम ने 25 रन की पारी खेली। मैच में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की। अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। वहीं, हर्षल पटेल और दीपक चाहर को 2-2 विकेट मिले। एक समय नौ रन तक ही पांच अफ्रीकी बल्लेबाज आउट हो गए थे।

### प्रणीत हारे, मीराबा और रूत्विका प्री क्वार्टर फाइनल में

**मिन्ह सिटी।** तोक्यो ओलंपिक खेल चुके बी साइ प्रणीत वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के ही रित्विक संजीवी सतीश कुमार के हाथों उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता प्रणीत को 21-17, 18-21, 13-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज में उपविजेता रहे सतीश कुमार का सामना अब मलेशिया के ओंग केन योन से होगा। पुरुष एकल में मीराबा लुवांग मेशाम ने मलेशिया के कोक जिंग होंग को 21-16, 18-21, 21-14 से हराया।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए

# शीर्ष खिलाड़ियों की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी



**मेजबान ऑस्ट्रेलिया की नजरें टी20 विश्व कप में अपने खिताब के बचाव पर टिकी हैं**

एजेंसी। मेलबर्न

**अनुभवी** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और तीन अन्य शीर्ष खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई ट्वेंटी20 टीम में वापसी करेंगे। मेजबान ऑस्ट्रेलिया की नजरें टी20 विश्व कप में अपने खिताब के बचाव पर टिकी हैं।

वार्नर के साथ ऑलराउंडर मिशेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस तथा तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की भी 16 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। ये सभी भारत के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला में नहीं खेले थे जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

अगले महीने शुरू होने वाले विश्व कप को देखते हुए वार्नर को भारत में हुई श्रृंखला से आराम दिया गया था जबकि मार्श (टखने), स्टोइनिस (मांसपेशियों में खिंचाव) और स्टार्क (घुटने) चोटों से उबर चुके हैं। भारत में कप्तान आरोन फिंच के साथ पारी का आगाज करने वाले ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक होने वाले विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल नहीं किए जाने के बावजूद इस श्रृंखला के लिए टीम में बरकरार रखा गया है।

### इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच 14 अक्टूबर तक होंगे

**क्रिकेट** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को बयान में कहा कि तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन और स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर एश्टन एगर पांच अक्टूबर को गोल्ड कोस्ट और दो दिन बाद ब्रिसबेन के गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले मुकाबलों में हिस्सा नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलिया अपना पहला विश्व कप मैच 22 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा। राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, हम विश्व कप के करीब होने कारण सतर्क रुख अपना रहे थे और अपनाते रहेंगे। बेली ने कहा कि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ अगली श्रृंखला के लिए एगर और रिचर्डसन की वापसी की उम्मीद है। इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच की श्रृंखला नौ से 14 अक्टूबर तक पर्थ और कैनबरा में होगी।

# नसीम अस्पताल में भर्ती, नहीं खेलेंगे इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टी20



**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह को गंभीर वायरल संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया जिससे वह बुधवार को लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। नसीम की पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए अंतिम एकादश में जगह लगभग पक्की थी लेकिन मंगलवार देर रात स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद इस युवा खिलाड़ी को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

वह हालांकि अब बेहतर महसूस कर रहे हैं, लेकिन सात मैचों की श्रृंखला के बाकी बचे मैचों में उनकी भागीदारी संदेह के घेरे में है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक बयान में कहा, उन्हें वायरल संक्रमण के कारण अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं।

बयान के मुताबिक, वह नहीं खेलेंगे और बाकी मैच खेलने के बारे में कोई फैसला चिकित्सा समिति की सलाह पर लिया जाएगा। टीम से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि उनकी डेंगू के लिए भी जांच हुई है और उसके नतीजे का इंतजार है।

### दिल्ली क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की दौड़ में सरनदीप और अभय

**नई दिल्ली।** भारत में घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होने में केवल कुछ सप्ताह ही बचे हैं और बड़े नामों के अभाव में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अपनी सीनियर टीम के लिए अभी तक मुख्य कोच को नियुक्त नहीं किया है।

डीडीसीए की परेशानी इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर सरनदीप सिंह और भारतीय महिला टीम के पूर्व क्षेत्र रक्षण कोच अभय शर्मा के अलावा इस पद के कोई बड़ा नाम नहीं है। समझा जा रहा है कि इन दोनों के अलावा कुछ और नाम इस दौड़ में लेकिन कोई भी जाना-पहचाना नाम नहीं है। डीडीसीए के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, देखिए, डीडीसीए ने मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं और यह बिल्कुल ठीक है। लेकिन अगर आप इस सूची में खुद को साबित कर चुके बड़े नामों को देखना चाहते है तो इसके लिए आपको (डीडीसीए) भी प्रयास करना होगा।

# खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन का समय बढ़ाया

## अब एक अक्टूबर तक कर सकेंगे अप्लाई

एजेंसी। नई दिल्ली

**खेल** मंत्रालय ने इस साल राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदान जमा कराने की समय सीमा में बुधवार को तीन दिन का इजाफा करते हुए इसे एक अक्टूबर तक कर दिया।

इससे पहले मंत्रालय ने आवेदन ऑनलाइन जमा कराने की अंतिम तारीख 27 सितंबर तय की थी। इस वर्ष से एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27 सितंबर, 2022 से बढ़ाकर एक अक्टूबर 2022 (शनिवार) कर दी गई है। बयान के अनुसार, पुरस्कार के लिए पात्र खिलाड़ियों, कोच, संस्थाओं और विश्वविद्यालयों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उन्हें समर्पित पोर्टल पर स्वयं ऑनलाइन आवेदन करना होगा।



बयान में कहा गया, भारतीय ओलंपिक संघ, भारतीय खेल प्राधिकरण, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ, खेल संवर्धन बोर्ड, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों आदि को भी तदनुसार सूचित किया जाता है। एक अक्टूबर, 2022 (शनिवार) के बाद मिलने वाले नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। खेल पुरस्कार हर साल खेलों में उत्कृष्टता प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत करने के लिए दिए जाते हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार किसी खिलाड़ी को चार साल की अवधि में खेल के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है जबकि अर्जुन पुरस्कार चार साल तक लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं को तैयार करने के लिए कोच को दिया जाता है जबकि ध्यानचंद पुरस्कार खेल विकास में आजीवन योगदान के लिए दिया जाता है।

### सूर्यकुमार ने टी20 रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान की बराबरी की

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा बुधवार को जारी टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक बार फिर करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के आखिरी मैच में 36 गेंद में 69 रन की मैच विजई पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार के नाम 801 रेटिंग अंक हो गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को दो रेटिंग अंकों से पछाड़ कर दूसरा स्थान हासिल किया। सूर्यकुमार की हैदराबाद में खेली गई इस दमदार पारी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम किया। वह हालांकि पहले भी दूसरे स्थान पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद यह मुकाम हासिल किया था।

# भारतीय अंडर-17 टीम ने ओमान को मैत्री मैच में 3-1 से हराया

## पहले हाफ की शुरुआत से ही भारत का दबदबा बनाने का प्रयास रहा

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** की अंडर-17 लड़कों की फुटबॉल टीम ने पेनल्टी पर दागे दो गोल की मदद से मस्कट में खेले गए मैत्री मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे ओमान को आसानी से 3-1 से हरा दिया।

सऊदी अरब के दम्माम में तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के तहत भारतीय टीम मंगलवार को ओमान के खिलाफ उतरी थी। गंगटे (10वें मिनट) ने पेनल्टी को गोल में बदल कर भारत को मैच में बढ़त दिलाई जिसके आठ मिनट बाद थोकचोम (18वें मिनट) ने मेहमान टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे हाफ में लालपेखलुआ (69वें मिनट) ने एक और पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत को 3-0 से आगे किया। मैच खत्म होने से कुछ मिनट पहले ओमान के लिए एकमात्र गोल अल्हैथम अलशुकैली ने किया।



पहले हाफ की शुरआत से ही भारतीय टीम ने दबदबा बनाने का प्रयास किया। सातवें मिनट में डैनी के पास पर लालपेखलुआ का शॉट गोल से कुछ दूर से बाहर निकल गया। तीन मिनट बाद भारत को पेनल्टी मिली।

गंगटे ने मोर्चा संभाला और भारत को बढ़त दिलाने में कोई गलती नहीं की। 18वें मिनट में थोकचोम ने गुइटे के पास पर बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने कुछ और मौके गंवाए लेकिन युवा खिलाड़ी अधिक गोल करने के लिए उत्साहित दिखे। मध्यांतर से पहले फ्री किक पर कोरौ का ताकतवर शॉट पोल से टकरा गया। दूसरे हाफ में भी बिबियानो फर्नांडिस की टीम शुरू से ही आक्रमण करने की रणनीति के साथ उतरी।

लालपेखलुआ ने इस पर गोल दागकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। ओमान के लिए 88वें मिनट में अलशुकैली ने फ्री किक पर एकमात्र गोल किया। तमीम अल्बुराकी को लाल कार्ड दिए जाने के बाद टीम को बाकी समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

### कोरौ सिंह विरोधी गोलकीपर की खूब परीक्षा ली

**भारत** को कुछ फ्री किक मिली लेकिन टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। गुइटे की फ्री किक को 48वें मिनट में विरोधी टीम ने नाकाम किया। कोरौ सिंह ने ओमान की रक्षापंक्ति को लगातार परेशान किया। उन्होंने अपने शॉट्स से विरोधी गोलकीपर की अच्छी परीक्षा ली। कोरौ के 61वें मिनट में लालपेखलुआ के क्रॉस पर गोल करने का मौका मिला लेकिन वह नाकाम रहे। नौ मिनट बाद तमीम अल्बुराकी ने बॉक्स के अंदर लालपेखलुआ के खिलाफ फाउल किया और भारत को एक और पेनल्टी मिली।